www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश — प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, सोमवार, 06 अप्रैल 2026 | कृष्ण पक्ष-चतुर्थी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-11 अंक- 345 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

'नक्सलियों से नागरिक तक: 15 की नई शुरुआत, आधार और वोटर कार्ड के साथ'

■ छत्तीसगढ़ की पुनर्वास नीति के तहत मुख्यधारा में लौटे दुर्दांत नक्सली

सोमेश लहरे

नवप्रदेश विशेष

खैरागढ़/नवप्रदेश। खैरागढ़ जिले में आत्मसमर्पण करने वाले 15 नक्सलियों के जीवन में अब बड़ा बदलाव आने वाला है। कभी जंगलों और बीहड़ों में दहशत का पर्याय रहे ये लोग अब मुख्यधारा में लौटकर सामान्य जीवन जीने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। प्रशासन ने इनके पुनर्वास की प्रक्रिया तेज कर दी है, ताकि ये समाज के साथ जुड़कर नई शुरुआत कर सकें। बिना पहचान जंगलों और बीहड़ों में अपना जीवन जीने वाले इन नक्सलियों का आधारकार्ड जैसा बड़ा पहचान भी बनाया जा रहा है।

जिले के बकरकट्टा थाना क्षेत्र में बस्तर सहित दक्षिण छग के 15 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सलवाद खत्म करने की डेडलाइन के पहले इन 15 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर सरकार की पुनर्वास नीति पर भरोसा जताया है। इनमें एक दंपति सहित कुल 8 महिलाएं और 7 पुरुष शामिल हैं। आत्मसमर्पण के बाद इन्हें आम नागरिकों की तरह जीवन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

> **सकारात्मक बदलाव आएगा**
>
> आत्मसमर्पित नक्सलियों का मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड बनाया जा रहा है। संबंधितों को उनके गृह जिले में भेजकर वहां भी पुनर्वास नीति की संपूर्ण व्यवस्था बनाई जाएगी। यह पहल इनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी
>
> - **लक्ष्य शर्मा**, एसपी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई

लाल आतंक का अंत: 300 से अधिक जनप्रतिनिधियों को दी गई विशेष सुरक्षा में तैनात जवान हटाए जाएंगे

■ बस्तर संभाग के 43 भाजपा नेताओं को हाल ही में विशेष कमांडो सुरक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। माओवादी हिंसा के खत्म होने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार अब बस्तर में सुरक्षा व्यवस्था की नए सिरे से समीक्षा कर रही है। वर्तमान में बस्तर क्षेत्र में लगभग 60 हजार सुरक्षा बल तैनात हैं, जो स्थिति सामान्य होने तक अगले एक वर्ष तक यथावत रहेंगे।

इन 60 हजार सुरक्षा बलों में से करीब 40 हजार केंद्रीय सुरक्षा बल हैं, जबकि शेष 20 हजार राज्य के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

वर्तमान सुरक्षा स्थिति

13	अति-विशिष्ट व्यक्तियों को जेड प्लस सुरक्षा
38	लोगों को जेड
35	को वाई प्लस
121	नेताओं को एक्स श्रेणी की सुरक्षा
43	भाजपा नेता को विशेष कमांडो सुरक्षा

राजनीतिक बयानबाजी तेज

इस मुद्दे पर सियासत भी तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सवाल उठाया है कि यदि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के अनुसार सशस्त्र माओवाद समाप्त हो चुका है तो अतिरिक्त सुरक्षा बलों की जरूरत क्यों है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने जवाब देते हुए कहा कि सरकार बस्तर में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा में कटौती

राज्य में 300 से अधिक जनप्रतिनिधियों को दी गई विशेष सुरक्षा में तैनात लगभग 1,200 अतिरिक्त जवानों को हटाने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। सरकार का उद्देश्य है कि सामान्य स्थिति में किसी को अतिरिक्त सुरक्षा की आवश्यकता न पड़े।

ऐसे तय होती है सुरक्षा की श्रेणी

राज्य में सुरक्षा का निर्धारण प्रोटेक्शन रिव्यू समूह की बैठक में होता है। रेंज के आइजी, संबंधित जिले के कलेक्टर और एसपी सुरक्षा की अनुशंसा करते हैं। गृह विभाग को प्रस्ताव भेजने के बाद खुफिया विभाग की रिपोर्ट के आधार पर सुरक्षा श्रेणी तय की जाती है।

आज बेबाक

जिसके हाथ में होगी लाठी भैंस वही ले जाएगा वाली कहावत वैसे तो बिहार के सन्दर्भ में ही याद आती है लेकिन यह बंगाल में अक्षरशः चरितार्थ होती है। इस बार भी हो रही है। वहां अभी से वोटरों को खुलेआम धमकाया जा रहा है कि टीएमसी के अलावा किसी और पार्टी को वोट दिया तो पूरे खानदान की खैर नहीं। यहां तक कि सात चुनाव अधिकारियों को बंधक तक बना लिया गया। ये सब तो ट्रेलर है, अभी तो पूरी हारर पिक्चर बाकी है। बकौल एक शायर - इब्तिदाए इश्क है रोता है क्या, आगे-आगे देख होता है क्या...।

छत्तीसगढ़ में पहली बार मिला 'हाई-टेक' हाइड्रोपोनिक गांजा

भिलाई/नवप्रदेश। दुर्ग जिले में पुलिस ने 2 युवकों को गांजा और हाइड्रोपोनिक गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि प्रदेश में पहली बार इस तरह का हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त किया गया है। दोनों युवक हाई-टेक तरीके से उगाया गया हाइड्रोपोनिक गांजा बेच रहे थे।

सरकारी निर्माण कार्य ठप होने की कगार पर, छत्तीसगढ़ कांट्रैक्टर्स एसोसिएशन को सरकार से उम्मीद

युद्ध का असर: डामर, सीमेंट, प्लास्टिक रॉ मटेरियल महंगे, कई काम अधर में लटके

रायपुर/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय तनाव और युद्ध की स्थिति का असर अब सीधे निर्माण क्षेत्र पर दिखाई देने लगा है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के चलते निर्माण सामग्रियों के दाम में भारी उछाल आया है, जिससे छत्तीसगढ़ में सरकारी प्रोजेक्ट संकट में पड़ गए हैं। कई जगह काम धीमा हो गया है, जबकि कुछ परियोजनाएं ठप होने के कगार पर हैं। डामर के अलावा बिटुमिन, इमल्शन की कीमतों में भी 25 प्रतिशत तक वृद्धि हो चुकी है।

डामर और टाइल्स की किल्लत: ठेकेदारों के अनुसार डामर क्रूड ऑयल से बनता है, जिसकी कीमत में भारी उछाल आया है। इसके अलावा गैस की कमी के कारण टाइल्स की भी किल्लत बनी हुई है। इससे सड़क निर्माण और भवन निर्माण दोनों प्रभावित हो रहे हैं। गर्मी के मौसम में जहां ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कीमतों में तेज बढ़ोतरी

- **स्टील:** 5500 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़कर 6500 रुपए
- **सीमेंट:** 260 रुपए प्रति बोरी से बढ़कर 290 रुपए
- **डामर:** 50 हजार रुपए प्रति टन से बढ़कर 84 हजार रुपए
- **एल्युमिनियम पार्ट:** 320 रुपए प्रति किलो से बढ़कर 435 रुपए
- **गिट्टी:** 22 रुपए प्रति फीट से बढ़कर 40-42 रुपए

> **काम बंद करने की चेतावनी**
>
> बढ़ती लागत के कारण ठेकेदारों के लिए काम करना मुश्किल हो गया है। डामर का पर्याप्त स्टॉक नहीं मिल रहा है। ऐसे में एसोसिएशन ने 10 अप्रैल को कोर कमेटी की बैठक बुलाई है, जिसमें निर्माण कार्य बंद करने पर फैसला लिया जा सकता है।
>
> - **बीरेश शुक्ला**, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ कांट्रैक्टर्स एसोसिएशन

ट्रम्प ने ईरान को बास्टर्ड कहा, धमकी दी होर्मुज खोलो, नहीं तो नरक बना दूंगा

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को बास्टर्ड कहते हुए होर्मुज स्ट्रेट नहीं खोलने पर बड़ा हमला करने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने होर्मुज नहीं खोला तो वो उसे नरक बना देंगे। इसके साथ ही उन्होंने ईरान में पावर प्लांट और पुलों पर हमला करने की बात कही। ट्रम्प ने रविवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान में मंगलवार को पावर प्लांट डे और ब्रिज डे एक साथ होगा यानी हमला होगा। ईरान होर्मुज स्ट्रेट खोले दे, नहीं तो नरक जैसे हालात में पहुंच जाएगा। अमेरिका ने इससे पहले गुरुवार को ईरान की राजधानी तेहरान को कराज शहर से जोड़ने वाले बीवी हाईवे ब्रिज पर हमला किया था।

> **ईरान ने ट्रम्प का 48 घंटे का अल्टीमेटम ठुकराया**
>
> ईरान ने ट्रम्प के 48 घंटे में होर्मुज खोलने के अल्टीमेटम को ठुकरा दिया है। ईरानी सेना ने कहा है कि अमेरिका बेबस और घबराकर धमकियां दे रहा है। ट्रम्प ने ईरान को होर्मुज खोलने या समझौता करने का अल्टीमेटम दिया था। उन्होंने कहा था कि समय खत्म हो रहा है और ऐसा नहीं होने पर ईरान के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाकर तबाह कर दिया जाएगा।

जीएसटी से बच रहे डेढ़ लाख व्यापारी, 10 अप्रैल के बाद नोटिस जारी करेगा विभाग

■ 3.5 लाख कारोबारियों को जीएसटी के दायरे में होना चाहिए, लेकिन फिलहाल लगभग 2 लाख ही पंजीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में टैक्स चोरी पर रोक लगाने के लिए राज्य जीएसटी विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। विभागीय सर्वे में सामने आया है कि जीएसटी के दायरे में आने वाले करीब डेढ़ लाख व्यापारी और सेवा प्रदाता अब तक पंजीयन नहीं करा पाए हैं। ऐसे में विभाग ने 10 अप्रैल के बाद अपंजीकृत कारोबारियों को नोटिस जारी करने की तैयारी कर ली है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के नियमों के अनुसार, जिन व्यापारियों का सालाना टर्नओवर 40 लाख रुपए से अधिक और सेवा क्षेत्र में 20 लाख रुपए से ज्यादा आय है, उनके लिए जीएसटी पंजीकरण अनिवार्य है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में करीब 3.5 लाख कारोबारियों को जीएसटी के दायरे में होना चाहिए, लेकिन फिलहाल लगभग 2 लाख ही पंजीकृत हैं।

बिजली खपत और बैंक डेटा से होगी जांच: विभाग ने अपंजीकृत कारोबारियों की पहचान के लिए बैंकों और बिजली कंपनी से डेटा जुटाना शुरू कर दिया है। जिन क्षेत्रों में बिजली खपत अचानक बढ़ी है, वहां संचालित फैक्ट्रियों, उद्योगों और व्यवसायों की जांच की जाएगी। उनके टर्नओवर और वास्तविक कारोबार का आकलन किया जाएगा।

कोयला और ट्रांसपोर्ट सेक्टर पर खास नजर: जीएसटी अधिकारियों के अनुसार कोयला और ट्रांसपोर्टिंग सेक्टर में सबसे ज्यादा गड़बड़ी सामने आ रही है। इन क्षेत्रों में कई बड़े कारोबारी बिना बिल के कारोबार कर रहे हैं, जिससे राजस्व को नुकसान हो रहा है।

जीएसटी नंबर डिस्प्ले नहीं करने पर जुर्माना: पंजीकरण के बाद कारोबारियों को अपने प्रतिष्ठान के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

टीएमसी के पापों का घड़ा भर चुका: मोदी

■ एक खास मजहब के लोग, बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे

कोलकाता/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में चुनावी सभा में कहा कि टीएमसी के पापों का घड़ा भर चुका है और अब जनता बदलाव चाहती है। चुनाव के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी, चुन-चुनकर हिसाब लिया जाएगा।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा- 1905 में मजहबी ताकतों ने बंगाल में लाल इश्तेहार जारी किया था, जिसके बाद हिंदुओं का नरसंहार हुआ था। टीएमसी उसी की याद दिलाना चाहती है। एक खास मजहब के लोग बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में लोकतंत्र कमजोर हुआ है। संवैधानिक संस्थाओं की अनदेखी की जा रही है।

> **नरेंद्र मोदी के भाषण की कुछ बड़ी बातें**
>
>
>
> एक ओर टीएमसी के करप्शन का भय है तो दूसरी तरफ विकास को रफ्तार देने वाली भाजपा का भरोसा है। एक ओर टीएमसी के घुसपैठ कराने का भय है तो दूसरी ओर घुसपैठियों को भगाने वाली भाजपा पर भरोसा है। तृणमूल कांग्रेस की सरकार में बंगाल की डेमोग्राफी में भयंकर बदलाव आया है। इन घुसपैठियों को टीएमसी का समर्थन है। हमारी सरकार उन्हें चुन-चुनकर बाहर कर रही है।

अंबिकापुर में स्कॉर्पियो ने 4 महिलाओं को कुचला, 3 मौतें

सरगुजा/नवप्रदेश। अंबिकापुर में तेज रफ्तार स्कार्पियो ने 4 महिलाओं को कुचल दिया, हादसे में 3 महिलाओं की जान चली गई। हादसा रविवार शाम भिट्ठीकला में हुआ है। महिलाएं सब्जी खरीदकर बाजार से लौट रही थी, तभी अचानक सामने से आई बेकाबू स्कॉर्पियो उन्हें रौंदते हुए आगे निकल गई। मामला मणिपुर थाना क्षेत्र का है। घायल महिला का अस्पताल में इलाज जारी है। घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने गाड़ी के ड्राइवर को खूब पीटा और हाईवे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया।

बस्तर में रोमांच, संस्कृति और पर्यटन का अद्भुत संगम

■ देशभर के राइडर्स का जगदलपुर में जमावड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर की धरती एक बार फिर रोमांच, ऊर्जा और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर नजर आई, जब बस्तर राइडर्स मीट-2026 का भव्य आयोजन गरुड़ा राइडर क्लब के तत्वावधान में किया गया। देश के विभिन्न राज्यों से आए बाइकर्स और एडवेंचर प्रेमियों ने इस आयोजन को यादगार बना दिया।

इस आयोजन में बाइक स्टंट्स, राइडिंग शो और एडवेंचर एक्टिविटीज ने युवाओं में जबरदस्त उत्साह भर दिया। राइडर्स ने अपनी बेहतरीन स्किल्स का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। जहां एक ओर एडवेंचर का जोश था, वहीं दूसरी ओर बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत भी पूरे शबाब पर दिखी। लोकनृत्य, संगीत और पारंपरिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। यह आयोजन आधुनिकता और परंपरा का बेहतरीन संगम बनकर उभरा।

कार्यक्रम में उन प्रभावशाली व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने बस्तर की पहचान को सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसमें इन्फ्लुएंसर्स, कलाकार, लेखक और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा होटल एम्बिशन में विशेष स्टॉल लगाया गया, जहां बस्तर के प्रमुख पर्यटन स्थलों, संस्कृति और स्थानीय उत्पादों की जानकारी दी गई। यह पहल राज्य सरकार की उस सोच को दर्शाती है, जिसके तहत स्थानीय पर्यटन को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार लगातार बस्तर जैसे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

उपलब्धि: सीएम विष्णुदेव साय की पारदर्शी प्रबंधन और तकनीकी नवाचार से हासिल हुई सफलता

खनिज राजस्व में 14% की उछाल, 16,625 करोड़ मिला राजस्व

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा खनिज क्षेत्र में पारदर्शिता, तकनीकी नवाचार और सुदृढ़ प्रबंधन को प्राथमिकता देते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है।

खनिज विभाग के सचिव पी दयानंद ने बताया कि छत्तीसगढ़ ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में ?16,625 करोड़ का खनिज राजस्व अर्जित कर लक्ष्य का 98 प्रतिशत प्राप्त किया है, जो सुशासन, प्रभावी नीति क्रियान्वयन और मजबूत निगरानी व्यवस्था का प्रत्यक्ष परिणाम है।यह उपलब्धि न केवल प्रभावी प्रशासनिक रणनीति का परिणाम है, बल्कि राज्य की खनिज आधारित अर्थव्यवस्था की मजबूती को भी दर्शाती है।

इस वर्ष खनिज राजस्व में 14 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज की गई है, जो पिछले पांच वर्षों की औसत वार्षिक वृद्धि दर 6 प्रतिशत से दोगुनी से अधिक है। यह वृद्धि राज्य शासन द्वारा अपनाए गए सुधारात्मक और तकनीकी उपायों की सफलता को रेखांकित करती है। खनिज राजस्व में इस वृद्धि के प्रमुख कारकों में एनएमडीसी तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

> **राज्य की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी: साय**
>
>
>
> छत्तीसगढ़ सरकार का उद्देश्य खनिज संसाधनों के प्रबंधन में पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए राजस्व में सतत वृद्धि करना है। इन प्रयासों से न केवल राज्य की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि विकास कार्यों के लिए संसाधनों की उपलब्धता भी सुनिश्चित होगी।
>
> - **विष्णु देव साय**, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़

जगदलपुर में महसूस किए गए भूकंप के झटके, दहशत में लोग घरों से निकले

■ रिक्टर स्केल में 4.4 रही तीव्रता, ओडिशा का कोरापुट में रहा केंद्र

रायपुरा/नवप्रदेश। शनिवार की देर रात भूकंप के झटको से बस्तर के लोग दहशत में आ गए। आधी रात पर 4.4 तीव्रता की भूकंप के झटके बस्तर संभाग मुख्यालय में महसूस किए गए। जगदलपुर मुख्य शहर और आडावाल में लोगों ने इस कंपन को सीधी तौर पर महसूस किया। कई लोग अपने घरों से बाहर भी निकल आए पर यह समय इतना कम था कि लोगों को रिएक्ट करने का मौका नहीं मिला। सीस्मोलॉजी सेंटर रिपोर्ट के अनुसार भूकंप का केंद्र ओड़िशा के कोरापुट में रहा, जो बस्तर संभाग मुख्यालय से करीब 80 किलोमीटर की दूरी पर है जिसके कारण इसका असर बस्तर में भी महसूस किया गया। भूकंप मॉनिटरिंग ऐप से मिले डाटा के अनुसार इस भूकंप की तीव्रता तीव्रता 4.4 मापी गई है और इसका केंद्र जमीन से 5 किलोमीटर भीतर था, इस वजह से झटका काफी हल्के महसूस किए गए। अब तक भूकंप के कम्पन की वजह से किसी भी तरह के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

एक साल पहले भी आया था भूकंप: गौरतलब है कि, 10 साल पहले तक बस्तर कोरापुट सहित आसपास के क्षेत्र को भूकंप मुक्त जोन की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

संकल्प राष्ट्र सेवा का...
कल, आज और कल...
मान. संजय विनायक जोशी जी
को जन्मदिन एवं
भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
6 अप्रैल
संजय विनायक जोशी
पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री
भाजपा
राजिव लोचन श्रीवास्तव
भाजपा
विष्णु अग्रवाल
भाजपा
सबका साथ- सबका विकास...

छत्तीसगढ़ में मौसम का 'यू-टर्न': ओलावृष्टि और गरज-चमक के साथ वर्षा की संभावना

बिलासपुर/नवप्रदेश। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि छत्तीसगढ़ में आगामी दिनों में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। पश्चिमी विक्षोभ और ऊपरी हवा के परिसंचरण के कारण प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा होने के साथ गरज-चमक और ओलावृष्टि की संभावना है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में मध्य पाकिस्तान और उससे लगे पंजाब के ऊपर 3.1 से 4.5 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके साथ ही मध्य क्षोभमंडल में द्रोणिका के रूप में भी असर देखा जा रहा है, जो अक्षांश 28 डिग्री उत्तर और देशांतर 71 डिग्री पूर्व में स्थित है। इसी द्रोणिका के कारण गंगेटिक पश्चिम बंगाल से तेलंगाना तक छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किमी ऊंचाई तक प्रभाव डाला जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और तटीय आंध्र प्रदेश के दक्षिण में भी ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 1.5 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। इन सभी परिसंचरणों के मिलेजुले असर से प्रदेश में आगामी दिनों में मौसम अस्थिर रहने की संभावना है।मौसम विभाग ने बताया कि 6 अप्रैल को प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है, जबकि कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने का अनुमान है। इसके साथ ही प्रदेश के एक-दो क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात और ओलावृष्टि की चेतावनी भी जारी की गई है। ओलावृष्टि का मुख्य प्रभाव मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ पर देखने को मिल सकता है।विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट संभावित है। 6 और 7 अप्रैल को

प्रदेश के सभी संभागों में वर्षा की संभावना है, जबकि 8 अप्रैल को मुख्य रूप से दक्षिण छत्तीसगढ़ में वर्षा की संभावना अधिक है। यह मौसम बदलाव किसानों के लिए खासकर फसलों और बाग-बगानों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।वर्षा के दौरान बिजली गिरने और ओलावृष्टि के कारण सावधानी बरतने की भी चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है। स्थानीय प्रशासन और नागरिकों से अपील की गई है कि वे सुरक्षित स्थानों पर रहें और ओलावृष्टि तथा वज्रपात के समय घर या सुरक्षित स्थान से बाहर न निकलें।

अगले 3 दिनों का पूर्वानुमान

6 अप्रैल: प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर अंधड़ (तेज हवाएं), वज्रपात (बिजली गिरना) और ओलावृष्टि की प्रबल संभावना है।

7 अप्रैल: प्रदेश के सभी संभागों (रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा और बस्तर) में वर्षा की गतिविधियां जारी रहने की उम्मीद है।

किसानों और आम जनजीवन पर असर

अप्रैल के महीने में अचानक हो रही इस ओलावृष्टि और बारिश से रबी की फसलों और फल-सब्जियों की खेती को नुकसान पहुंचने की आशंका है। खासकर आम की फसल और खुले में रखी धान के लिए यह मौसम चिंताजनक हो सकता है। मौसम विभाग ने सलाह दी है कि अंधड़ और बिजली चमकने के दौरान सुरक्षित स्थानों पर शरण लें। 6 और 7 अप्रैल को प्रदेश के लगभग सभी जिलों में बादलों की आवाजाही और रुक-रुक कर बारिश होने से मौसम सुहाना बना रहेगा, जिससे तपती दोपहर से जूझ रहे छत्तीसगढ़ वासियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। ओलावृष्टि का मुख्य प्रभाव मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ (बिलासपुर, रायपुर और सरगुजा संभाग के जिले) में देखने को मिल सकता है।ओलावृष्टि के कारण प्रदेश के अधिकतम तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आएगी, जिससे लोगों को लू और गर्मी से राहत मिलेगी। गरज-चमक के समय ऊंचे पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

न्यूज गैलरी

हाईकोर्ट रोस्टर में बदलाव, 8 अप्रैल से लागू होगा नया रोस्टर

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट में आगामी 8 अप्रैल से रोस्टर में बदलाव किया जा रहा है, अब यहाँ तीन डिवीजन बेंचों के अलावा तेरह सिंगल बेंचों में नियमित सुनवाई की जाएगी। पहली डीबी में चीफ जस्टिस व जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल सभी जनहित याचिकाओं , हेबियस कार्पस पिटीशन, 2020 तक की क्रिमिनल अपील, अवमानना याचिका क्रिमिनल, सेक्शन 482 के तहत आवेदन, 419, 378 पर सुनवाई करेंगे। दूसरी डीबी में जस्टिस संजय के अग्रवाल और जस्टिस सचिन सिंह राजपूत सभी सिविल मामले , कंपनी अपील टेक्स मामले , अल्ट्रा वायरस मामले 2022 तक सुनेंगे। यह डिवीजन बेंच मामलों का कमर्शियल अपीलेट भी रहेगा। जस्टिस संजय अग्रवाल और जस्टिस एन के व्यास तीसरी डीबी उन क्रिमिनल मामलों को देखेगी जो किसी डीबी को नहीं दिए गये हैं। 2016 तक की इक्विटल अपील और 2022 तक के अल्ट्रा वायरस मामलों पर भी यही बेंच सुनवाई करेगी। इसके अलावा चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की स्पेशल सिंगल बेंच समेत कुल 13 सिंगल बेंच निर्धारित कि गईं हैं।

हटिया-एलटीटी समर स्पेशल ट्रेन 20 से

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन ने हटिया- एलटीटी-हटिया के मध्य 9-9 फेरों के लिए साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। हटिया-एलटीटी साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन नंबर 08609 हटिया से 20 अप्रैल से 15 जून तक प्रत्येक सोमवार को 9 फेरे के लिए चलेगी। इसी प्रकार एलटीटी-हटिया साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन नंबर 08610 एलटीटी से 22 अप्रैल से 17 जून तक प्रत्येक बुधवार को 9 फेरे के लिए चलेगी। इस गाड़ी का ठहराव एसईसीआर के बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग एवं गोंदिया स्टेशनों में दिया गया है। हटिया-एलटीटी साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन नंबर 08609 हटिया से हर सोमवार को 16.20 बजे रवाना होगी।

कसौधन महासभा का फैसला, पक्षियों के लिए 250 सकोरा बांटेंगे

बिलासपुर/नवप्रदेश। बढ़ती गर्मी और लगातार उष्ण वातावरण के बीच पक्षियों के लिए दाना-पानी का संकट गहराने लगा है। इसे देखते हुए अखिल भारतीय कसौधन वैश्य गुप्ता महासभा ट्रस्ट ने पहल करते हुए 250 सकोरा वितरण करने का निर्णय लिया है। महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और जिला अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने कहा कि गर्मी में प्यासे जीवों को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने घरों की छत या आंगन में छांव वाले स्थान पर दाना-पानी रखें, ताकि पक्षियों को राहत मिल सके। रमेश गुप्ता ने बताया कि सकोरा में दाना और पानी रखकर पक्षियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की जा रही है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे स्थापित किए कीर्तिमान

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बुनियादी संरचना विकास में नए क्षितिज का निर्माण

बिलासपुर/नवप्रदेश। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बुनियादी संरचना के विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल करते हुए नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। रेल अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने हेतु किए जा रहे सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप यात्री सुविधाओं, क्षमता विस्तार एवं संरक्षित परिचालन को नई गति मिली है।

पिछले 10 वर्षों के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा कुल 1475 किलोमीटर लंबी 15 महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। यह उपलब्धि क्षेत्रीय विकास एवं रेल नेटवर्क सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में 125 किलोमीटर नई रेल लाइन का सफलतापूर्वक लोकार्पण/कमीशनिंग किया गया है। इस वर्ष पूर्ण किए गए 125 किलोमीटर कार्यों के अंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण खंडों की कमीशनिंग किया गया, जिसमें -

बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी रेल लाइन के अंतर्गत कोतरलिया-जामगा (8 किमी), भूपदेवपुर-किरोड़ीमल नगर (8.70 किमी), किरोड़ीमल नगर-रायगढ़ (10.27 किमी), रायगढ़-कोतरलिया (9 किमी), सारागांव-बाराद्वार (7 किमी) तथा बाराद्वार-सक्ती (13 किमी) खंड शामिल हैं।राजनांदगांव-नागपुर तीसरी रेल लाइन के अंतर्गत गुदमा-गोंदिया (10 किमी), गोंदिया-गंगाझरी (13.74 किमी) एवं आरओआर गोंदिया (13.50 किमी) खंडों में कार्य पूर्ण कर कमीशनिंग किया गया।गेवरा रोड-पेंड्रा रोड नई रेल लाइन के अंतर्गत उरगा-कुसमुंडा (11.51 किमी) खंड की कमीशनिंग की गई ।केंद्री-धमतरी एवं अभनपुर-राजिम आमान परिवर्तन के अंतर्गत अभनपुर-कुरूद (21.20 किमी) खंड का सफलतापूर्वक आमान परिवर्तन कार्य पूर्ण किया गया।

इन कार्यों के दौरान कोतरलिया, गोंदिया, किरोड़ीमल नगर, रायगढ़, सारागांव, चक्रधर नगर, बाराद्वार एवं तुमसर जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य भी किए गए। इन जटिल कार्यों के निष्पादन के दौरान यात्रियों की सुविधा एवं सुचारू रेल परिचालन सुनिश्चित करने हेतु सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर सुविचारित कार्य योजना के तहत कार्य किया गया। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि ट्रेनों के निरस्तीकरण (कैंसिलेशन) को न्यूनतम रखा जाए।यातायात सुगमता एवं संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 18 सड़क ऊपरी पुल (रोड ओवर ब्रिज) एवं 27 सड़क अधो पुल (रोड अंडर ब्रिज) का निर्माण भी किया गया है, जिससे रेल एवं सड़क यातायात दोनों में सुगमता और संरक्षा सुनिश्चित हुई है।इसके अतिरिक्त 2790 किलोमीटर लंबाई की 41 महत्वपूर्ण परियोजनाएँ स्वीकृत होकर विभिन्न चरणों में तीव्र गति से प्रगति पर हैं, जिनमें नई रेल लाइन, दोहरीकरण, तीसरी एवं चौथी रेल लाइन की परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे नई सेवाओं के संचालन, गति में सुधार एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

स्वीकृत महत्वपूर्ण परियोजनाएँ

* खरसिया-नया रायपुर-परमालकसा नई रेललाइन : लंबाई 278 किमी, लागत ?7854 करोड़
* रावघाट-जगदलपुर नई रेललाइन : लंबाई 140 किमी, लागत ?3513 करोड़।
* गोंदिया - बल्लारशाह दोहरीकरण, लंबाई 240 किमी
* गोंदिया - जबलपुर, दोहरीकरण, लंबाई - 231 किमी। इन स्वीकृत परियोजनाओं के पूर्ण होने से न केवल रेल नेटवर्क का विस्तार होगा, बल्कि क्षेत्र के औद्योगिक एवं सामाजिक विकास को भी नई दिशा मिलेगी तथा स्थानीय निवासियों को बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ प्राप्त होगा।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ अवसंरचना विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्य करते हुए राष्ट्र की प्रगति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

बिलासपुर में गुंडा-बदमाशों पर पुलिस का शिकंजा, 146 की सघन चेकिंग

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा व्यापक अभियान चलाया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में निगरानी सूची में दर्ज गुंडा एवं बदमाशों को थानों में तलब कर उनकी सघन चेकिंग और सत्यापन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाना और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर बनाए रखना रहा।

अभियान के दौरान कुल 146 गुंडा बदमाशों की जांच की गई, जबकि 34 निगरानी बदमाशों का विस्तृत सत्यापन किया गया। पुलिस ने इन व्यक्तियों की वर्तमान गतिविधियों, आवागमन, संपर्कों और आय के स्रोतों की गहन समीक्षा की। इससे यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया कि वे किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त न हों।इसके अलावा, पूर्व में दर्ज मामलों की स्थिति का भी परीक्षण किया गया। पुलिस ने यह जांचा कि संबंधित व्यक्ति न्यायालय में समय पर उपस्थित हो रहे हैं या नहीं और उनके विरुद्ध कोई वारंट लंबित तो नहीं है। इस दौरान 3 वारंट तामील किए गए।सभी चिन्हित व्यक्तियों को कड़ी चेतावनी दी गई कि वे भविष्य में किसी भी प्रकार के अपराध से दूर रहें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर उनकी जमानत निरस्त करने के लिए न्यायालय में प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया जाएगा।अभियान के दौरान अनुपस्थित पाए गए बदमाशों की तलाश जारी है और उन्हें जल्द गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, 15 प्रकरणों में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (क्ष्हस्स्) की धारा 126, 129 एवं 135 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

बिजनी विस में राज्य मंत्री तोखन साहू का व्यापक जनसंपर्क अभियान

बिलासपुर/नवप्रदेश। आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने असम विधानसभा चुनाव से पूर्व बिजनी विधानसभा क्षेत्र के व्यापक दौरे के दौरान पार्टी संगठन को सशक्त बनाने एवं जनसंपर्क अभियान को गति देने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता की।इस क्रम में उन्होंने बिजनी विधानसभा स्थित भाजपा कार्यालय में बूथ अध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में संगठन की मजबूती, चुनावी रणनीति एवं बूथ स्तर पर प्रभावी कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सभी मिलकर समर्पण भाव से कार्य करते हुए भाजपा की विजय सुनिश्चित करें।इसके उपरांत साहू ने बिजनी विधानसभा क्षेत्र के थुरीबारी एवं रीबारी मंडलों के विभिन्न ग्रामों–बोरलाऊ, लाऊ एवं मकनागड़ी–में भाजपा प्रत्याशी अरूप कुमार डे के समर्थन में सघन जनसंपर्क एवं

चुनाव प्रचार किया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों से संवाद कर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा भाजपा के पक्ष में समर्थन का आग्रह किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान क्षेत्रवासियों का उत्साह, स्नेह एवं व्यापक समर्थन स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। ग्रामीणों ने विकास, सुशासन एवं स्थिर नेतृत्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। श्री साहू ने कहा कि जनता का यह विश्वास दर्शाता है कि भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए गठबंधन को आगामी चुनाव में प्रचंड बहुमत प्राप्त होगा।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा पुनः सरकार बनाकर जनसेवा के कार्यों को नई गति देगी तथा क्षेत्र के समग्र विकास को और सुदृढ़ किया जाएगा।

चाकू की नोंक पर लूट की कोशिश, दो गिरफ्तार हुए

बिलासपुर/नवप्रदेश। बेलगहना पुलिस ने घातक हथियारों के साथ लूट का प्रयास करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बेलगहना-कोनचरा मार्ग पर स्थित सुनसान जंगल में आरोपियों ने बिना नंबर की बाइक से रास्ता रोककर एक कार सवार परिवार के लोगों को लूटने की कोशिश की। आरोपियों ने घातक खंजर और फोल्डिंग चाकू दिखाकर उन्हें डराने का प्रयास किया। हालांकि, कार चालक की सूझबूझ और पास के ग्रामीणों की तत्परता के कारण आरोपी अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके और मौके से भाग निकले। सूचना पर बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी की और कुछ ही घंटों में दोनों आरोपियों को सिद्धान्त पाण्डेय उर्फ राज पाण्डेय व राजकुमार पोर्ते उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया।

छत्तीसगढ़ टीम का शानदार प्रदर्शन, खेलो इंडिया अस्मिता पेंचक सिलाट ने जीते पदक

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुजरात में आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता पेंचाक सिलाट महिला लीग (सब-जूनियर,जूनियर) नेशनल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य का नाम रोशन किया।

इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की खिलाड़ियों ने कुल 3 स्वर्ण पदक,एवं 8 कांस्य पदक हासिल किए। खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन से पूरे राज्य में हर्ष का माहौल है 7 संघ के महासचिव श्री शेख समीर ने कहा कि टीम के खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल,अनुशासन और मेहनत का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप यह सफलता प्राप्त हुई।

पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार:- कु.अनामिका गुर्जर,कु.यशस्वी सिंह,कु.सिया कुमारी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया एवं कु.कृतिका कशेर, कु.अदिति सिंह, कु.सर्वज्ञ गर्ग, कु.निकुंज लहरे,कु.विधि सिपानी, कु.अविसी ओझा, कु.ध्रुव चौबे, कु.लावन्या साहू ने कांस्य पदक प्राप्त किया और कोच के रूप में सुश्री.लिनीमा साहू मैनेजर अभिषेक देवांगन सूर्यकांत वर्मा ने सहयोग प्रदान किया इस उपलब्धि के लिए पेंचाक सिलाट संघ के संरक्षक ठा.रविंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष मनीष बाग, छ. ग.एथलेटिक संघ के महासचिव अमरनाथ सिंह, छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के मनीष श्रीवास्तव जी, पैरा स्विमिंग संघ के महासचिव सूरज यादव जी ने सभी खिलाड़ियों को कोच एवं मैनेजर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मंडल स्तरीय प्रशिक्षण : पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक सहित बिल्हा-बरतोरी मंडल के कार्यकर्ता रहे उपस्थित

पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 सफलतापूर्वक संपन्न

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने झूलेलाल मंगलम भवन, तिफरा में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस प्रशिक्षण में बिल्हा एवं बरतोरी मंडल के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई, तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन हुआ। इस मौके पर शामिल हुए वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी, जिसमें सोशल मीडिया एवं आईटी, वैचारिक अधिष्ठान, संगठन का इतिहास एवं विकास, कार्य विस्तार की रणनीति,

सरकार की उपलब्धियां, कार्य पद्धति एवं बूथ प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे।इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने एवं आगामी चुनावों में भाजपा को विजय दिलाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। समापन सत्र में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक आगामी चुनाव में पार्टी की विजय का संकल्प लिया।अंत में आभार प्रदर्शन किया गया एवं वरिष्ठ भाजपा नेता स्व. भुलाऊं प्रसाद कौशिक को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस मौके पर क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी जी, प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडेय , ग्रामीण जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल , महासमुंद के पूर्व जिलाध्यक्ष शंकर अग्रवाल जी, पूर्व विधायक श्री चंद्र प्रकाश वाजपेई जी, दीपक सिंह जिलाध्यक्ष , जिला महामंत्री सोमेश तिवारी जी, जिला उपाध्यक्ष पेंगन वर्मा जी, सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इलाज और कस्टमर केयर के नाम पर 1.22 लाख पार

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर में साइबर ठगों ने एक बार फिर लोगों को निशाना बनाते हुए दो अलग-अलग मामलों में कुल 1.22 लाख रुपए की ठगी कर ली। ठगों ने अलग-अलग तरीकों से भरोसा जीतकर बैंक खातों से रकम पार कर दी। पहले मामले में, South Eastern Coalfields Limited (SECL) के रिटायर्ड माइनिंग मैनेजर केएल कुर्रे को ठग ने अपना शिकार बनाया। आरोपी ने खुद को परिचित डॉक्टर 'मोहन' बताकर फोन किया और इलाज के लिए मदद मांगने की बात कही। इसके बाद उसने एक फर्जी बैंक ट्रांजेक्शन मैसेज भेजकर भरोसा दिलाया कि पैसे उनके खाते में आ चुके हैं। बिना बैलेंस चेक किए कुर्रे ने तीन किस्तों में 94 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। जब आरोपी ने और रकम मांगी तो शक हुआ और जांच में ठगी का खुलासा हुआ। दूसरा मामला शहर के जूना बिलासपुर इलाके का है, जहां एमएस ताम्रकार ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए। उन्होंने एक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से कपड़ा मंगाया था, लेकिन साइज छोटा होने पर रिटर्न के लिए त्वशश्चद्दद्द स्द्गड्डह्ष्द्ध पर कस्टमर केयर नंबर खोजा। ठगों ने पहले से फर्जी नंबर अपलोड कर रखा था। कॉल के बाद व्हाट्सएप पर भेजे गए फॉर्म में जानकारी भरते ही उनके खाते से 28 हजार रुपए निकल गए।

सुविचार

आपका भविष्य काफी हद तक आपके आसपास रहने वाले लोग भी निर्धारित करते है इसलिए कोशिश करें कि अच्छे लोगों के साथ रहें।

राघव चड्ढा की पीड़ा स्वाभाविक

कोई भी राजनीतिक पार्टी अपने पदाधिकारियों और विधायकों व सांसदों को कभी भी कैसी भी जिम्मेदारी देने या जिम्मेदारी से मुक्त करने के लिए स्वतंत्र होती है। यह उनका अंदरूनी मामला होता है। जिस पर ज्यादा टीका टिप्पणी नहीं की जाती लेकिन किसी नेता का अचानक कद घटा दिया जाता है और वह अपनी पीड़ा को पार्टी फोरम से बाहर अभिव्यक्त करता है तो वह पार्टी का आंतरिक मामला मीडिया की सुर्खियां बटोरने लगता है और चर्चा का विषय बन जाता है। आम आदमी पार्टी के नेता और राज्य सभा सदस्य राघव चड्ढा को राज्यसभा में आम आदमी पार्टी संसदीय दल के उपनेता के पद से अचानक हटा दिया गया। यही नहीं बल्कि पार्टी हाईकमान ने राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखकर यह भी कहा है कि राघव चड्ढा को सदन में बोलने को ज्यादा समय न दिया जाए। जाहिर है इससे राघव चड्ढा को ठेस लगी है और उनका अपनी पीड़ा को अभिव्यक्त करना स्वाभाविक है। उन्होंने ठीक ही सवाल उठाया है कि आम आदमी पार्टी का सांसद होने के नाते आम आदमी के मुद्दे उठाना क्या उनका गुनाह है? गौरतलब है कि राघव चड्ढा सदन में जनहित से जुड़े मुद्दे लगातार उठाते रहे हैं और सोशल मीडिया पर ट्रेंड करते रहे हैं। मीडिया की भी सुर्खियां बटोरते रहे हैं। फिर वह चाहे अयोग्य जन प्रतिनिधि को वापस बुलाने के अधिकार की बात हो या खाद्य और पेय पदार्थों में मिलावट का मामला, या फिर टेलाकाम कंपनियों की मनमानी और बैंकों की लूटखसोट की बात हो या एयरपोर्ट में महंगे सामान बेचे जाने का मसला। सभी आम जनता की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी समस्याएं हैं जिसे राघव चड्ढा ने बड़े प्रभावी ढंग से उच्च सदन में उठाया है। इनमें कई मामलों पर सरकार को जवाब देते नहीं बना और कुछ पर कार्रवाई के लिए बाध्य होना पड़ा। यह तो आम आदमी पार्टी के लिए गर्व की बात होनी चाहिए कि उनका एक सांसद आम आदमी की समस्याएं सदन में असरदार तरीके से उठाकर उस पर विचार के लिए सरकार को बाध्य कर रहा है किन्तु उनका कद घटाकर पार्टी ने तो उल्टी गंगा बहा दी। अब नई दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी, पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह आदि राघव चड्ढा पर हमला कर रहे हैं और आरोप लगा रहे हैं कि वे भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ सदन में नहीं बोलते क्योंकि वे प्रधानमंत्री से डरते हैं। आतिशी तो यह भी संभावना व्यक्त कर रही हैं कि राघव चड्ढा भाजपा में जाने वाले हैं। आम आदमी पार्टी के ये वही नेता हैं जिनकी कभी राघव चड्ढा जैसे पढ़े लिखे, सुलझे हुए समझदार नेता के सामने जुबान नहीं खुलती थी जब राघव चड्ढा की पार्टी में अरविंद केजरीवाल के बाद नंबर दो की पोजीशन हुआ करती थी। हो सकता है कि कुमार विश्वास, प्रशांत भूषण, योगेन्द्र यादव, मयंक गांधी, शाजिया इल्मी और स्वाति मालीवाल की तरह राघव चड्ढा को भी आम आदमी पार्टी किनारे कर दे। यदि ऐसा हुआ तो बहुत संभव है कि राघव चड्ढा भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो जाएं।

वेदनाओं का समन्दर है फक़त ये ज़िन्दगी
नदियों का संसार अंदर है फक़त ये ज़िन्दगी
ज़ख्म, पीड़ा, दर्द,मरहम,
सब के सब मिलते यहाँ
राह,मंजिल,और हमदम
सब के सब मिलते यहाँ
आँसुओ की धार अंदर है फक़त ये ज़िन्दगी
मीत मिलते है यहीं पर
और बिछड़ जाते यहीं पर
मन पुराने दिन के नगमे
गुनगुनाते है यहीं पर
टूटती सरगम का हर इक तार है ये जिंदगी!!

नीरू श्रीवास्तव

नक्सलमुक्त भारत में आपका स्वागत है!



अभिलाष खांडेकर

मई 2013 में जब छत्तीसगढ़ में मेरे वरिष्ठ मित्र विद्याचरण शुक्ला को नक्सलियों ने गोलियों से छलनी कर दिया तब मैं अत्यंत दुखी हुआ था। वे मेरे खेल प्रशासक के दिनों के मित्र थे और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) तथा स्नाइप्स (राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा एवं खेल संस्थानों की सोसायटी) के प्रमुख रहे थे. अलग छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की आवाज उठाने का श्रेय उन्हें ही जाता है। आज जब देश नक्सल मुक्त हो रहा है तब अनायास ही उस दु:खद घटना की मुझे याद आ रही है। भारत के सुदूर इलाकों में रहने वाले लाखों आदिवासी, पुलिस अधिकारी, अर्धसैनिक बल और कई राज्यों के वन कर्मचारी अब इस खबर से खुश होंगे कि भारत में नक्सलवाद का अंत हो गया है। मैं भी खुश हूं। वामपंथी आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए अमित शाह और दक्षिणपंथी भाजपा को सलाम करना चाहिए.

शाह के नेतृत्व में गृह मंत्रालय के दृढ़ राजनीतिक संकल्प ने देश

को कई दशकों में एक दुर्लभ उपलब्धि दिलाई है। नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने या गोलियों का सामना करने के लिए दी गई 31 मार्च 2026 की समय सीमा को बढिया तरह पूरा कर लिया गया है।

छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, ओडिशा, झारखंड और मध्यप्रदेश के घने जंगलों से नक्सलवादियों का सफाया करना आसान काम नहीं था। लेकिन विभिन्न रणनीतियों और राज्यों के सहयोग से किए गए निरंतर प्रयासों ने यह साबित कर दिया कि केंद्र सरकार वह कर सकती है जो एक दशक पहले असंभव लगता था। नक्सलवाद के अंत ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि राजनीतिक इच्छाशक्ति मजबूत हो तो बड़ी से बडी चुनौतियों पर विजय प्राप्त की जा सकती है।

ऐसे समय में, जबकि सरकार को बेरोजगारी और उच्च जाति के आक्रोश जैसे विभिन्न मोर्चों पर अभूतपूर्व आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है, यह शानदार उपलब्धि विपक्ष को मुस्कुराने और मोदी सरकार को बधाई देने का मौका देती है। यह सकारात्मक व सुशासन की जीत है, जिसकी चुनी हुई सरकारों से अपेक्षा जनता करती है।

यह आंदोलन, जो 1960 के दशक के उत्तरार्ध में पश्चिम बंगाल (नक्सलबाड़ी विद्रोह) से शुरू हुआ था, उन अधिकारियों के खिलाफथा जो गरीब आदिवासियों और कृषि मजदूरों को लूटते थे।आंदोलनकारियों का मानना था कि वन ठेकेदार, राजस्व विभाग के अधिकारी और पुलिस विभाग आदिवासियों से जबरन वसूली करते थे. उस समय इसे 'पीपलस वॉर' कहा जाता था। दुर्भाग्य से, समय के साथ यह आंदोलन अपने लक्ष्य से भटक गया और कानून-व्यवस्था की एक गंभीर देशव्यापी समस्या बन गया।

माओवादियों और सुरक्षा एजेंसियों के बीच संघर्ष के चरम पर करीब 175 से अधिक जिले नक्सलियों के आतंक से ग्रस्त थे और विकास की यात्रा में पिछड़ गए थे।

भाजपा ने पिछड़े क्षेत्रों के विकास की रणनीति अपनाई और जरूरत पड़ने पर और बातचीत से बात नहीं बनने पर गोलियों का भी इस्तेमाल किया। इस दोहरी रणनीति ने अभूतपूर्व और निर्णायक सफलता सुनिश्चित की। हां, कुछ बेगुनाहगार भी इसकी चपेट में आ गये।

प्रभावित क्षेत्रों में सैकड़ों किलोमीटर पक्की सड़कें बनाई गईं और ऐसी जगहों पर 550 से अधिक पुलिस थाने स्थापित किए गए, जहां पहले कोई प्रवेश करने की हिम्मत नहीं करता था। अकेले 2025 में ही शीर्ष नेताओं सहित 320 नक्सलियों को मार गिराया गया। पक्की सड़कों के अभाव में नक्सली आसानी से बारूदी सुरंगें बिछाकर विस्फोट करते थे और लोगों को मार डालते थे।अब यह थम गया है।

छत्तीसगढ़, जो पहले मध्यप्रदेश राज्य का हिस्सा था, 'रेड कॉरिडोर' के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक था। यहां तक कि अविभाजित मध्यप्रदेश में दिग्विजय सिंह के मुख्यमंत्री काल में 1999 में बालाघाट में आदिवासी मंत्री लिखिराम कावरे की नक्सलियों ने गला रेतकर हत्या कर दी थी।

जब वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ को उत्तराखंड और झारखंड के साथ छोटे राज्य के रूप में अलग किया गया, तब बस्तर नक्सली गतिविधियों का एक खतरनाक केंद्र बन चुका था।

पुराना बस्तर देश के सबसे बड़े जिलों में से एक था, जिसकी तुलना क्षेत्रफल में बेल्जियम से की जा सकती थी। अब इसे कई जिलों में विभाजित कर दिया गया है। पूरा वनों से लगा क्षेत्र काफी विकसित हो चुका है, ऐसा दावा सरकार कर रहीं है।

सुरक्षा बलों पर हुए कई हमलों में से दो सबसे भीषण हत्याओं के रूप में याद आते हैं. वर्ष 2010 में दंतेवाड़ा में हुए एक ही हमले में, (भाजपा के रमन सिंह मुख्यमंत्री थे), सीआरपीएफके 76 जवान शहीद हो गए थे। मई 2013 में सुकमा की झीरम घाटी में हुई एक अन्य भयावह घटना में, कांग्रेस पार्टी के काफिले को माओवादियों ने निशाना बनाया और राज्य कांग्रेस अध्यक्ष नंद कुमार पटेल और अन्य लोगों को मार डाला। इसी हमले में दिग्गज नेता शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। कुल मिलाकर, उस हमले में 27 राजनेता मारे गए थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने बडी बैठक बुलाई थी जिसमें रमण सिंह व सोनिया गाँधी सहित अनेक नेता व अधिकारी उपस्थित थे।

नक्सलियों ने 2012 में सुकमा जिले के कलेक्टर एलेक्स पॉल का भी अपहरण कर लिया था। मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्य सचिव निर्मला बुच और बी.डी. शर्मा, जो आज के नौकरशाहों के विपरीत आदिवासीयों के प्रति सहानुभूति रखने वाले एक अनुकरणीय आईएएस अधिकारी रहे थे, ने छत्तीसगढ़ सरकार के लिए मध्यस्थ के रूप में दिन-रात काम किया और नक्सलियों के साथ कई वार्ताओं के बाद पॉल को रिहा कराया था।

वर्ष 2026 इस विशाल उपलब्धि का जश्न मनाने का समय है। एक लंबे समय से चली आ रही सामाजिक-राजनीतिक समस्या का समाधान हो गया है और पिछड़े क्षेत्रों का विकास सुनिश्चित है। शाह को हार्दिक बधाई।

मुझे पूरा विश्वास है कि यदि मोदी-शाह की जोड़ी एक जटिल सामाजिक चुनौती का सामना कर सकती है, तो हम उनसे भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ने की भी उम्मीद कर सकते हैं, जो भारत के लगभग सभी जिलों में व्याप्त है। यह एक ऐसी गंभीर समस्या है जो कैंसर जैसी फैल कर भारत को खोखला कर रही है। मुंबई, गांधीनगर, भोपाल

गुवाहाटी, देहरादून, चंडीगढ़, पटना या इंदौर, हर जगह यह मौजूद है।

क्या वे अब इंडिया की, माफकीजिएगा, भारत की यह इच्छा अब पूरी करेंगे?

तेल की तलवार और कूटनीति की ढालः पश्चिम एशिया संकट में भारत की अग्निपरीक्षा

योगेश कुमार गोयल

दशकों पहले युद्ध केवल सीमाओं पर जमीन के टुकड़ों के लिए लड़े जाते थे लेकिन 2026 का यह दौर गवाह है कि आधुनिक युद्ध 'संप्रभुता' से ज्यादा 'संसाधनों' का है। युद्ध की गोलियां, मिसाइलें अब ऊर्जा की पाइपलाइनों और तेल के टैंकरों पर चलती है। पश्चिम एशिया में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच छिड़ा यह त्रिकोणीय संघर्ष भी महज जमीन का विवाद नहीं है बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा 'ऊर्जा आपूर्ति' पर नियंत्रण की जंग है। भारत के लिए यह संकट केवल पैट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों तक सीमित नहीं है बल्कि यह एक ऐसी राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौती है, जिसने देश के सामने एक अदृश्य 'ऊर्जा लॉकडाउन' का खतरा पैदा कर दिया है। जब संसद में प्रधानमंत्री ने इस संकट की तुलना 'कोरोना काल' की विभीषिका से की तो उनका आशय घर में बंद होने से नहीं बल्कि उस वैश्विक अनिश्चितता से था, जो किसी भी क्षण भारत की विकास दर के पहियों को जाम कर सकती है। यदि 'स्ट्रेट ऑफहोर्मुज' पर ताला लगता है तो भारत की रगों में दौड़ने वाला 60 प्रतिशत तेल और एलएनजी का प्रवाह थम जाएगा, जो देश को एक भयावह 'ऊर्जा लॉकडाउन' की ओर धकेल सकता है।

होर्मुज की घेराबंदी : विश्व मानचित्र पर स्ट्रेट ऑफहोर्मुज वह संकरा जलमार्ग है, जिससे दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत कच्चा तेल और भारी मात्रा में एलएनजी गुजरती है। ईरान द्वारा इस जलमार्ग को प्रभावित करने का अर्थ है, वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की गर्दन दबाना। फरवरी 2026 के अंत से शुरू हुए इस युद्ध ने मात्र पांच हफ्तों में कच्चे तेल की कीमतों को 85 डॉलर से 110 डॉलर के पार पहुंचा दिया है। भारत अपनी एलपीजी जरूरतों का 40 प्रतिशत अकेले कतर से पूरा करता है। कतर के रास लाफान एलएनजी प्लांट पर हुए हमलों ने न केवल उत्पादन घटाया है बल्कि भारत के घरेलू चूल्हों तक पहुंचने वाली गैस की कीमतों में आग लगा दी है। युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक कच्चे तेल की कीमतें 85 डॉलर से उछलकर 110 डॉलर प्रति बैरल को छू रही हैं। भारत के लिए गणित सीधा और क्रूर है, कच्चे तेल में 10 डॉलर की हर बढ़ोतरी हमारे चालू खाता घाटे में लगभग 12-15 अरब डॉलर की वृद्धि करती है। यह स्थिति हमें दो टूक शब्दों में चेतावनी दे रही है कि पराई बैसाखियों पर टिकी ऊर्जा सुरक्षा कभी भी धराशायी हो सकती है।

सामरिक पैट्रोलियम भंडारः क्या पर्याप्त है चंद दिनों की सुरक्षा? : ऊर्जा सुरक्षा के मोर्चे पर भारत की सबसे बड़ी कमजोरी उसका सीमित सामरिक पैट्रोलियम भंडार है। दुनिया के विकसित देश जैसे अमेरिका, जापान और चीन अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए 90 दिनों का 'स्ट्रैटिजिक पेट्रोलियम रिजर्व' रखते हैं, वहीं भारत की स्थिति चिंताजनक है। वर्तमान में हमारे पास विशाखापट्टनम, मंगलुरु और पाडुर में कुल 53.3 लाख टन का भंडार है, जो मुश्किल से 9 दिन की आपूर्ति कर सकता है। हालांकि दूसरे चरण में चंडीखोल और बीकानेर जैसे स्थानों पर भंडार क्षमता बढ़ाकर इसे 60-65 दिनों तक ले जाने की योजना है लेकिन इसकी गति 'युद्धस्तर' पर नहीं है। हमारे मौजूदा भंडार का करीब 36 प्रतिशत हिस्सा खाली पड़ा है। एक तरफ हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का स्वप्न देख रहे हैं और दूसरी तरफहमारी ऊर्जा की 'लाइफलाइन' केवल कुछ दिनों के स्टॉक पर टिकी है। यदि आज हमारे पास 90 दिनों का सुरक्षित भंडार होता तो भारत को अपनी विदेश नीति में तटस्थता का नाटक नहीं करना पड़ता बल्कि वह एक सशक्त वैश्विक खिलाड़ी की तरह अपना पक्ष रख सकता था। यदि होर्मुज जलडमरूमध्य 30 दिनों के लिए बंद हो जाता है और भारत के लिए आपूर्ति बाधित होती है तो भारत की अर्थव्यवस्था 'वेंटिलेटर' पर आ जाएगी। इसलिए चंडीखोल और बीकानेर में प्रस्तावित दूसरे चरण के भंडारों का निर्माण युद्धस्तर पर होना अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है।

सद्गुरू बोधामृतम्

सद्गुरू ऋतेश्वर

◆ अगर तुम्हारी बुद्धि तुम्हारे खिलाफचली गई तो दुनिया का हर एक व्यक्ति, हर एक वस्तु, हर एक परिस्थिति तुम्हारे खिलाफदुख देने वाली हो जाएगी इसलिए तुम बैलेंस में अनुभव संपन्न हो कर आत्म अनुभूति के स्तर तक पहुंच जाओ क्योंकि सारा आनंद तुम्हारे भीतर भरा है।

◆ दर्पण सिर्फस्वयं के बाहरी रुप को देखने के लिए है किंतु रामायण, गीता, भागवत, गुरु, गुरु की बातें एकदम दर्पण हैं; जब भी बैठो खुद को देखो, जहाँ-जहाँ जरूरत है संभालो अपने आप को, जहाँ कालिक लगी है तो मिटाओ भी। खुद के आंतरिक रुप को बनाना भी है और मिटाना भी है उस दर्पण में देखकर।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1606 : शहजादा खुसरू ने अपने पिता जहांगीर के खिलाफबगावत कर दी। 1896 : आधुनिक ओलंपिक खेलों की शुरूआत। 1906 : पहले एनिमेटिड कार्टून ने कॉपीराइड हासिल किया। 1909 : अमेरिका के राबर्ट पियरी और मैथ्यू हैंसन ने पहली बार उत्तरी ध्रुव पर पहुंचने का दावा किया। 1917 : प्रथम विश्व युद्ध में अमेरिका ने जर्मनी के खिलाफ़युद्ध की घोषणा की। 1919 : गांधी जी ने रॉलेट एक्ट कानून के खिलाफपहली बार अखिल भारतीय हड़ताल का आह्वान किया। 1925 : विमान में पहली बार फिल्म दिखाई गई। विमान ब्रिटिश एयरवेज का था। 1930 : महात्मा गांधी को नमक कानून का उल्लंघन करने पर गिरफ्तार कर लिया गया। 1936 : एएनपी ने एम्स्टर्डम में पहली टेलेक्स सेवा शुरू की। 1942 : जापानी लड़ाकू विमानों ने पहली बार भारतीय क्षेत्रों पर बमबारी की। 1955 : अमेरिका ने परमाणु परीक्षण किया। 1957 : सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया। 1966 : भारतीय तैराक मिहिर सेन ने पाक जलडमरूमध्य तैर कर पार किया।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

य विकसित देशों में अविश्वास प्रस्ताव, सत्ता पलट, महाभियोग जैसी चीजें नहीं होती क्या? और नहीं होती तो इस विनाश का पाप पूरे देश के सिर... और विडम्बना तो देखिए युद्ध शुरू किया किसी और ने युद्ध का नाम ईरान युद्ध एक बन्दर को अस्तूरा पकड़ा रखा है। यही है विकसित देश ! यही हैं विकसित देश के शिक्षित नागरिक ! यदि विकसित होने का अर्थ युद्ध लोलुप है। तो भगवान किसी देश को विकसित ना बनाएं।

– कुमुद अनुन्जया

कैसे छुएँ गगन को बोलो,टूटी हुई नसैनी। घूर रही है हरपल दुनिया ,लेकर नज़रें पैनी। दो ही करवट दाएँ-बाएँ,किस करवट मैं लेटूँ, रूठी है आँखों से निद्रा,छाई रहती बेचैनी।।

– डॉ बिपिन पाण्डेय

बिन कउनौ कारन हँसी, लरिकन सिखावैं बात, छोट-छोट खुशियन मा छुपल, जिनिगी के सच्चे नात। दिन भर कछु करत रहैं, चंचल मनवा हरषाय, ठाढ़ रहै जवन जीवन मा, ऊ त धीरे-धीरे मरि जाय। मांगैं नन्हक चीजन कूँ, बिन अहंकार सहजाई, ई निस्पाप सुभाव सिखावै, प्रेमे साँच दिखा।

– चिन्मय शुक्ल

मेरा दोस्त परेशाँ निकला जाने कितने सालों का नहीं बताया राज़ अभी तक उसने उलझे बालों का चेहरे पर मुस्कान लिए बच्चों को उसने पाला था ढूँढ़ ना पाया उत्तर लेकिन अब भी कई सवालों का।

– जे डी कुदाल

ऐसा नहीं कि तू मेरी किस्मत में नहीं था हालात बदलने की मैं हालत में नहीं था कुछ तुमने भी जाते हुये आवाज़ नहीं दी और मुड़ के देखना मेरी आदत में नहीं था कुछ तुमने भी आना नहीं छोड़ा ख्याल में और तुझको भूलना मेरी फ़ितरत में नहीं था लज्जत कुछ इस कदर मिली तेरे फ़िराक़ में इतना मज़ा जानां तेरी चाहत में नहीं था ।

– अनु मित्तल

सुनो आज बहुत महीनों बाद दरवाज़ा खोल बाहर की सड़क देखने का दिल किया, और साथ ही नयनों ने भी हठ किया तुम्हें देखने का सड़क के उस पार दूर कहीं जहाँ तुम्हारा ठिकाना है, मगर अड़ियल दिमाग़ जीत ही गया आख़िरकार चिटकनी लगाने में और इंतज़ार करता रहा, मेरा इंतज़ार तुमसे मिलने का।

– शुचि 'भवि'

कुछ अल्फाज़ हर किसी के लिए नहीं होते, कुछ एहसास समझने के लिए दिल चाहिए होता है हर कोई पढ़ ले, यह जरूरी नहीं, कुछ बातें बस वही समझते हैं जो महसूस करना जानते हैंज़ ये उन लोगों के लिए हैं जो खामोशी भी सुन लेते हैं, और बिना कहे साथ निभा जाते हैं बाकी लोग इसे सिर्फशब्द समझें, तो समझते रहें क्योंकि हर लिखी हुई बात समझ में आ जाए, इतनी आसान जिंदगी भी नहीं होती। – सीमा नागर तुली

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज के दिन आपका स्वभाव के विपरीत व्यवहार सभी जानने वालों को अचंभित करेगा अपना काम बनाने के लिये किसी की चापलूसी करने से भी परहेज नही करेंगे।

वृषः आज का दिन सामान्य रहेगा मध्यान तक पेट संबंधित व्यादि अथवा अन्य शारीरिक अंगों अंगों में शिथिलता रहने से मन उदास रहेगा फिर भी कार्यो को प्रभावित नही होने देंगे।

मिथुनः आज के दिन आपके मन मे अंदर से उथल पुथल लगी रहेगी लेकिन बाहरी तौर पर इसका प्रदर्शन नही करेंगे।

कर्कः आज भी दिन का अधिकांश भाग मानसिक रूप से अशांत रखेगा। घर एवं बाहर मनमौजी वृति झगड़े का कारण बनेगी आज आप केवल अपने मन की ही सुनेंगे।

सिंहः आज के दिन धन प्राप्ती के योग बन रहे है इसका कम या अधिक होना आपकी मानसिकता और व्यवहार कुशलता पर निर्भर रहेगा।

कन्याः आज के दिन आपका स्वभाव संतोषि रहेगा फिर भी मन मे अधिक धन पाने की लालसा अवश्य रहेगी भले ही जाहिर ना करे फिर भी परिजन आपकी मानसिकता पढ़ते देर नही लगाएंगे।

तुलाः आज का दिन शुभफलदायी रहेगा। आज आपके व्यवहार में स्वार्थ रहेगा लेकिन फिर भी मीठा बोलना हर किसी को पसंद आएगा किसी से भी अपना काम आसानी से निकाल लेंगे बाहर के लोग आपके ऊपर ज्यादा विश्वास दिखाएंगे।

वृश्चिकः आज के दिन दूर दूर तक लाभ की संभावना नजर नही आने पर आप निराशा से भरे रहेंगे कार्य क्षेत्र पर जोखिम लेने से डर लगेगा मध्यान तक का समय व्यर्थ दौड़ धूप में व्यतीत होगा।

धनुः आज के दिन भी परिस्थितियां लाभदायक बन रही है लेकिन आज आपका ध्यान काम-धंधे को छोड़ मनोरंजन की तरफ ज्यादा आकर्षित होगा।

मकरः आज का दिन आप बेहतर रूप से गुजारेंगे। मध्यान तक मानसिक रूप से प्रसन्न रहेंगे आस पास के लोगो को भी अपनी हास्य भरी बातो से हंसाएंगे लेकिन घर मे अमर्यादित बोलना भारी पड़ सकता है इसका ध्यान रखे बड़ो से फटकार सुनने को मिलेगी।

कुंभः आज के दिन आपका व्यवहार अत्यंत लापरवाह रहेगा आलस्य भी आज आवश्यकता से अधिक करेंगे। लाभ के नजदीक पहुच कर भी लचीले स्वभाव के कारण इससे वंचित रह सकते है।

मीनः आज के दिन परिस्थितियां प्रत्येक कार्य मे बाधक बनेंगी पहले नौकरी संबंधित अथवा व्यावसायिक किसी कार्य को करने में उत्साह नही दिखाएंगे।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) चूलिया जलप्रपात किस नदी पर स्थित है?

2) हाल ही में खबरों में रही नौका बैच किस राज्य की पारंपरिक नौका दौड़ है?

3) प्रोजेक्ट नेक्सस का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

4) मनी म्यूल क्या है?

5) भारत में ब्रिटेन की पहली महिला उच्चायुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

उत्तरमाला- (1) चम्बल नदी (2) पश्चिम बंगाल (3) तत्काल सीमा पार खुदरा भुगतान सक्षम करने के लिए (4) कोई व्यक्ति जो अवैध रूप से अर्जित धन को किसी और के लिए स्थानांतरित करता है (5) लिडी कैमरून

पहेली

शब्द सामर्थ्य -364



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 363 का हल

राज्यपाल डेका ने जशपुर के मातृत्व वन में किया सीता अशोक के पौधे का रोपण

रायपुरा/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने सर्किट हाउस जशपुर के मातृत्व वन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सीता अशोक के पौधे का रोपण कर पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री रोहित व्यास वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार और वनमंडला अधिकारी श्री शशि कुमार और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

लगभग 2 एकड़ क्षेत्र में विकसित इस मातृत्व वन में 400 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया है, जो पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक संवेदनाओं के अद्वितीय समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत करता है। मातृत्व वन में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत जिले के जनप्रतिनिधियों द्वारा अपनी माताओं के नाम पर पौधरोपण किया गया है। इस पहल ने अभियान को भावनात्मक और सामाजिक रूप से विशेष महत्व प्रदान किया है।

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने इस अवसर पर कहा कि माँ हमारे जीवन की प्रथम गुरु होती हैं और उनका स्थान सर्वोच्च होता है। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के माध्यम से हम माँ के प्रति सम्मान को प्रकृति से जोड़ रहे हैं। यह पहल आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करेगी। उन्होंने कहा कि मातृत्व वन जैसी पहल न केवल हरित क्षेत्र बढ़ाने में सहायक होगी, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का भाव भी विकसित करेंगी।

मातृत्व वन के अंतर्गत पर्यावरणीय एवं औषधीय दृष्टि से महत्वपूर्ण पौधों का चयन कर उनका रोपण किया गया है। इनमें टिकोमा, झारुल, सीता अशोक, गुलमोहर, लक्ष्मीतरु, आंवला, बीजा, सिन्दूर, नागकेसरी, अर्जुन एवं जामुन जैसी प्रजातियाँ प्रमुख हैं। ये पौधे न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक होंगे, बल्कि आने वाले समय में औषधीय एवं जैव विविधता के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मातृत्व वन की स्थापना का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, माताओं के प्रति सम्मान को प्रकृति के माध्यम से अभिव्यक्त करना तथा नई पीढ़ी में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। यह पहल 'हर घर एक पेड़, हर पेड़ में माँ की ममता' के संदेश को साकार करने की दिशा में एक सार्थक कदम है।

राज्यपाल ने जशपुर के केरेगांव होम-स्टे का किया अवलोकन

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने जशपुर प्रवास के दौरान शनिवार को जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल देशदेखा के समीप स्थित केरेगांव में विकसित होम-स्टे का अवलोकन किया। इस दौरान वे स्थानीय आदिवासी संस्कृति, जनजीवन और पारंपरिक आतिथ्य परंपरा से रूबरू हुए। होम-स्टे प्रवास के दौरान उन्होंने देशदेखा समूह की महिलाओं द्वारा पारंपरिक विधि से तैयार किए गए व्यंजनों का स्वाद चखा। राज्यपाल श्री डेका ने ग्रामीण परिवेश में विकसित होम-स्टे को प्रेरणादायक कदम बताया और कहा कि यह प्रयास न केवल ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देते हैं, बल्कि स्थानीय महिलाओं और ग्रामीण परिवारों की आजीविका को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाते हैं। इस दौरान स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने 'जसक्राफ्ट' ब्रांड के तहत छिंद एवं कांसा से निर्मित पारंपरिक आभूषण माला एवं झुमके राज्यपाल को भेंट किए।

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ में 7 अप्रैल को 'चावल उत्सव' एक साथ मिलेगा तीन महीने का राशन

रायपुरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 7 अप्रैल का 'चावल उत्सव' मनाया जाएगा. इस दौरान हितग्राहियों को तीन माह अप्रैल, मई और जून का चावल वितरण किया जाना है. इसके लिए भंडारण किया जा रहा है, लेकिन पिछली बार दो माह का एकमुश्त चावल देने की घोषणा की गई थी। जो पूरी नहीं हो पाई, इधर तीन माह का चावल एकमुश्त देने की बात कर रही है।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मार्च माह में ही प्रदेश के लगभग 7 लाख हितग्राहियों को राशन नहीं मिल पाया था. वहीं छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के मुख्यालय, नवा रायपुर में निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने चावल उपार्जन, भंडारण के लिए बैठक आयोजित की।

अधिकारियों को दिए गए निर्देश

इसमें प्रमुख अधिकारियों एवं प्रदेश के समस्त जिला प्रबंधकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक ली गई। इसमें शासन द्वारा प्रदेश के हितग्राहियों को तीन माह का अनाज एकमुश्त दिए जाने के निर्देश जारी किए। साथ ही कहा कि वितरण के पूर्व प्रदेश के समस्त उचित मूल्य की दुकानों में चावल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का दायित्व निगम के जिला प्रबंधकों की है। चावल भंडारण में किसी भी प्रकार की व्यावहारिक दिक्कत या परिवहन समस्या, लेबर की कमी हो तो निगम मुख्यालय के उच्चाधिकारियों को अवगत करावें और स्थानीय स्तर पर आने वाली समस्याओं का तत्काल हल कराने के लिए जिलों के कलेक्टर से निरंतर संपर्क रखकर समय सीमा में भंडारण कार्य पूर्ण कराने कहा गया है।

दुकानों में पहुंचा राशन

खाद्य विभाग ने सभी उचित मूल्य दुकानों को 31 मार्च तक पर्याप्त मात्रा में चावल का स्टॉक रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि 30 अप्रैल तक सभी पात्र हितग्राहियों को राशन उपलब्ध हो जाए। राशन वितरण को पारदर्शी बनाने के लिए अप्रैल में 'चावल उत्सव' आयोजित किया जाएगा।

इस दौरान खाद्य, राजस्व और सहकारिता विभाग के अधिकारी निगरानी रखेंगे। यदि कहीं भी गड़बड़ी, हेराफेरी या अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सड़क पर कब्जा किया तो अब एफआईआर होगी दर्ज

रायपुरा/नवप्रदेश। रायपुर में सड़क और बाजार क्षेत्रों में अतिक्रमण करने वालों पर अब सख्त कार्रवाई होगी। रायपुर निगम

और पुलिस प्रशासन ने साफ कर दिया है कि, सड़क पर कब्जा करने वाले दुकानदारों के खिलाफ अब सीधे एफआईआर दर्ज की जाएगी। साथ ही सड़क पर रखा सामान जब्त कर लिया जाएगा। इसके लिए शहर में जोनवार अभियान चलाया जा रहा है। रायपुर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला और कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप और यातायात एसपी अजय कुमार के मार्गदर्शन में टीमों ने संयुक्त अभियान शुरू कर दिया है।एएसपी यातायात विवेक शुक्ला, नगर निगम के अपर आयुक्त पंकज के. शर्मा समेत नगर निवेश और उड़नदस्ता की टीमों ने बुधवार को जोन क्रमांक-4 के मालवीय मार्ग और जोन-5 के पुरानी बस्ती मार्ग व लाखेनगर चौक क्षेत्र में कार्रवाई की।

सरकार की अनिर्णय क्षमता के कारण आरटीई में गरीब बच्चों को प्रवेश नहीं मिल पा रहा

रायपुर/नवप्रदेश। सरकार के अनिर्णय क्षमता के कारण आरटीई में निजी स्कूलों में गरीब बच्चों की भर्ती में हो पा रही है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि सरकार की अनिर्णय क्षमता निजी स्कूलों की फीस बढ़ोतरी की मांग और भर्ती नियम में बदलाव के विवाद के चलते गरीब बच्चों से शिक्षा का अधिकार छीना जा रहा है। भाजपा सरकार गरीब माता पिता के बच्चों के निजी स्कूलों में पढ़ने के सपना को कुचल रही है।पहले आरटीई के भर्ती नियम में बदलाव कर निजी स्कूलों में नर्सरी को नही बल्कि पहली कक्षा को प्रवेश कक्षा माना गया जो सरासर गलत है। जबकि स्कूल की प्रथम कक्षा अगर नर्सरी है तो भर्ती उसी कक्षा से शुरू होगी। क्योंकि निजी स्कूलों में जो बच्चे खुद के खर्च से नर्सरी में भर्ती होते है वो प्रगति करते हुए पीपी वन/टू के बाद क्लास वन में पहुँचते है। जब क्लास वन की सीट पूर्व से शिक्षा ले रहे पीपी टू के बच्चां से भर जायेगी ऐसे में आरटीई के तहत गरीबो बच्चों के लिए सीट कहाँ बचेगा? आखिर सरकार निजी स्कूलों के फीस बढोत्तरी के मांग पर विचार क्यां नहीं कर रही है?प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब बच्चों को शिक्षा का अधिकार देना नहीं चाहती।

2,000 करोड़ रुपये के बकाया बिजली बिल को लेकर विवाद

रायपुरा/नवप्रदेश। 2,000 करोड़ रुपये के बकाया बिजली बिल को लेकर चल रहे विवाद में अब तेलंगाना ने बैठक स्थल को लेकर पेंच फंसा दिया है। सात साल पुराने वित्तीय गतिरोध को सुलझाने के लिए दोनों राज्य बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन यह तय नहीं हो पा रहा कि वार्ता रायपुर में होगी या हैदराबाद में।

बिजली कंपनी के अधिकारियों के अनुसार, पूर्ववर्ती रमन सिंह सरकार के कार्यकाल में राज्य बिजली कंपनी ने तेलंगाना सरकार से 1,000 मेगावाट बिजली आपूर्ति का समझौता किया था। प्रारंभ में बिल का भुगतान किया गया, लेकिन बाद में तेलंगाना ने

भुगतान करना बंद कर दिया।

2,000 करोड़ रुपये अब भी बकाया

बकाया राशि धीरे-धीरे 3,600 करोड़ तक पहुंच गई। हालांकि, तेलंगाना सरकार ने किश्तों में 1,600 करोड़ का भुगतान किया, बावजूद 2,000 करोड़ रुपये अब भी बकाया है। तेलंगाना सरकार इस बकाया को मानने से इन्कार कर रही है। भुगतान नहीं होने की स्थिति में छत्तीसगढ़ ने बिजली आपूर्ति पहले ही रोक दी है।

सरकार बदलने के बाद भ्रष्टाचार का आरोप

भ्रष्टाचार के आरोपों का साया मामला केवल वित्तीय नहीं, बल्कि राजनीतिक भी है। तेलंगाना की वर्तमान रेवंत रेड्डी सरकार ने पूर्ववर्ती केसीआर सरकार पर छत्तीसगढ़ से महंगी दर पर बिजली खरीदने और 1,300 करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। न्यायिक आयोग मामले की जांच कर रहा है।

कानूनी विकल्पों पर विचार

करीब 2,000 करोड़ के बकाया बिल को लेकर तेलंगाना सरकार के अधिकारी पहले रायपुर बैठक करने सहमत थे, लेकिन अब हैदराबाद में बैठक करना चाह रहे हैं। कोशिश कर रहे हैं कि दोनों राज्यों के बीच चर्चा रायपुर में हो। कानूनी विकल्पों पर भी विचार कर रहे हैं।

-भीम सिंह कंवर,एमडी, राज्य बिजली वितरण कंपनी

लुटेरों ने पैसे नहीं देने पर मजदूर को किया लहूलुहान

❖ लुटेरों ने तलाशी ली, खाली जेब देखकर गाली दी; धारदार हथियार से किया जानलेवा हमला

रायपुरा/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के रावाभांठा इलाके में एक मजदूर पर लूट की नीयत से हमला करने का मामला सामने आया है। बदमाशों ने पहले उसकी तलाशी ली, लेकिन पैसे नहीं मिलने पर गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। घायल मजदूर का अस्पताल में इलाज जारी है।पीड़ित वेदराम मनहर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि, वह रावाभांठा प्रेमनगर में रहता है और रोजी-मजदूरी का काम करता है। 3 अप्रैल 2026 की रात करीब 9:20 बजे वह पैदल काम के लिए शिव रियल इस्पात की ओर जा रहा था। जैसे ही वह हरीश पेट्रोल पंप के पास गली में पहुंचा, तभी स्कूटी सवार दो अज्ञात युवक उसके पास आए।आरोपियों ने उसे रोककर उसकी जेब टटोलनी शुरू कर दी। जब उनके हाथ कुछ नहीं लगा तो वे उसे ÷भिखारी÷ कहकर गाली देने लगे और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद एक आरोपी ने अपने पास रखे धारदार हथियार से उसके बाएं कंधे पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और काफी खून बहने लगा।

छत्तीसगढ़ में बारिश और आंधी से बदलेगा मौसम, गर्मी से मिली राहत

रायपुरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश में झुलसाती गर्मी के बीच मौसम ने अचानक करवट ली है। बीती रात राजधानी समेत कई जिलों में हुई बारिश ने लोगों को राहत दी है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट, गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई है, जिससे गर्मी से जूझ रहे लोगों को और राहत मिल सकती है।

बारिश से मिली राहत, कई इलाकों में दर्ज हुई वर्षा

पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। नांगुर में 3 सेमी और जगदलपुर में 1 सेमी वर्षा रिकॉर्ड की गई।

बारिश के बाद वातावरण में ठंडक घुली, जिससे लोगों ने गर्मी से कुछ राहत महसूस की।

तापमान में अभी स्थिरता, फिर आएगी गिरावट

मौसम विभाग के अनुसार, बीते 24 घंटों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं हुआ है। आने वाले 24 घंटों में भी तापमान लगभग स्थिर रहेगा, लेकिन इसके बाद अगले दो दिनों में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जा सकती है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस राजनांदगांव में दर्ज किया गया,

---

सवा दो साल में सरकार ने कुछ किया नहीं किस मुंह से गांव जायेंगे भाजपाई : कांग्रेस

■ भाजपा के कार्यकर्ता गांव चलो अभियान से खुद को दूरी बना रहे है

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा द्वारा गांव चलो अभियान चलाये जाने पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि पिछले सवा 2 साल में भाजपा की सरकार ने कोई जनहित के काम किया ही नहीं, किस मुंह से गांव जाएंगे भाजपाई। जब भाजपाई गांव जाएंगे तो गांव की जनता भाजपा के नेताओं से सवा दो सालों के कामों का हिसाब मांगेगी। सरकार ने पंचायतो को मूलभूत की राशि तक दिया नहीं। गांव में विकास कार्य ठप्प पड़े है। जनता भाजपाई को सबक सिखाने इंतजार कर रही है। इसलिये भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता भी गांव चलो अभियान से कन्नी काटने वाले है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश की जनता से धोखा किया है। 17 जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया। 10 हजार से अधिक गोठानों को बंद कर दिया, गांव की महिला स्व-सहायता समूह की बहने बेरोजगार हो गयी है, 7 लाख किसानों का धान भाजपा सरकार ने नही खरीदा है। गांव की जनता इंतजार कर रही कि भाजपा के लोग गांव आये तो उनसे पिछले सवा दो साल का हिसाब लिया जाये।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि कोई सरकार सवा दो साल में ही अलोकप्रिय हो सकती है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण साय सरकार है। जिसने किसान, युवा, महिला सभी का विश्वास खो दिया है। प्रदेश की जनता 2028 के चुनाव का इंतजार कर रही है।

खनिज राजस्व को उपलब्धि बताकर संसाधनों की लूट और अंधाधुंध जंगल कटाई को छुपाना चाहती है सरकार -कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। खनिज राजस्व में 14 प्रतिशत वृद्धि के सरकारी दावे को चंद पूंजीपतियों के मुनाफे के लिए प्राकृतिक संसाधनों की अनियंत्रित और असंतुलित लूट का प्रमाण बताते हुए प्रदेश कांग्रेस कमटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि जिस अपराध के लिए इस सरकार को प्रदेश की जनता से माफी मांगनी चाहिए, उसे उपलब्धि बताकर अपनी पीठ थपथपाई जा रही है। मात्र 16625 करोड़ के खनिज राजस्व के लिए पूरा प्रदेश उजाड़ दिया गया, इसके एवज में लाखों करोड़ के बहुमूल्य खनिज और सैकड़ों साल में समृद्ध हुए जंगलों की आहुति दे दी गई है। हसदेव, तमनार, धमजयगढ़, रायगढ़, मैनपाट, बैलाडीला, बचेली, किरंदुल कांकेर, बस्तर और बीजापुर में हजारों एकड़ में फैले सघन जंगलों को बर्बाद कर दिया गया।

रायपुर-उरकुरा-मांढर सेक्शन में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग का काम, 14 ट्रेन प्रभावित

रायपुरा/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में चल रहे काम की वजह से आज कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। रायपुर-उरकुरा-मांढर सेक्शन में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग लगाने का काम किया जा रहा है। जिस कारण कुछ ट्रेनें पूरी तरह रद्द रहेंगी और कुछ आंशिक रूप से चलेंगी।11 मेमू ट्रेनों को पूरी तरह रद्द किया गया है। और 4 ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द (बीच से चलेंगी) रहेंगी। यानी ये ट्रेन पूरी

तरह बंद नहीं होगी, बल्कि अपने पूरे रूट का कुछ हिस्सा नहीं चलती। आसान भाषा में कहें तो ट्रेन कुछ स्टेशनों तक ही चलेगी। आगे का सफर रद्द रहेगा या फिर ट्रेन बीच के किसी स्टेशन से ही शुरू होगी, शुरुआती हिस्सा रद्द रहेगा।

ये 9 मेमू ट्रेनें रद्द रहेंगी

68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू
68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू
68733 गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू
68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू
58205 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी पैसेंजर
68701 रायपुर-दुर्ग मेमू
68702 दुर्ग-रायपुर मेमू
68703 रायपुर-दुर्ग मेमू
68704 दुर्ग-रायपुर मेमू
6 अप्रैल 2026 को 58206 इतवारी-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।

4 ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द (बीच से चलेंगी)

68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू: बिलासपुर तक ही चलेगी
68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू: बिलासपुर से शुरू होगी
58217 टिटलागढ़-रायपुर पैसेंजर (04 अप्रैल): महासमुंद तक ही चलेगी
58218 रायपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर (05 अप्रैल): महासमुंद से चलेगी

गदही तालाब से बदल रही क्षेत्र की तस्वीर

ग्रीन आर्मी रायपुरा जोन का सफाई अभियान का 7 सप्ताह पूर्ण

रायपुरा/नवप्रदेश। ग्रीन आर्मी रायपुरा जोन द्वारा गदही तालाब में चलाया जा रहा निरंतर सफाई अभियान आज दिनांक 5 अप्रैल 2026 को सफलतापूर्वक 7 सप्ताह पूर्ण कर चुका है। जिस स्थान पर पहले गंदगी, शराब की बोतलें, पाउच, पन्नी, पॉलीथिन, कंटीली झाड़ियां एवं कचरे का अंबार था, आज वही गदही तालाब क्षेत्र स्वच्छ, सुंदर और जनउपयोगी बन चुका है।

यह परिवर्तन केवल सफाई नहीं, बल्कि जागरूकता और सामूहिक प्रयास की शक्ति का उदाहरण है। आज यहां महिला एवं पुरुष सुबह-शाम मॉर्निंग वॉक, इवनिंग वॉक कर रहे हैं तथा परिवार के साथ सुरक्षित वातावरण में समय बिता रहे हैं। गदही तालाब की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है, जो पर्यावरण संतुलन, जल संरक्षण और स्थानीय पारिस्थितिकी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को स्मार्ट सिटी के सहयोग से पुनः प्रारंभ कराया गया है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा और सुविधा दोनों बढ़ी है। जोन कमिश्नर को तालाब की समस्याओं से अवगत कराया गया है तथा स्वास्थ अधिकारी को भी आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचित किया गया है। आगामी रविवार को गोताखोरों की मदद से तालाब के पानी की विशेष सफाई की जाएगी, जिससे जल की गुणवत्ता और बेहतर हो सके। ग्रीन सेंट्रल कोर कमिटी द्वारा समस्त कार्यों की सतत निगरानी की जा रही है।

इस अभियान में सेंट्रल कोर कमिटी रायपुर, स्मार्ट सिटी टीम, डीडीयू नगर जोन एवं नगर निगम का सहयोग सराहनीय रहा है। स्थानीय पार्षद श्री महेंद्र औसर जी को भी क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया गया। महिला शक्ति, बच्चों एवं नागरिकों की सक्रिय भागीदारी इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरी है।

तालाब और सफाई का महत्व

गदही तालाब केवल जल स्रोत नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के पर्यावरण का आधार है। स्वच्छ तालाब भूजल स्तर बनाए रखते हैं, आसपास के वातावरण को शुद्ध करते हैं और जनजीवन को स्वस्थ बनाते हैं। गंदगी न केवल बीमारियों को बढ़ावा देती है, बल्कि प्राकृतिक संतुलन को भी बिगाड़ती है। इसलिए हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह सफाई को अपनी जिम्मेदारी समझे और इसमें सहभागी बने।

पदाधिकारियों की प्रतिक्रिया-अध्यक्ष श्री सुबोधकांत निषाद जी ने कहा, यह अभियान केवल सफाई नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता लाने का प्रयास है। जब तक हर नागरिक इसमें भाग नहीं लेगा, तब तक स्थायी बदलाव संभव नहीं है।सचिव मनीष शर्मा जी ने कहा, तालाब और पर्यावरण की रक्षा हमारी जिम्मेदारी है।

माओवाद के अंत के साथ बस्तर क्षेत्र में अब विकास को मिलेगी नई दिशा

■ 1.20 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की दी सौगात

कोंडागांव / नवप्रदेश। वन मंत्री श्री केदार कश्यप शनिवार को जिले के सुदूर अंचल स्थित ग्राम केजंग पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उत्साह के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर वन मंत्री ने क्षेत्रवासियों को लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपए के 11 विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न ग्राम पंचायतों में सड़क, भवन एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन मंत्री श्री कश्यप कहा ने कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार आम नागरिकों के हित में क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र पूर्व में माओवाद से प्रभावित रहा है, किन्तु पूरा छत्तीसगढ़ माओवाद के प्रभाव से मुक्त हो गया है और अब बस्तर संभाग भयमुक्त होकर विकास की मुख्यधारा में तेजी से आगे बढ़ेगा और अधिक समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार मिलेगा।

भूमिपूजन किए गए कार्यों में ग्राम पंचायत कुधूर में 1 किमी मुरमीकरण कार्य (मांझानार से साहूपारा प्रतीक घर तक) लागत 19 लाख रुपए, तरईपारा से पंडेला घर तक सीसी सड़क निर्माण लागत 9.60 लाख रुपए, ग्राम पंचायत कोरमेल के पटेलपारा में सीसी सड़क निर्माण लागत 9.60 लाख रुपए, ग्राम पंचायत जोडेंगा में सांस्कृतिक भवन से कमलू घर तक सीसी सड़क निर्माण लागत 9.60 लाख रुपए, ग्राम पंचायत पदनार में प्राथमिक शाला भवन से समलू घर तक सीसी सड़क निर्माण लागत 9.60 लाख रुपए, ग्राम पंचायत पुसपाल में नीचेपारा में कुलधर घर से सुधीर यादव घर तक सीसी सड़क निर्माण लागत 9.60 लाख रुपए, ग्राम पंचायत मड़ागांव में सांस्कृतिक भवन से पीलाराम घर तक सीसी सड़क निर्माण लागत 9.60 लाख रुपए, ग्राम पंचायत केजंग में घोटुल गुड़ी के पास शेड निर्माण लागत 6 लाख रुपए, ग्राम पंचायत मडानार में स्कूल मुख्य द्वार से पेदेबाई घर तक सीसी सड़क निर्माण लागत 9.60 लाख रुपए एवं प्राथमिक शाला में शौचालय निर्माण लागत 5 लाख रुपए तथा ग्राम पंचायत बेतबेड़ा में मुख्य मार्ग से ढोलमांदरी सन्नू घर तक मार्ग मुरमीकरण 15 लाख रुपए का कार्य शामिल हैं।कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष श्री टोमेन्द्र ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।

न्यूज गैलरी

श्री श्याम अखाड़े का आयोजन 7 को

पिथौरा/नवप्रदेश। प्रथम श्री श्याम अखाड़े की भांति इस वर्ष भी पुनः श्री खाटू वाले श्याम बाबा की असीम कृपा से द्वितीय श्री श्याम अखाड़े के का भव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ कृषि उपज मंडी समिति के सामने बया रोड पिथौरा में आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव को लेकर श्याम भक्तों में

जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है तथा पूरे नगर में भक्तिमय माहौल बन गया है। प्रचार प्रसार के लिए श्री श्याम भक्त मण्डल के सदस्यों के द्वारा नगर में होर्डिंग एवम पोस्टर से सजाया गया है।वहीं सदस्य गण सरायपाली ,बसना ,सांकरा, झलप, बागबाहरा की तरफ जाकर सभी जगह श्याम सेवा समिति को आमंत्रण देकर आमंत्रित कर रहे हैं ।सदस्यों ने बताया कि हम सारे सदस्य पूरे जोश खरोश से श्याम अखाड़े की तैयारी में जुटे हुए हैं जिससे कि आयोजन को भाव,भक्ति एवम भजनों से भव्य बनाया जा सके। बता दें कि प्रथम श्याम अखाड़े को भी न केवल नगर में बल्कि पूरे अंचल में सराहा गया था। और तबसे ही अंचल के श्याम भक्त इस द्वितीय श्याम अखाड़े का इंतजार कर रहे थे।जो अब जा कर पूरा होने जा रहा है।

द्वितीय श्री श्याम अखाड़े के आयोजन में सायं 7 बजे खाटू वाले श्याम बाबा का अलौकिक एवं भव्य श्रृंगार किया जाएगा। एवम बाबा श्याम की ज्योत जागृत की जाएगी।जिससे सभी भक्त कतार में ज्योत लेंगे। श्रृंगार दर्शन के पश्चात श्याम भजन संध्या का भव्य आयोजन होगा। इस श्याम अखाड़े के भजन संध्या में विश्व प्रसिद्ध श्री खाटू के श्याम मंदिर के पुजारी श्रद्धेय श्री श्याम सिंह चौहान के सानिध्य में देश की प्रसिद्ध भजन गायिका अंजलि द्विवेदी (मुंबई), भजन गायक अंबरीश कुमार मुंबई ,सुदर्शन कुमार मुंबई, विनय अग्रवाल रायपुर, अरुण सिंह संबलपुर ,श्याम शर्मा सरायपाली, के साथ खगेश डड़सेना सरायपाली निर्मल म्यूजिकल ग्रुप के साथअपने सुमधुर एवं भावपूर्ण भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।वहीं बाबा श्याम के शीश के मनमोहक श्रृंगार की जिम्मेदारी विख्यात भजन गायक सुरेश राजस्थानी को सौंपी गई है जो बाबा के श्रृंगार के साथ साथ अपने सुमधुर भजनों से बाबा को रिझाएंगे।

विपक्ष की गैरहाजिरी से सामान्य सभा स्थगित, जनहित के कई मुद्दे अटके

छुरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत छुरा में गुरुवार को आयोजित सामान्य सभा की महत्वपूर्ण बैठक विपक्ष के 9 पार्षदों की सामूहिक अनुपस्थिति के कारण स्थगित करनी पड़ी। बैठक में नगर विकास कार्य, वार्डों के निर्माण प्रस्ताव, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पूर्वानुमान जैसे अहम विषयों पर चर्चा होनी थी, लेकिन आवश्यक गणपूर्ति नहीं होने से कार्यवाही प्रारंभ ही नहीं हो सकी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, अध्यक्ष पक्ष के 6 पार्षद बैठक में समय पर उपस्थित रहे, जबकि विपक्ष के सभी 9 पार्षद गैरहाजिर रहे। परिषद की कार्यवाही के लिए आवश्यक कोरम पूरा नहीं होने के कारण बैठक स्थगित कर दी गई, जिससे कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव फिलहाल लंबित हो गए।पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर नगर पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार, विपक्ष की यह अनुपस्थिति पूर्व नियोजित रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है। स्थानीय स्तर पर इसे राजनीतिक कारणों से जोड़कर देखा जा रहा है। नगर के जानकारों का कहना है कि विपक्ष जनहित के मुद्दों को लेकर सजग नजर नहीं आ रहा है, जिसके परिणामस्वरूप आम जनता को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है। विकास कार्यों में देरी, पेंशन संबंधी मामलों का लंबित होना और वार्डों की मूलभूत सुविधाओं पर निर्णय टलना इसका सीधा प्रभाव माना जा रहा है।

बेहतर परिणाम के लिए चुनाव प्रबंधन अतिआवश्यक : देवांगन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। सारागांव में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी, विधानसभा मंडल के द्वारा कस्तूरबा ट्रस्ट भवन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण में वक्ता के रूप में उपस्थित युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने बूथ प्रबंधन पर उद्बोधन देते हुए कहा कि चुनाव जीतने में बूथ की भूमिका ठीक वैसी ही है, जैसी कि मकान बनाने में नींव की रहती है। नींव जितनी मजबूत रहेगी, मकान उतना ही मजबूत रहेगा। इसी प्रकार बूथ जितना मजबूत रहेगा, पार्टी की उपस्थिति दमदार और जीत की संभावना प्रबल रहेगी। चुनाव में पार्टी प्रत्याशी अपने दम पर नहीं जीतता बल्कि बूथ कमेटी में शामिल पदाधिकारी व सदस्य अपनी कड़ी मेहनत एवं स्मार्ट प्रबंधन से उसकी जीत सुनिश्चित करते हैं। यही वजह है कि बूथ कमेटियों को सशक्तता प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण महाभियान चलाया जा रहा है क्योंकि समय के साथ प्रतिद्वंदी पार्टियां अपनी रणनीति को अपडेट करती रहती हैं, जिससे मुकाबला करने के लिए भाजपा की बूथ कमेटियों को भी अपडेट किया जाना अत्यंत अनिवार्य है। देवांगन ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता यह सोचकर पूरी लगन, मेहनत व ईमानदारी से काम करता है कि उनके सहयोग से जीता हुआ प्रत्याशी पूरी ईमानदारी से जनहित में कार्य करते हुए समाज, प्रदेश व देश की सेवा करेगा। इन कार्यकर्ताओं की कोई पृथक महत्वाकांक्षा नहीं होती। यही भाजपा कार्यकर्ताओं की विशेषता है।

विकास कार्यों को मिली रफ्तार, मंत्री कश्यप ने किया कई कार्यों का लोकार्पण

सुकमा / नवप्रदेश। जिले में विकास योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली, जब छत्तीसगढ़ शासन के वन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा सुकमा जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप ने अपने एकदिवसीय प्रवास के दौरान कई निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम की शुरुआत वार्ड क्रमांक 03 पुसामीपारा में 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित कौशल विकास सामुदायिक केंद्र के उद्घाटन से हुई। इस केंद्र के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उनके आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मदद मिलेगी।

इसके बाद प्रभारी मंत्री ने लगभग 1 करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से बने प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास, झापरा का लोकार्पण किया। छात्रावास का अवलोकन

करते हुए उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और छात्राओं से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया।

सभा को संबोधित करते हुए कश्यप ने कहा कि राज्य सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने क्षेत्र में हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब दूरस्थ इलाकों तक भी योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि लंबे समय से बंद पड़े केरलापेंदा स्थित राम मंदिर को फिर से आमजन के लिए खोल दिया गया है, जहां हाल ही में हनुमान जयंती पर सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया।

उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शांति और विकास के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार लगातार सकारात्मक दिशा में कार्य कर रही है। साथ ही, महतारी वंदन योजना और 'लखपति दीदी' जैसी योजनाओं के जरिए महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है।

प्रभारी मंत्री ने छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की सलाह दी। शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है।

कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इनमें सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह भदौरिया,महिला आयोग सदस्य दीपिका सोरी, जिला पंचायत सदस्य कोरसा सन्नू, माड़े बारसे, जनपद अध्यक्ष कोंटा कुसुमलता कोवासी, नगरपालिका अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। दौरे के अंत में प्रभारी मंत्री अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होकर आगे के लिए रवाना हुए। उनके इस दौरे से जिले में विकास कार्यों को लेकर नई उम्मीद जगी है।

अन्तागढ क्षेत्रवासियों का घोर उपेक्षा : गावड़े

अन्तागढ / नवप्रदेश। कांग्रेस कमेटी के जिला उतर बस्तर कांकेर के महामंत्री विश्रामसिह गावडे ने लिगो देव कर्रसाड विषय पर जानकारी देते हुए विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि - हमारे रूढी प्रथा के अन्तर्गत प्राचीन काल से देवी-देवताओं की पूजा अर्चना करते आ रहे सात मण्डा चौदाह भाई अठारह भूमकाल के लोगों का प्राचीन व्यवस्था कांकेर जिला के तहसील आमाबेडा, अन्तागढ के ग्राम- सेमरगांव में प्राचीन कालीन स्थापित लिगो देव कर्रसाड प्रति तीन वर्ष के अन्तराल में तीन दिवसीय भव्य कर्रसाड (जात्रा) आयोजन किया जाता है। इसमें छतीसगढ़ प्रदेश के प्रकृति धर्म देवी देवताओ के मानने वाले लोगो के आलावा दुसरे राज्य के लोग भी देवी देवता डाग, डोली ,आंगा देव बाना को लेकर लाखो की संख्या में हजारों साल से एकत्रित होते हैं। एकत्रित होकर जीवन जगत की कल्याणर्थ पूजा पाठ कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। इस वर्ष प्रकृति धर्म के मानने वाले क्षेत्रवासियों के द्वारा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए

आशा उम्मीद विश्वास के साथ छतीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय जी को आमंत्रित किया गया था। छतीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री जी भी आदिवासी वर्ग से आते है।अपने समाज का व्यक्ति शीर्ष स्थान पर होने से अपने को गर्व भी होता है।आदिवासी मुख्यमंत्री होने के नाते वर्षो से आरक्षित वर्ग समाज अपने अस्तित्व की लड़ाई से जुझ रहे दंश से मुक्ति पाने की एवं क्षेत्र की वर्षो पुरानी मांग अपूर्ण नहकस्सा जलाशय निर्माण,अन्तागढ़ को जिला, आमाबेडा तहसील को ब्लॉंक का गठन की मांग को लेकर हर्ष उल्लास आशा विश्वास के साथ आमंत्रित किया गया था।

हास्य कवि सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय हुए शामिल

भटगांव /नवप्रदेश। नगर पंचायत भटगांव में भटगांव मेला महोत्सव उद्घाटन समारोह चैतराइ मेला के पावन अवसर पर नगर पंचायत भटगांव के ओर से अखिल

भारतीय हास्य कवि सम्मेलन 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन मुर्तिकार दाता दीवाना एवं संचालन हास्य के कवि बंसीधर मिश्रा ने किया जिसकी शुरुआत अंजू लता अंजू ने सरस्वती वंदना के साथ की। नगर पंचायत भटगांव द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के जानेमाने कवियों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

मसोरा जलाशय बनेगा पर्यटन का नया केंद्र

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले के मसोरा जलाशय में इन दिनों प्रकृति और पक्षी प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। यहां बड़ी संख्या में लेसर व्हिस्लिंग डक , जिन्हें स्थानीय तौर पर सिटी बजाने वाली बत्तख या छोटी सिल्ही कहा जाता है, को देखा जा रहा है। भारतीय उपमहाद्वीप और दक्षिण-पूर्व एशिया में पाई जाने वाली यह छोटी भूरे रंग की बत्तख इस जलाशय की सुंदरता को और

बढ़ा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग NH-30 से मात्र 900 मीटर दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत मसोरा के जामकोट जलाशय को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। होम स्टे नीति के तहत ग्राम पंचायत मसोरा का चयन किया गया है, जिससे क्षेत्र में पर्यटन सुविधाओं का विस्तार हो सके।पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी एवं कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के संयुक्त प्रयासों से यहां 'वन भोज' कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। इस पहल के तहत जिला प्रशासन, ग्रामीणों, स्व-सहायता समूह की महिलाओं तथा वन, खनिज एवं प्रबंधन समिति के सहयोग से जलाशय के आसपास विभिन्न सुविधाएं विकसित की जाएगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने चौपाल के जरिए सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

नकुलनार/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा एवं सुकमा जिले की सीमा से लगे कटेकल्याण विकासखंड के सुदूर और दुर्गम ग्राम पंचायतों में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामी ने व्यापक जनसंवाद अभियान चलाते हुए ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाई। इस दौरान उन्होंने प्रतापगिरी, जंगमपाल, छोटे लखपाल सहित कई ग्राम पंचायतों का दौरा कर स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की।

चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और आत्मीय माहौल में अपनी आवश्यकताओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को खुलकर साझा किया। ग्रामीणों ने विशेष रूप से कटेकल्याणङ्कप्रतापगिरी सड़क निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराने की मांग प्रमुखता से उठाई। इस पर श्री मुडामी ने बताया कि सड़क का अधिकांश कार्य दोनों ओर से पूरा हो चुका है, लेकिन बीच का कुछ हिस्सा अभी शेष है, जिसे प्राथमिकता के साथ जल्द पूर्ण किया जाएगा।उन्होंने स्वयं दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए स्पष्ट किया कि यह मार्ग क्षेत्र की ÷जीवनरेखा÷ है और इसके पूरा होने से आवागमन बेहद आसान हो जाएगा। वर्तमान में जहां ग्रामीणों को 100 से 120 किलोमीटर का लंबा सफर तय करना पड़ता है, वहीं सड़क पूर्ण होने के बाद यह दूरी घटकर मात्र 15 से 20 किलोमीटर रह जाएगी।

शराब दुकान में तयदाम से अधिक वसूल रहे मैनेजर शिवसेना ने खोला मोर्चा, पुतला फूंक जताया विरोध

- तयदाम से अधिक वसूली
- कोचियों को बेच रहे शराब कार्यवाही नहीं तो उग्र आंदोलन की चेतावनी - चंद्रमौली

कांकेर/भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। शासकीय शराब दुकान भानुप्रतापपुर में शराब दुकान के सुपरवाइजर कर्मवीर गुप्ता द्वारा तय दर से अधिक दर पर शासकीय शराब बेची जाने एवं गांव गांव में शराब कोचीयाओ से मिली भगत कर गांव गांव में शासकीय शराब भेज कर बिकवा कर क्षेत्र का

माहौल खराब करने, शराब उपभोक्ताओं का शोषण करने के कारण शिवसेना द्वारा शासकीय शराब दुकान भानुप्रतापपुर में शासकीय शराब दुकान के सुपरवाइजर कर्मवीर गुप्ता का पुतला दहन किया गया। विदीत हो की शासकीय शराब दुकान चारामा में कर्मवीर गुप्ता के द्वारा अनियमितता , शराब कोचियों को गांव-गांव में शराब बेचने, तय दर से अधिक दर पर शराब बेचने के कारण बर्खास्त किया जा चुका है। किंतु वह अपने पहुंच के दम पर शासकीय शराब दुकान भानुप्रतापपुर में सुपरवाइजरी की नौकरी कर रहा है जबकि नियम यह है कि कोई भी बर्खास्त कर्मचारियों को कहीं पर काम में नहीं रखा जाएगा। किंतु मिली भगत कर कर्मवीर गुप्ता भानुप्रतापपुर शासकीय शराब दुकान में सुपरवाइजरी कर रहा है। और अनियमितता करते हुए तय दर से अधिक दर पर शराब बेचकर भानुप्रतापपुर क्षेत्र के शराब उपभोक्ताओं का आर्थिक शोषण कर रहा है।

गांव गांव में शासकीय शराब अवैध रूप से भिजवाकर गांव-गांव का माहौल खराब कर रहा है।

नवनिर्मित सेन भवन का विधायक ने किया लोकार्पण
सेन समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियो का हुआ शपथ ग्रहण

कांकेर/नवप्रदेश। जिला सर्व सेन नाई समाज के नवनिर्मित सेन भवन का लोकार्पण एवं 3 वर्ष के लिए जिला स्तरीय नई कार्यकारिणी समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा कांकेर के विधायक आशाराम नेताम, अतिविशिष्ट अतिथि भरत मटियारा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) एवं अरुण कौशिक अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कांकेर शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुनीत राम सेन प्रांताध्यक्ष सर्व सेन समाज

छत्तीसगढ़ ने की। विशिष्ट अतिथियों में भुवन लाल कौशिक सचिव सर्व सेन समाज छत्तीसगढ़ किसन सेन कोषाध्यक्ष नंद कुमार सेन अध्यक्ष डेढ़ीपार सेन समाज एवं पवन कौशिक पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद उत्तम यादव उपाध्यक्ष नगर पालिका हेमंत बंटी ठाकुर अध्यक्ष जिला किसान मोर्चा, दिनेश रजक अध्यक्ष भाजपा मंडल, दिनेश नागदोने, शकुंतला जैन पार्षद,संदीप मेश्राम पार्षद, डॉ ईश्वर सिन्हा, गौरव जायसवाल, राकेश नायक शामिल रहे। मुख्य मार्ग से नृत्य करते मांदरी नर्तक दलों के द्वारा अतिथियों का सेन भवन तक स्वागत किया गया।

विधायक आशाराम नेताम एवं अतिथियों के हाथों भवन द्वार पर फीता काट कर नव-निर्मित सेन भवन का विधिवत लोकार्पण किया गया। संत शिरोमणि सेन नंदा जी महाराज के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर जिला समिति के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। जिला सर्वस्व से नई समाज के लिए नवनियुक्त अध्यक्ष रुखम सेन उपाध्यक्ष सोमलाल सेन शिशुपाल ठाकुर सचिव दिनेश शांडिल्य सह सचिव ओम प्रकाश सेन कोषाध्यक्ष अशोक सेन जिला कर्मचारी प्रकोष्ठ से जिलाध्यक्ष पवन कुमार सेन सचिव लीलाधर कौशिक सहसचिव पीयूष कौशिक और महिला प्रकोष्ठ से जिलाध्यक्ष श्रीमती विजय लक्ष्मी कौशिक उपाध्यक्ष श्रीमती मालती सेन सचिव श्रीमती सुनीता सेन को विधायक आशाराम नेताम एवं अन्य अतिथियों ने शपथ ग्रहण कराया। मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज की उन्नति के लिए शिक्षा, संगठन एवं आपसी सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सेन समाज के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता को और मजबूत करते हैं। सेन समाज के आराध्य संत शिरोमणि नंदा सेन जी महाराज की भक्ति हमें प्रेरणा देती है।

महाविधालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन

भाटापारा /नवप्रदेश। शहर से लगभग 3 किलोमीटर दूर ग्राम आलेसुर स्थित दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में छात्रसंघ शपथ ग्रहण समारोह एवं वार्षिकोत्सव 'उमंग' का गरिमामय एवं भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ के भामाशाह के रूप में विख्यात समाजसेवी दाऊ कल्याण सिंह की 150वीं जयंती के अवसर पर किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, प्राध्यापकों, गणमान्य अतिथियों एवं अग्रवाल समाज के लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।कार्यक्रम का शुभारंभ दाऊ कल्याण सिंह की आदमकद प्रतिमा के अनावरण के साथ हुआ।

मुंगेली में बढ़ती भिक्षावृत्ति, प्रशासनिक कार्रवाई के बावजूद नहीं लग रहा अंकुश

***स्कूल की जगह सड़कों पर बच्चे, भिक्षावृत्ति ने छीना बचपन**

***छापेमारी बेअसर, लोगों की दया भाव से पनप रही भिक्षावृत्ति**

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर में एक ओर जहां प्रमुख स्थानों पर भिक्षावृत्ति बढती जा रही है वही दूसरी ओर प्रशासन के लगातार कार्यवाई से भी इस पर अंकुश नहीं लग पा रहा है प्रशासनिक अमला छापा मारी कार्यवाही मंदिरों चौंक चौराहों पर लगातार कर रहे है किन्तु लोगों में जागरूकता नहीं होने के कारण यह भिक्षावृत्ति पनप रही है, जिला मुख्यालय इन दिनों शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, मंदिर परिसरों, ट्रैफिक सिग्नलों और होटलों के बाहर भिक्षावृत्ति नजर आ रहा है। जिन बच्चों के हाथों में स्कूल बैग और किताबें होनी चाहिए, वे सड़कों पर राहगीरों के सामने हाथ फैलाते नजर आते हैं। यह न केवल उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है, बल्कि शिक्षा के अधिकार कानून का खुला उल्लंघन भी है। शहर के बाजारों, दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर भिखारियों का भारी जमावड़ा लग जाता है। जब इन्हें भोजन या राशन सामग्री देने की कोशिश की जाती है, तो ये उसे लेने से साफ इंकार कर देते हैं और केवल नकद राशि की ही मांग करते हैं। भिक्षावृत्ति में शामिल कई परिवार शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी ले रहे हैं। मुख्य कारण यह है की लोगों में जागरूकता का अभाव है, अधिकारियों का मानना है कि भिक्षावृत्ति के पनपने का सबसे बड़ा कारण आम नागरिकों में जागरूकता की कमी है। लोग दया भाव में आकर भिक्षुओं को पैसे या सामग्री दे देते हैं, जिससे इस कुप्रथा को बढ़ावा मिलता है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सड़कों पर भिक्षा न दें। यदि आप किसी की मदद करना चाहते हैं, तो अधिकृत संस्थाओं या दान केंद्रों के माध्यम से करें ताकि जरूरतमंदों को सही दिशा और कौशल विकास मिल सके। सबसे दुखद स्थिति तब सामने आती है, जब यही लोग अपने छोटे-छोटे बच्चों को भी इस काम में झोंक देते हैं। बच्चों को स्कूल भेजने के बजाय दिनभर सड़कों पर भटकने

प्रशासन की कार्रवाई पर भारी पड़ती जन-उपेक्षा

जिला प्रशासन और संबंधित विभाग द्वारा लगातार छापेमारी और रेस्क्यू अभियान चलाए जा रहे हैं। प्रशासनिक अमला समय-समय पर मंदिरों और प्रमुख चौक-चौराहों पर दबिश देकर भिक्षुओं को वहां से हटाता है और उनके पुनर्वास की कोशिश करता है। हालांकि, इन तमाम कवायदों के बावजूद जमीन पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। प्रशासनिक सख्ती के बावजूद शहर में भिक्षावृत्ति का जाल, जागरूकता की कमी के कारण भारी पड़ रही है, शहर में इन दिनों भिक्षावृत्ति की समस्या एक गंभीर रूप लेती जा रही है। नगर के प्रमुख चौराहों, मंदिर परिसरों, ट्रैफिक सिग्नलों और होटलों के बाहर भिक्षुओं की बढ़ती संख्या न केवल शहर की छवि को प्रभावित कर रही है, बल्कि यह प्रशासन के लिए भी एक बड़ी चुनौती बन गई है। विशेषज्ञों का मत है की जब तक आम जनता भिक्षा देने के बजाय भिक्षुओं को मुख्यधारा से जोड़ने वाली सरकारी योजनाओं का समर्थन नहीं करेगी, तब तक केवल छापेमारी से इस पर पूर्ण अंकुश लगाना संभव नहीं है।

न्यूज गैलरी

शराब पीने से मना करना पड़ा महंगा कलयुगी बेटे ने पिता को पीटा, केस दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना लखनपुर क्षेत्र के ग्राम जमगला में एक बाप को अपने कलयुगी बेटे को शराब पीने से मना करना महंगा पड़ा। कुपुत्र ने अपने जन्मदाता पिता को जमकर पिटाई कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक हरिश्चंद्र मरकाम पिता सुना राम मरकाम उम्र 75 वर्ष साकिन ग्राम महुआ टिकरा जमगला ने अपने पुत्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। दरअसल 3 अप्रेल को रात साढ़े नौ बजे आरोपी युवक शिवशंकर मरकाम पिता हरिश्चंद्र मरकाम शराब के नशे में लड़खड़ाता घर आया बुजुर्ग पिता ने गली में घूम घूम कर शराब पीने से मना किया इस बात से नालायक बेटा नाराज़ हो कर अश्लील गालियां बकते हुए हाथ में रखे डडे से अपने पिता की पिटाई कर दी। आहत पिता ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया। लखनपुर पुलिस मामले में धारा सदर 296 (बी)351 (3) 115 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया है।

सुरीघाट सड़क हादसे में युवक घायल, डॉक्टर ने दिखाई तत्परता

मुंगेली/नवप्रदेश। सुरीघाट में हुए एक सड़क दुर्घटना में ग्राम देवरी निवासी लगभग 24 वर्षीय युवक त्रिलोक महिलांग गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में युवक की हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई। मौके पर उपस्थित डॉ. मनीष बंजारा ने प्राथमिक उपचार प्रदान किया। तत्पश्चात घायल युवक को ऑटो में बैठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया और भर्ती कराया। गौरतलब है कि हाल ही में सड़क सुरक्षा 2026 के अंतर्गत दुर्घटनाओं में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. मनीष बंजारा को रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं परिवहन मंत्री केदार कश्यप द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, दो बाइक से पहुंचे पांच बदमाश, तीन फरार

अंबिकापुर/नवप्रदेश। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता दल सरगुजा की नशे के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। इस दौरान सीतापुर के राधा बेरियर के समीप घेराबंदी कर मोटरसाइकिल से 14 किलो गांजा की तस्करी करने पहुंचे टीकेश्वर यादव निवासी लैलूंगा रायगढ़ तथा खिलेश्वर यादव राजाआमा जशपुर को गिरफ्तार किया गया। इसी बीच मौका पाकर अन्य तीन आरोपी दीनू यादव, किशोर पैकरा व प्रदीप यादव तीनों राजाआमा निवासी फरार हो गए। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली की रायगढ़ और जशपुर के गांजा सप्लायर राधापुर बेरियर के पास तस्करी करने आने वाले हैं। मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 बीबी 9565 का भी उपयोग आरोपियों के द्वारा किया जा रहा था। टीम देर शाम से ही सिविल ड्रेस में राधापुर बैरियर के आस-पास घेराबंदी कर निगरानी रखी हुई थी। रात लगभग 9 बजे आरोपी दो मोटरसाइकिल में सवार होकर पहुंचे जिनकी संख्या 5 थी। जैसे ही इनकी दो पहिया रूकी आबकारी उड़नदस्ता दल ने घेरना शुरू कर दिया जिससे तीन बदमाश फरार हो गए जबकि दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 सी के तहत कार्रवाई की गई। बरामद गांजा की कीमत 3 लाख रूपए बताई जा रही है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि उड़ीसा गांजा का गढ़ है। इस क्षेत्र से ही इसकी तस्करी होती है।

सरकारी योजनाएं कागजों में कैद, बीजातराई सहित कई पंचायतों का हाल बेहाल

मुंगेली/नवप्रदेश। जनपद पंचायत मुंगेली में सेतगंगा क्षेत्र अंतर्गत पंचायत भवनों में लटकते ताले आम ग्रामीणों को चिढ़ाते रहते है। पंचायत भवन बंद रहने से सरकारी योजनाएं कमरे में कैद है। ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी एवं उनका लाभ नही मिल पाने से असमंजस की स्थिती बनी हुई है।

प्रदेश की साय सरकार ग्रामीण तबके की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को पंचायत स्तर पर क्रियान्वित कर रही है, पर इसे क्रियान्वयन करने वाले सचिव लापरवाही बरतने से बाझ नहीं आ रहे है। इसका जीता जागता उदाहरण ग्राम पंचायत बीजातराई में देखने को मिल जायेगा। ग्राम पंचायत बीजातराई का पंचायत भवन में अधिकांश समय ताला लटकता हुआ देखने को मिल जायेगा। सचिव सप्ताह में एक दिन पचायत भवन खोलकर अपने कार्यों को इतिश्री कर लेता है। ग्राम पंचायत के आस-पास में रहने वाले का कहना है कि सप्ताह में एक दिन पचायत भवन खुलते देखा जाता है बाकी दिन अपने कार्यों के लिए सचिव के आने एवं पचायत भवन खुलने का इतजार करते है। एक ओर जहां भाजपा के शासन काल में सचिव पंचायतीराज की धज्जियां उड़ाते हुये शासन के योजनाओं को बेकार करने में जुटे हुये है तो वही ग्राम पंचायतों में सचिव की रवैया के कारण ग्रामीणजन परेशान है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत भवन के करीब में ही सौर ऊर्जा से संचालित पानी टंकी विगत दो माह पूर्व से खराब है। टंकी से पानी लिकेज हो रहा है इसके सुधार के लिए अनेकों बार जनप्रतिनिधी एवं सचिव को ध्यान आकृष्ट कराया जा चुका है लेकिन फंड में राशि नहीं है करके दुहाई देकर उनके द्वारा टालमटोल किया जा रहा है। ग्रामवासियों ने बताया कि शासन के योजनाओं की जानकारी के लिए जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जब पंचायत भवन पहुंचते है पर सचिव सप्ताह में मात्र एक दिन ताला खोलकर ग्रामीणो से कुछ देर के लिए मुलाकात करता है। ऐसे में कार्यालयीन समय के दौरान पंचायत भवन में ताला लटकते आसानी से देखा जा सकता है यही कारण है कि ग्रामवासी हलाकान एवं परेशान है। ग्रामीणों के अनुसार पंचायतीराज के कार्य एवं ग्राम में फैली अव्यवस्था के संबंध में जनप्रतिनिधी और सचिव कई बार बता चुके है उसके उपरात भी वे लोग समस्या का निराकरण करने में ध्यान नहीं दे रहे है। जिससे ग्राम में पंचायतीराज के काम पूरी तरह प्रभावित है।

अधिकारियों का सचिव पर नहीं है कोई नियंत्रण

पंचायतीराज को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए जितना सचिव जिम्मेदार है उतना ही उन पर नियंत्रण करने के लिए अधिकारी भी जिम्मेदारी के दायरे में आते है, पर सचिवों की लापरवाही देखने के बाद पता चलता है कि अधिकारियों का सचिवों की कार्य शैली पर से नियंत्रण पूरी तरह हट चुका है यही कारण है कि सचिव ग्राम पंचायत भवन को नियमित रूप से नहीं खोलते। इसी तरह जनपद पंचायत मुंगेली के ग्राम पंचायत नागोपहरी, मौहार, केशलीकला, जल्ली, दुल्लापुर, तरवरपुर, हरियरपुर, दामापुर, छटन, शुक्लामाठा (विचारपुर), सिपाही, सेमरकोना, भीमपुरी, लछनपुर, कारेसरा सहित अनेक ग्राम पंचायतों में यही आलम है।

पेंड्रा में सरस्वती शिशु मंदिर के नए भवन का भूमि पूजन

पेंड्रा/नवप्रदेश। आज नगर पालिका परिषद पेंड्रा के अध्यक्ष श्री राकेश जालन द्वारा अपने ही प्रारंभिक शिक्षा स्थल सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय, पेंड्रा में एक महत्वपूर्ण विकास कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू जी की निधि से 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नवीन भवन का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ।कार्यक्रम में विद्यालय के व्यवस्थापक विकास जायसवाल, मामन चंद गोयल, राम जी श्रीवास, अनिल सिंह ठाकुर, पंडित कृष्ण दत्त उरमलिया, रमा कांत जायसवाल,

राकेश चतुर्वेदी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय के विकास एवं शिक्षा के क्षेत्र में इस निर्माण कार्य को एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर राकेश जालन ने कहा कि, *मेरे लिए अत्यंत भावुक और गर्व का क्षण है कि जिस विद्यालय से मैंने अपनी शिक्षा की शुरुआत की, आज उसी विद्यालय के विकास में योगदान देने का अवसर मिला है। यह भवन निर्माण विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मैं माननीय सांसद तोखन साहू जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं जिनकी निधि से यह कार्य संभव हो पाया। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

स्कूल और गांवों के बीच बन रही फैक्ट्री पर रोक की मांग

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम कैथ नवागांव सिल्ली में निर्माणाधीन एथेनॉल फैक्ट्री पर रोक लगाने की मांग स्थानीय ग्रामीणों ने की है। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 100 मीटर की दूरी पर लगा महाविद्यालय फास्टरपुर, शासकीय प्राथमिक शाला फास्टरपुर एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला है। उसी से लगा हुआ लगभग 200 मीटर में ग्राम फास्टरपुर, 200 मीटर में ग्राम नागोहरी तालम, 500 मीटर में ग्राम विचारपुर, 300 मीटर में ग्राम उदका है। फैक्ट्री के निर्माण से क्षेत्र में गंभीर पर्यावरणीय एवं

सामाजिक समस्या उत्पन्न होने की संभावना है। वायु प्रदूषण एवं दुर्गंध से जनजीवन प्रभावित होगा। भूजल एवं आसपास के जल स्त्रोतों का प्रदूषण, कृषि भूमि की उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव, स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव, पेयजल की गंभीर समस्या हो सकती है। अतः ग्रामीणों ने उक्त फैक्ट्री के निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाये जाने की मांग की है। मांग करने वालों में जनपद सदस्य जानकी बारमते, ग्राम पंचायत सिल्ली सरपंच रामकली, विचारपुर सरपंच चंद्रकुमार आदि ने रोक लगाये जाने की मांग की है।

ट्रक व कार में भिड़ंत: एजीएम की मौत, लुचकी घाट में हुआ हादसा

अंबिकापुर/नवप्रदेश। रायगढ़ मुख्य मार्ग पर शहर से लगे ग्राम लुचकीघाट काली मंदिर के पास तेज रफ्तार ट्रक व कार में आमने-सामने भिड़ंत हो जाने से कार चालक मां कुदरगढ़ी एल्युमिनियम रिफाइनरी में पदस्थ एजीएम राजेश मिश्रा को गंभीर अवस्था में मेडिकल कालेज चिकित्सालय लेकर पहुंचे।

जहां चिकित्सकों ने स्वास्थ्य जांच क बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि रायपुर टिकरापारा के लक्ष्मीनगर एकता चौक निवासी राजेश मिश्रा पिता शिवप्रसाद मिश्रा 45 वर्ष शहर के गंगापुर तुलसी चौक में किराए में परिवार के साथ रहकर रघुनाथपुर सिलसिला स्थित मां कुदरगढ़ी एल्युमिनियम रिफाइनरी में एजीएम के पद पर पदस्थ थे। कल तीन अप्रैल की शाम ड्यूटी के बाद अपनी कार से वापस घर लौट रहे थे। उनकी वाहन लुचकीघाट काली मंदिर के समीप पहुंची ही थी कि सामने से आ रही तेज व अनियंत्रित रफ्तार की ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से कार को जबरदस्त ठोकर मार दिया।

नवा तरिया आय के जरिया के माध्यम से ग्रामीण आजीविका संवर्धन को मिलेगा बढ़ावा

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेंद्र कटारा एवं जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिले के विकासखण्ड राजपुर अंतर्गत 'मोर गांव मोर पानी महाअभियान' के तहत ग्राम पंचायत धंधापुर में जल संरक्षण, भूजल रिचार्ज एवं आजीविका संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मनरेगा एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के समन्वय से 'नवा तरिया आय के जरिया' अभियान के अंतर्गत संपन्न हुआ। चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं को 'नवा तरिया' के माध्यम से आय अर्जन के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई। चौपाल में लोगो को बताया गया कि समूह आधारित गतिविधियों को अपनाकर ग्रामीण परिवार अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना सकते हैं। नवा तरिया के माध्यम से मछली पालन, बत्तख पालन, सिंघाड़ा की खेती, तरिया के मेड़ पर सब्जी उत्पादन तथा फलदार वृक्षारोपण कर अतिरिक्त आय अर्जित की जा सकती है।

CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LIMITED
OFFICE OF THE SUPERINDENDING ENGINEER (PROJECT) CIRCLE BILASPUR

NO. SE (PROJECT)/ BSP/Tender Notice/112 — BILASPUR, DT. 02 .04.2026

NOTICE INVITING E-TENDER

Online bids are invited through CSPDCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible electrical contractors registered in the O/o CE (PROJECT), CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following work.

No.	Tender No	Rfx no.	Particulars of Works	Tender amount (in Rs.)	Tender fee (online)	Completion period (excluding Rainy season)	Time/Due date of submiision
1	SE/PROJECT/ BSP/T-02 23.03.2026	8100050260	Estiamate for 5*5=25 HP Irrigation TW/Pump Connection at Village Erai under Manora DC under (o&m) JASHPUR & Estimate for 5*5=25 Irrigation TW/Pump Connection at Village Kharkonaunder Manora DC under (O&M)Dn. Jashpur.	663240/-	2000/-	60 Days	3 PM on 13.04.2026
2	SE/PROJECT/ BSP/T-03 23.03.2026	8100050290	Estiamate for 5*3 =15 HP Irrigation TW/Pump Connection at Village Maini (Tower para) under Bagicha DC under (O&M) dn. Jashpur & Estimate For 05 nos. 5*3=15 HP Irrigation TW/Pump Connection at Village Maini (Hospitalpara) under Bagicha DC under (O&M) dn. Jashpur	626167/-	2000/-	60 Days	3 PM on 13.04.2026
3	SE/PROJECT/ BSP/T-04 23.03.2026	8100050342	Estiamate for 6*3 =18 HP Irrigation TW/Pump Connection at Village Ghatmunda under Kunkuri DC under (O&M) dn. Kunkuri & Estimate For 10 nos. 10*3=30 HP Irrigation TW/Pump Connection at Village Batnidand under (O&M) dn. Kunkuri.	1062781/-	2000/-	60 Days	3 PM on 13.04.2026

Terms & Conditions:- 1. Bids will be opened at 3.30pm and onward on the same day of submission.The details available in web site www.cspc.co.in → CSPDCL→ PROJECT may be downloaded and should be submitted.2. CSPDCL reserves the right to reject or cancel any or all the bids without assigning any reason thereof.3. Corrigendum, if any will be published only on website www.cspc.co.in→ CSPDCL→O&M and notice board.4.For e-bidding CSPDCL Helpline no. 0771-2576672 EITC (CSPDCL). tenders.cspdcl@co.in)

V.K.TIWARI (91519200)
Superintending Engineer (Project) Circle
CSPDCL Bilaspur

SAVE ELECTRICITY

मृतिका की हुई पहचान, सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश जारी

अंबिकापुर/नवप्रदेश। शहर के सद्भावना चौक के पास रिंग रोड में मछली दुकान में लगाए गए ग्रीन पर्दे के आड़ में एक महिला के साथ दुष्कर्म और नृशंस हत्या के मामले में कोतवाली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात हत्यारे की तलाश जारी हैं। इधर इस घटना के खुलासे के दूसरे दिवस शनिवार को मृतिका की पहचान होने के बाद पुलिस ने पंचनामा, पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी की और शव परिजनों को सौंप दिया। एडिशनल एसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि लखनपुर थाना क्षेत्र की लगभग 45 वर्षीया महिला अपने पुत्र के साथ अंबिकापुर के गंगापुर में किराए के मकान में रहती थी। वारदात के बाद पुत्र ने ही मृतिका की पहचान अपनी मां के रूप में की। शिनाख्त होने के बाद पीएम की कार्रवाई पूरी की गई। विदित हो कि 2 अप्रैल की रात सद्भावना चौक में रिंग रोड के फुटपाथ में स्थित मछली दुकान के ग्रीन पर्दे की आड़ में यह वारदात हुई थी। देर रात करीब तीन घंटे तक आरोपी ने महिला के साथ हैवानियत किया। अनाचार करने के बाद बाल पकड़ घसिटते हुए दूसरे मछली दुकान की ओर ले गया जहां रखे पत्थर में महिला का सिर कई बार पटकते हुए मौत के घाट उतार दिया था। इतने में ही मन नहीं भरा तो आरोपी ने मृतिका के प्राइवेट पार्ट में पानी का बोतल भी घुसा दिया था। घटना की खबर पर डीआईजी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश

अग्रवाल फॉरेंसिक एक्सपर्ट, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटना स्थल के समीप से सीसीटीवी फुटेज भी प्राप्त किया था। जिसके आधार पर आरोपी की पड़ताल की जा रही है। एडिशनल एसपी का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कोतवाली, साइबर सेल समेत चार विशेष टीम का गठन किया गया है। आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

वारदात के बाद घुमंतू महिला से तंबाकू मांग कर खाया

पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेही की पहचान पांडा उर्फ मिधून के रूप में हुई है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी एक अन्य घुमंतू महिला से तंबाकू मांग कर खाया था। पुलिस का कहना है कि मृतिका के परिजन के द्वारा भी संदेही की पहचान की गई है। पुलिस के द्वारा संदेही का तस्वीर भी जारी की गई है और उसके संबंध में किसी भी तरह की जानकारी मिलने पर कोतवाली प्रभारी संपर्क नंबर 94791-93508 और कंट्रोल रूप नंबर 94791-93599 पर सूचना देने अपील किया गया है।

न्यूज गैलरी

अफीम कांड: कृषि विस्तार अधिकारी एकता बहाल, धमधा में दी नई पोस्टिंग

दुर्ग। जिले में अफीम की खेती के मामले में निलंबित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एकता साहू को राहत मिल गई है। कृषि विभाग ने मानवीय आधार पर उनका निलंबन वापस लेते हुए उन्हें बहाल कर दिया है। बहाली के साथ ही एकता साहू की नई पदस्थापना धमधा में की गई है। हालांकि राहत मिलने के बावजूद उनकी मुश्किलें पूरी तरह खत्म नहीं हुई हैं, क्योंकि उनके खिलाफ विभागीय जांच अभी भी जारी रहेगी। निलंबन के विरोध में संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गया था। मामला समोदा गांव का है, जहां भाजपा नेता विनायक ताम्रकार के खेत में अवैध रूप से अफीम की खेती पकड़ी गई थी। जांच के दौरान लापरवाही पाए जाने पर जिला प्रशासन ने 13 मार्च को एकता साहू को निलंबित कर दिया था। अधिकारियों ने पाया कि जिस खेत को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत मक्का फसल का प्रदर्शन प्लॉट बताया गया था, वहां मक्का की जगह धान की फसल लगी हुई थी। इसके अलावा पास के ही खेत में अफीम की फसल उगाई जा रही थी, जिसकी जानकारी संबंधित विभाग को नहीं दी गई थी। एकता साहू को नई पदस्थापना मिल गई है, लेकिन उन पर लगे आरोपों की जांच अभी समाप्त नहीं हुई है। इस मामले में कलेक्टर अभिजीत सिंह अलग से निर्णय लेंगे। जांच में यह भी सामने आया है कि पोर्टल पर किसान की जगह किसी अन्य व्यक्ति की फोटो अपलोड की गई थी। साथ ही, मौके पर कोई सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया था। इस मामले में पटवारी अनिता साहू और फसल सर्वेयर शशिकांत साहू को भी नोटिस दिया है।

बुजुर्ग महिला से 1.50 लाख की ठगी

दुर्ग। व्यस्त हटरी बाजार इलाके में ठगों ने बुजुर्ग महिला को निशाना बनाया है। ठगों ने झांसा देकर करीब 1.50 लाख के सोने के जेवर लेकर फरार हो गए। आरोपियों ने महिला को कागज की गड्डी दिखाकर बातों में उलझाया और असली जेवर लेकर भाग निकले। कोतवाली थाना पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बालोद जिले के डौंडी की रहने वाली लक्ष्मी जैन (68) मंगलवार दोपहर करीब 2:30 बजे दुर्ग के हटरी बाजार स्थित प्रदीप ग्रीन स्टोर के पास थी। इसी दौरान एक महिला और दो पुरुष उनके पास पहुंचे। ठगों ने नोटों के बंडल दिखाकर बातों में उलझाया। पास से देखने पर वे नोट नहीं, कागज की गड्डियां निकलीं। महिला के अनुसार आरोपियों में करीब 40 साल की महिला, 35 साल का पुरुष, 25 साल का युवक शामिल हैं। महिला ने बताया कि सामने आने पर पहचान सकती हैं। चोरी हुए जेवर में 10 ग्राम मंगलसूत्र, 25 ग्राम चूड़ियां, 5 ग्राम अंगूठी शामिल हैं। कुल 40 ग्राम सोने की कीमत करीब 1 लाख 52 हजार रुपए बताई जा रही है। दुर्ग पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

बीएसपी में 'सेव अ लाइफ' हैंड्स-ओनली सीपीसीआर प्रशिक्षण

भिलाई। बीएसपी जवाहरलाल नेहरू अस्पताल व अनुसंधान केंद्र के एनेस्थीसियोलॉजी विभाग द्वारा सेव अ लाइफ अभियान के अंतर्गत ओपीडी कॉम्प्लेक्स में हैंड्स-ओनली सीपीसीआर (कार्डियो-पल्मोनरी सेरेब्रल रीससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 7 वर्ष के बच्चों से लेकर 80 वर्ष तक के वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग) डॉ. उदय कुमार ने कहा कि हृदयाघात के शुरुआती कुछ मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे समय में प्रशिक्षित व्यक्ति ही जीवन एवं मृत्यु के बीच निर्णायक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि तत्काल सीपीआर प्रारंभ किया जाए, तो मरीज के जीवित बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। प्रशिक्षण सत्र का संचालन एनेस्थीसियोलॉजी विभाग की विशेषज्ञ टीम डॉ. कुमुदनी व डॉ. जयिता सरकार ने किया। प्रतिभागियों को मैनक्विन के माध्यम से छाती पर सही गति और गहराई से दबाव देने का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर और डॉ. उदय कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। प्रशिक्षण नागरिकों को फर्स्ट रेस्पोंडर के रूप में तैयार करने महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

भिलाई में एक ही दिन दो छात्रों ने की आत्महत्या

दुर्ग-भिलाई/नवप्रदेश। दो अलग-अलग जगहों पर छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं सामने आई हैं। पहली घटना पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र की है, जहां 11वीं की छात्रा ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। दूसरी घटना स्मृति नगर चौकी क्षेत्र की है, जहां रूंगटा कॉलेज में बीसीए की पढ़ाई कर रहे 19 साल के छात्र उमेश साहू ने घर में फांसी लगा ली। दोनों मामलों में आत्महत्या की वजह अब तक साफ नहीं हो पाई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सुपेला अस्पताल भेजा गया है।

पहली घटना अकलोरडीह इलाके की है। यहां 17 साल की वीणा ठाकुर ने अपने घर के कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक, वीणा कक्षा 11वीं में पढ़ती थी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जरवाय की छात्रा थी। शनिवार सुबह करीब 3 बजे वह पढ़ाई करने के लिए ऊपर कमरे में गई थी। सुबह करीब 6 बजे घरवालों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने दरवाजा तोड़ा तो वीणा पंखे के सहारे फंदे पर लटकी मिली।

सुसाइड नोट में लिखा- मुझे माफ कर देना, अब नहीं करुंगी परेशान

पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें वीणा ने अपनी मां, पिता, मामा-मामी और परिवार के अन्य लोगों से माफी मांगी है। उसने लिखा है कि सॉरी मम्मी-पापा, मामा-मामी, अब कभी परेशान नहीं करूंगी। पुलिस सुसाइड नोट और परिवार के बयान के आधार पर मामले की जांच कर रही है। मृतका के मामा विष्णु सिंह ने बताया कि वीणा उनकी भांजी थी और बचपन से उनके साथ ही रह रही थी। उसकी मां की साल 2011 में मौत हो गई थी, जिसके बाद वह उसे अपने साथ लाकर पढ़ा-लिखा रहे थे। शुक्रवार को वह अपने पिता और रिश्तेदारों से मिलने गई थी और रात में वापस घर लौटी थी। सुबह पढ़ाई के लिए ऊपर गई और कुछ देर बाद उसकी आत्महत्या की खबर मिली।

बेटे ने भी लगा ली फांसी

दूसरी घटना कोहका के आर्यनगर वार्ड 12 की है। यहां ऑटो चालक के बेटे उमेश कुमार साहू ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उमेश रूंगटा कॉलेज में कंप्यूटर साइंस सेकंड ईयर का छात्र था और बीसीए की पढ़ाई कर रहा था। सुबह काफी देर तक उमेश ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला तो घरवालों को शक हुआ। दरवाजा धक्का देकर खोला गया तो उमेश पंखे से फंदे पर लटका मिला।

पिता को फोन से मिली जानकारी

उमेश के पिता ऑटो चालक हैं। उन्होंने बताया कि वह सुबह काम पर निकल गए थे। बाद में परिवार से फोन आया कि उमेश ने फांसी लगा ली है। परिजनों का कहना है कि उमेश पढ़ाई में ठीक था और उस पर किसी तरह का दबाव भी नहीं था। आत्महत्या की वजह समझ में नहीं आ रही है। इधर पुलिस का कहना है कि दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। परिवार के लोगों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

जेईई मेंस में मोबाइल छिपाने काटी चप्पल, 'मुन्नाभाई' पर केस दर्ज

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई-3 स्थित पार्थिवी इंजीनियरिंग मैनेजमेंट कॉलेज में चल रही जेईई मेंस की परीक्षा में एक मुन्नाभाई पकड़ाया है। छात्र अपनी चप्पल के अंदर मोबाइल छिपाकर परीक्षा केंद्र के अंदर ले जाने की कोशिश कर रहा था। जिसे गार्ड ने पकड़ लिया। छात्र को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। उसके खिलाफ छत्तीसगढ़ सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। दरअसल, पार्थिवी इंजीनियरिंग कॉलेज (आईओन डिजिटल जोन) में जेईई मेंस की पहली पाली की परीक्षा चल रही थी। आरोपी परीक्षार्थी आदित्य कुमार सुबह करीब 8:25 बजे परीक्षा केंद्र पहुंचा। मुख्य गेट पर चेकिंग के दौरान उसने चालाकी दिखाते हुए अपनी चप्पलें पहले ही उतार दीं। जिससे मेटल डिटेक्टर की जांच में वह न पकड़ा जाए। इसके बाद वह लैब नंबर 12 में जाकर अपनी सीट पर बैठ गया और सुबह 9 बजे से पेपर देना शुरू कर दिया। परीक्षा के दौरान सुबह करीब 11.08 बजे आदित्य ने बायो-ब्रेक (वॉशरूम जाने) की अनुमति मांगी। वह लगभग 20 मिनट तक बाहर रहा। जब वह 11.28 बजे वॉशरूम से वापस आया, तो सुरक्षा गार्ड ओमेंद्र कुमार ने उसकी दोबारा जांच की। इस बार भी चालाकी दिखाई और जांच से पहले ही अपनी चप्पलें दूर उतार दीं। जब गार्ड ने चप्पल चेक की तो उसमें मोबाइल मिला। कॉलेज प्रशासन की शिकायत पर पुलिस ने मोबाइल जब्त कर लिया है। आरोपी छात्र के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

नशीली टेबलेट बेचते 2 युवक गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में शनिवार को पद्मनाभपुर पुलिस ने रविशंकर स्टेडियम के पीछे चैनल गेट के पास से 2 युवकों को अवैध नशीली टेबलेट के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 98 हजार 200 रुपए की नशीली दवाइयां, मोबाइल फोन, कैश और एक बाइक जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 3 अप्रैल को पद्मनाभपुर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रविशंकर स्टेडियम के पीछे दो युवक नशीली टेबलेट लेकर ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। पुलिस ने आसपास घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बरामद हुई। तलाशी के दौरान पुलिस को आरोपियों के पास से 97 नग एन-जेडईपी 10 नाइट्राजेपाम टेबलेट, 10 नग अल्फा 0.5 टेबलेट, दो मोबाइल फोन, 400 रुपए कैश और एक एवेंजर बाइक मिली। सभी सामान को जब्त कर लिया गया है। जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 98 हजार बताई जा रही है। पकड़े गए आरोपी में गुलशन कौशल (29) निवासी गुरुघासी दास वार्ड और सुमित भोई (34) निवासी बांसपारा के रूप में हुई है। दोनों लंबे समय से नशीली टेबलेट बेचने की कोशिश कर रहे थे और अवैध कमाई के लिए ग्राहकों की तलाश में थे।

विकास कार्यों का विधायक ललित ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन

भिलाई/नवप्रदेश। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अछोटी एवं ग्राम निकुम में विधायक ललित चंद्राकर ने 73.43 लाख की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की पूजा-अर्चना से हुई। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। विधायक चंद्राकर ने कहा कि क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सड़क, पेयजल, स्वच्छता एवं सामुदायिक भवनों जैसे कार्यों से गांवों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा रहा है और इनसे सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। इस अवसर पर सरपंच झन्ना दिल्लीवार, जनपद सदस्य बेला यादव, उपसरपंच घनश्याम दिल्लीवार, मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, महामंत्री पुराण देशमुख सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अछोटी में हुए प्रमुख कार्य

ग्राम अछोटी में साहू पारा में 12 लाख की लागत से डोमशेड निर्माण, मंडी बोर्ड योजना के अंतर्गत 17.50 लाख से व्यावसायिक परिसर निर्माण तथा मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत 6.50 लाख से सतनाम भवन का निर्माण किया गया। इसके अलावा 5.20 लाख से सीसी रोड निर्माण, 1.5-1.5 लाख से बोर खनन एवं हैंडपंप स्थापना, 3.93 लाख से नाली निर्माण (भूमिपूजन) तथा 3.10 लाख से सड़क निर्माण कार्य किए गए।

ग्राम निकुम में विकास कार्य

ग्राम निकुम अटल पारा में 2.60 लाख के सी.सी. रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण एवं 19.60 लाख के डोम शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

हनुमान जन्मोत्सव पर बिचपुरिया ने किया महिला शक्ति का सम्मान

■ आनंदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर में पहुंच कर पूजा अर्चना की

भिलाई/नवप्रदेश। आनंदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर के प्रांगण में पहुंच कर ब्रजेश बिचपुरिया ने बजरंगबली एवं बाबा भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा अर्चना की और सैकड़ो की संख्या में उपस्थित भक्तगणों को हनुमान जयंती की बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र राजपूत, सचिव संजय सिंह, संजय नेमा एवं समस्त पदाधिकारी ने बिचपुरिया का स्वागत किया एवं उनके माध्यम से समिति की सक्रिय महिलाओं एवं वरिष्ठजनों का सम्मान करवाया। जिन मातृ शक्तियों का सम्मान हुआ उसमें विनीता राजपूत, पूनम सिंह, नीतू नेमा, काकोली जाना, तुलसी राव, अर्चना गुप्ता, इंदुमती पांडे, तामेश्वरी, मनीषा, रितु सिंह, बिंदु साहू, तुलसी देवी देशमुख, हेमलता नशीने, दीपिका देशमुख, कंचन, मीनाक्षी साहू, सातो यादव इसके अलावा क्षेत्र के वरिष्ठ जनों का भी सम्मान किया गया। उसमें दिनेश पांडे, अरुण परिहार, सुभाष गुप्ता, अलन साहू समेत अन्य वरिष्ठ जनों का बिचपुरिया के द्वारा अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी सुनील सिंह, प्रदीप अग्रवाल, प्रकाश रौतेला, लोखंडे एवं आनंदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर समिति विवेकानंद नगर समिति एवं कॉलोनीवासी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

मंत्री गजेंद्र ने किया डोम शेड का लोकार्पण

दुर्ग/नवप्रदेश। केबिनेट मंत्री व शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने शहर के वार्ड 25 संतराबाड़ी में नवनिर्मित डोमशेड का लोकार्पण किया। उन्होंने वार्ड 46 पद्मनाभपुर में डोमशेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया। संतराबाड़ी स्थित गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने वेदमाता गायत्री के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याओं और सुझावों को लेकर चर्चा की। मंत्री यादव ने कहा कि यह भव्य डोमशेड क्षेत्र के धार्मिक व सामाजिक जीवन को नई दिशा देगा। अब यहां विवाह, धार्मिक अनुष्ठान, सामाजिक कार्यक्रम व अन्य सामुदायिक आयोजन सुविधाजनक वातावरण में आयोजित किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा केवल निर्माण कार्य तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों को बेहतर सुविधा, सुरक्षा और सुगमता प्रदान करना है। डोमशेड निर्माण से न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी, बल्कि स्थानीय नागरिकों को भी विभिन्न आयोजनों के लिए एक स्थायी एवं संरक्षित स्थल उपलब्ध होगा। वार्ड क्रमांक 46 पद्मनाभपुर में प्रस्तावित डोमशेड निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में मंत्री यादव ने कहा कि डोमशेड के निर्माण से क्षेत्र में धार्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को नया मंच मिलेगा और स्थानीय स्तर पर सामुदायिक सहभागिता को भी बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान सभापति श्याम शर्मा, पार्षद मनीषा सोनी, संजय अग्रवाल, मनीष कोठारी, गुलशन साहू, युवराज कुंजाम, सविता साहू, भाजयुमो अध्यक्ष हिमांशु सिंह, मंडल अध्यक्ष बंटी चौहान, महेन्द्र लोढ़ा, धीरजलाल टांक, एसपी सिंह, आरडी महिलांग, अभय सोनी सहित क्षेत्रवासी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्रथम पेज का शेष

युद्ध की आंच से झुलसा...

अविभाजित दुर्ग जिले में केले का करीब एक लाख टन केला निर्यात होता है। जो मुख्य रूप से समुद्री मार्ग से ईरान और दुबई भेजा गया। दुबई से यह केला सड़क मार्ग के जरिए अन्य देशों में जाता है।

ईरान के बुशहर न्यूक्लियर...

है कि ईरान में अमेरिकी फाइटर जेट गिराए जाने की घटना से दोनों देशों के बीच बातचीत पर कोई असर नहीं पड़ेगा। ट्रम्प ने कहा, हम युद्ध में हैं। उन्होंने यह बात अमेरिकी मीडिया एनबीसी से एक फोन इंटरव्यू में कही।

ईरान में अमेरिकी पायलट को पकड़ने पर 55 लाख का इनाम

ईरान ने अमेरिकी फाइटर जेट के पायलट को पकड़ने पर 10 बिलियन ईरानी तोमान (लगभग 55 लाख रुपए) के इनाम का ऐलान किया है। ईरान के सरकारी मीडिया आईआरआईबी के एक एंकर ने नागरिकों से अपील की है कि वे अमेरिकी पायलट को जिंदा पकड़कर सरकारी अधिकारी या सेना को सौंपे।

ईरान बोला- 30 से ज्यादा यूनिवर्सिटीज पर हमले हुए

ईरान ने अमेरिका और इजराइल पर अब तक 30 से ज्यादा यूनिवर्सिटीज पर हमले का आरोप लगाया है। ईरान के विज्ञान मंत्री हुसैन सिमाएई सर्राफ ने कहा कि शिक्षा और रिसर्च से जुड़े गैर-सैन्य संस्थानों पर सीधे हमले किए गए हैं, जिससे देश की अकादमिक व्यवस्था को बड़ा नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि इन हमलों के कारण लाखों छात्र शिक्षा और रिसर्च से वंचित हो गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेहरान की प्रमुख शाहिद बेहेश्ती यूनिवर्सिटी भी हमले में क्षतिग्रस्त हुई है। ईरान ने इन हमलों को अपनी वैज्ञानिक और सांस्कृतिक ताकत को कमजोर करने की कोशिश बताया है।

ईरान बोला- जंग खत्म करनी है तो स्थायी समाधान चाहिए

ईरान ने कहा कि वह मौजूदा युद्ध खत्म करने के लिए समझौते के बजाय ठोस और स्थायी समाधान चाहता है। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि देश का मुख्य फोकस इस थोपी गई अवैध जंग को निर्णायक तरीके से खत्म करना है। उन्होंने कहा कि सिर्फ बातचीत या अस्थायी सीजफायर से हालात नहीं सुधरेंगे। ऐसा समाधान जरूरी है जो लंबे समय तक कायम रह सके। अराघची ने यह भी आरोप लगाया कि अमेरिकी मीडिया ईरान के रुख को गलत तरीके से पेश कर रहा है।

आप ग्लोबल सोच अपनाएं...

है। आज, भारत अपनी विकास यात्रा में एक लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है और आपका यह समूह उन लोगों में शामिल होगा जो इस प्रयास का नेतृत्व करेंगे। आपके कौशल हमारे राष्ट्र को समृद्धि की खोज में आगे ले जाने में मदद करेंगे। '

अपने संबोधन में डॉ. जयशंकर ने यह भी कहा कि 'यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि आज भारत में स्नातक होने वालों की संभावनाएं पहले की तुलना में कहीं अधिक उज्ज्वल हैं। वास्तव में, हमारे समाज में एक ऐसा आशावाद है जो दुनिया के कई अन्य हिस्सों में नहीं दिखता। अब आप पूछ सकते हैं कि ऐसा क्यों है? शायद इसलिए, क्योंकि पिछले दस वर्ष बहुत बेहतर रहे हैं, जिससे यह विश्वास पैदा हुआ है कि अगले दस वर्ष और उसके बाद का समय भी वैसा ही होगा। आखिर हम अब दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं। कोई भी इस बात से इनकार नहीं कर सकता कि हाल के कई वैश्विक झटकों ने हमारी लचीलेपन की परीक्षा ली है और भारत उससे मजबूती से बाहर निकला है। हमने घरेलू और बाहरी दोनों चुनौतियों का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया है।'

महासमुंद में 1.51 करोड़ का...

गए। जब्त की गई कुल संपत्ति का अनुमानित मूल्य 2 करोड़ 6 लाख 45 हजार रुपये आंका गया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस इस पूरे नेटवर्क, इसकी सप्लाई चेन और इसमें शामिल वित्तीय पहलुओं की गहन जांच कर रही है।

दूसरी कार्रवाई में महासमुंद शहर के नयापारा क्षेत्र में गांजा बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश करते दो युवकों से पुलिस ने दबिश देकर 22 किलो गांजा जब्त किया है। पकड़े गांजे की कीमत 11 लाख बताई गई है। बताया जाता है कि ओडिशा के गंजाम के रहने वाले सत्यबान नायक (27) और विकास बेहरा (18) रेलवे स्टेशन से लगे छिपियापारा के एक झोपड़ी में छिपा बैठा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेड की और दोनों को पकड़ा। पुलिस के मुताबिक अच्छी कीमत के लिए गंजाम से गांजा लेकर महासमुंद आया था। पुलिस इनके पास से 11 किलो गांजा के अलावा 2 मोबाइल भी जब्त किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ हृष्ठक्क्र एक्ट की धारा 20(बी) व 29 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। वही पुलिस की लगातार कार्रवाई से अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी नेटवर्क पर बड़ी चोट पहुंची है। जिले में नशे के खिलाफ अभियान लगातार तेज किया जा रहा है।

नासिक में कुएं में गिरी...

लोगों को बाहर निकाला।

पुलिस के अनुसार, मरने वालों की पहचान सुनील दत्तू दरगुडे (32), उनकी पत्नी रेशमा, एक अन्य महिला आशा अनिल दरगुडे (32) और परिवार के छह बच्चों (पांच लड़कियां और एक लड़का) के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा कि वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि ड्राइवर को कुआं कैसे नहीं दिखा। उन्होंने आगे कहा, हम चश्मदीदों की तलाश कर रहे हैं और घटना के सीसीटीवी फुटेज चेक कर रहे हैं।

खाड़ी देशों में भारतीयों की...

हैं कि पश्चिम एशिया के देश भारत को अपना दुश्मन समझ लें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि हम यहां कोई ऐसी गलती कर दें या कोई ऐसा बयान दे दें, जिससे खाड़ी देशों में रह रहे हमारे भारतीय भाई-बहनों पर बड़ी मुसीबत आ जाए। पीएम मोदी ने सीधे तौर पर कहा कि कांग्रेस जानबूझकर खाड़ी देशों को नाराज करने वाले बयान दे रही है, जिससे देश में डर का माहौल बने और उन्हें केंद्र सरकार को कोसने का मौका मिल सके।

प्रधानमंत्री ने विरोधियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि मैं कांग्रेस और एलडीएफ-यूडीएफ के लोगों से साफ कह देना चाहता हूं कि राजनीति अपनी जगह है और चुनाव आते-जाते रहेंगे। मेरे लिए केरल के जो लाखों लोग वहां काम कर रहे हैं, उनकी सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है और मैं इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं।

'सबरीमाला में हुए पाप का कांग्रेस और लेफ्ट से कनेक्शन'

प्रधानमंत्री ने केरल की संस्कृति पर हो रहे हमलों को लेकर भी विपक्ष को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि लेफ्ट और कांग्रेस के भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का सीधा निशाना केरल की महान संस्कृति और आस्था पर है। उन्होंने कहा कि पहले इन लोगों ने सबरीमाला तीर्थ को बदनाम करने की साजिश रची और अब यह इनकी लूट का अड्डा बन गया है। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि सबरीमाला में जो कुछ भी हुआ वह एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि यह चोरी एलडीएफ सरकार में हुई और इसके तार कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से जुड़े पाए गए हैं। यही वजह है कि एलडीएफ सरकार इस पूरे मामले की जांच सीबीआई को नहीं सौंप रही है।

झूठ बोलना कांग्रेस और वामपंथियों का स्वभाव: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हर चीज में झूठ बोलना इनका स्वभाव बन चुका है। उन्होंने कहा कि जब हम सीएए लेकर आए, तब इन्होंने खूब झूठ फैलाया। आज कानून लागू हो चुका है और देश का कोई नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने 'द केरल फाइल्स' और 'कश्मीर फाइल्स' जैसी फिल्मों का उदाहरण देते हुए कहा कि सच सामने आते ही विपक्ष इसे झूठ का पुलिंदा बताने लगता है। आजकल ये लोग यूसीसी को लेकर भी ऐसा ही भ्रम फैला रहे हैं।

केरल में कांग्रेस सांसद...

कि हमलावरों ने न केवल वाहन को रोका, बल्कि सांसद के साथ अभद्रता करने और उन पर हमला करने का प्रयास भी किया।

गनमैन के साथ मारपीट, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

काफिले को रुकते देख जब शशि थरूर के गनमैन ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो उपद्रवियों ने उनके साथ भी गाली-गलौज और मारपीट की। इस घटना के तुरंत बाद गनमैन ने वंडूर पुलिस थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी उमर को गिरफ्तार कर लिया है, जो कलिकावु का निवासी बताया जा रहा है। इसके साथ ही पुलिस ने दो अन्य संदिग्धों को भी हिरासत में लिया है और हमले में इस्तेमाल की गई दो कारों को जब्त कर लिया है। अब तक कुल पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा चुका है।

बंगाल में परिवर्तन की लहर...

का संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे ऐसी सरकार को दोबारा सत्ता में आने से रोकें और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को समर्थन देकर पश्चिम बंगाल में सुशासन और विकास की नई दिशा सुनिश्चित करें।

दूसरे राजनीतिक दलों में परिवारवाद हावी

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं एक साधारण परिवार से आए हैं और पिछले वर्षों में उन्होंने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ देश के हर वर्ग के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा में नियमित संगठनात्मक चुनाव होते हैं, जबकि अन्य दलों में परिवारवाद हावी है और नीतियों व नीयत दोनों की कमी है।

भाजपा ने किया आदिवासी समाज का सम्मान

मुख्यमंत्री श्री साय ने जनजातीय समाज के संदर्भ में कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा आदिवासी समाज के सम्मान और विकास को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि जनजातीय कल्याण बोर्ड, पीएम जनमन योजना और धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना जैसी पहलों के माध्यम से आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए कार्य किया गया है, लेकिन पश्चिम बंगाल में इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति बदलने के लिए भाजपा सरकार का गठन आवश्यक है।

पश्चिम बंगाल में टीएमसी का सफाया निश्चित

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया है कि भाजपा सरकार बनने के 45 दिनों के भीतर राज्य में सरकारी कर्मचारियों के लिए 7वां वेतनमान लागू किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर जनसंपर्क करने और भाजपा के पक्ष में मतदान सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनता का अभूतपूर्व समर्थन यह संकेत दे रहा है कि इस बार पश्चिम बंगाल में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा सरकार बनने जा रही है और टीएमसी का सफाया निश्चित है।

तहसील साहू समाज नगरी-सिहावा का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

■ **प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का हुआ सम्मान**

नगरी/ नवप्रदेश। तहसील साहू समाज नगरीङ्कसिहावा द्वारा समाज का वार्षिक अधिवेशन (महासभा) शनिवार को ग्राम देऊरपारा में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन समाज की एकता, परंपरा एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया, जिसमें क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में समाजजन, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ, जिसने पूरे ग्राम में उत्साह का वातावरण निर्मित कर दिया। इसके पश्चात तहसील अध्यक्ष का स्वागत, ताजपोशी एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अधिवेशन के दौरान समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को श्रीफल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह एवं प्रेरणा का संचार हुआ। मावलीपारा परिक्षेत्र के विद्यार्थियों का विशेष रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन सराहनीय रहा।

इस दौरान कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर डॉ. नीरेंद्र साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ रायपुर, अध्यक्षता कंवल राम साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी सिहावा, विशिष्ट अतिथि अंबिका मरकाम विधायक सिहावा विधानसभा क्षेत्र, अरुण सार्वा जिला पंचायत अध्यक्ष धमतरी, प्रकाश बैस अध्यक्ष भाजपा जिला धमतरी,पुनीत राम साहू संरक्षक

तहसील साहू समाज नगरी सिहावा,महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, हृदय साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, बलजीत छाबड़ा अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, विकल गुप्ता अध्यक्ष कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट देऊर पारा,सुभाष चंद्र साहू संगठन सचिव जिला साहू संघ धमतरी,रामगोपाल साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी,डोमार सिंह साहू पूर्व संरक्षक तहसील साहू समाज नगरी सिहावा, धनीराम साहू पूर्व अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी सिहावा, बृजलाल साहू पूर्व अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी सिहावा,सहदेव राम साहू पूर्व अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी सिहावा, भुनेश्वरी धृतलहरे सदस्य जनपद पंचायत नगरी,शारदा देवी ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत छिपलीपारा,दुर्गेश साहू,बेद राम साहू रहे

इस दौरान कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ. नीरेंद्र साहू अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ रायपुर ने कहा कि आज नगरी तहसील का साहू समाज का वार्षिक अधिवेशन हुआ है, मैं यही कहना चाहूंगा बहुत-बहुत शुभकामनाएं वरिष्ठ जनों को और सभी परिवार के सदस्य जिसमें समाज को संगठित रूप से शिक्षा के दृष्टिकोण से संस्कार के अध्यक्ष कौन से आगे बढ़ाने के लिए समाज के अन्य नियमावली जिसमें हमारे समाज को भी उसको मजबूत करना है संस्कार विकास के लिए उन बिंदुओं को भी किया और जो नशे की ओर बढ़ रहे हैं,उसको रोकने के लिए कार्यशाल और उसके माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा, कार्यशाला के माध्यम से इस तरह से सारे इकाइयों को प्रशिक्षित करके संस्कृति और नशाबंदी और नशा पान की ओर जो बढ़ रहा है उसे रोकने का है।मुख्य अतिथि विधायक अंबिका मरकाम ने अपने संबोधन में साहू समाज को एक शिक्षित एवं प्रगतिशील समाज बताते हुए कहा कि समाज निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने माता कर्मा के आदर्शों का उल्लेख करते हुए समाज में एकता, भाईचारे एवं समरसता बनाए रखने का संदेश दिया।

न्यूज गैलरी

खरोरा में कांग्रेस की बैठक, बूथ व वार्ड कमेटी गठन पर जोर

खरोरा / नवप्रदेश। में कांग्रेस की बैठक, बूथ व वार्ड कमेटी गठन पर जोर खरोरा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा के अध्यक्ष अश्वनी वर्मा के नेतृत्व में नगर पंचायत खरोरा अंतर्गत बूथ कमेटी एवं वार्ड कमेटी के गठन को लेकर रेस्ट हाउस में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र गिलहरे, सेक्टर प्रभारी कपिल नशीने, कार्यालय प्रभारी धनेश वर्मा सहित कई वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में निलेश चंद्रवंशी, खूबी डहरिया, पन्ना देवांगन, राकेश देवांगन (पार्षद), छबीला सेन, मिराज खान, गनी खान, रहीश खान, भानु भट्ट, मोहित भट्ट, संत नवरंगे, राजू पाल, परमेश्वर नायक, ललित कंडरा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में वक्ताओं ने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया और सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। साथ ही, वार्ड और बूथ कमेटियों के गठन को जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम के अंत में संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियान को तेज करने का संकल्प लिया गया।

गुरु आसन गद्दी पूजा समापन दिवस पर डॉ. अशोक हरिवंश का भजन संध्या

खरोरा / नवप्रदेश। गुरु आसन गद्दी पूजा समापन दिवस पर डॉ अशोक हरिवंश का भजन संध्या नवभारत खरोरा-राजीव नगर वार्ड नंबर 2 खरोरा में गुरु आसन गद्दी पूजा के समापन दिवस पर सतधारा सतनाम, अमृत वर्षा, सतनाम कलश यात्रा के पश्चात विसर्जन के साथ ही प्रख्यात सतनाम भजन गायक डॉ अशोक हरिवंश ने भजन प्रस्तुत कर पूरे माहौल को भक्तिमय कर दिया। जिसमें आयोजनकर्ता व इस कार्यक्रम के संरक्षक वेदराम मनहरे प्रदेश संयोजक नशा मुक्ति अभियान ने चार दिवसीय संत समागम सतनाम भजन गायन संतग्रंथ वाचन एवं गुरु आसान गद्दी पूजा में विभिन्न कलाकारों के द्वारा प्रस्तुति एवं प्रतिभावान छात्रों का सम्मान सफल व्यवसाय प्रतिष्ठित समाज सेवक का सम्मान के साथ ही प्रतिष्ठित लोगों की उपस्थिति में सफल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से योग आयोग के अध्यक्ष श्री रूपनारायण सिन्हा के साथ ही विभिन्न समाज के प्रमुख लोक एवं पद्मश्री से सम्मानित सतनाम भजन गायिका श्रीमती उषा बारले का भी सम्मान नारियल प्रशस्ति पत्र एवं शाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर गुरु आसन गद्दी पूजा के सफल आयोजन पर कार्यक्रम के संरक्षक श्री वेदराम मनहरे ने समाज के साथ ही अन्य सभी वर्गों के लोगों का आभार व्यक्त किया।

धारदार लोहे के तलवार के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

धरसीवां / नवप्रदेश। कूंराथाना प्रभारी राजेंद्र दिवान ने बताया कि दिनांक 02.02.2026 कोई थाना धरसींवा क्षेत्राअंतर्गत पेट्रोलिंग भ्रमण दौरान देशी शराब दुकान कुरा में एक व्यक्ति जो नीले रंग का फुल शर्ट पहना है बाल लंबा है व अपने हाथ में एक धारदार तलवार लेकर हवा में लहरा कर शराब खरीदने आ जा रहे लोगों को मुझे शराब पिलाओ नहीं तो तुम लोगों को मार दूंगा कहकर डरा धमका रहा है । जिससे आम लोगों भयभीत है मुखबिर की सूचना पर जिसे हमराह स्टाफ तथा गवाहन के समक्ष घेराबंदी कर पकड़े जिससे नाम पता पुछने पर अपना नाम रवि वर्मा पिता गोपी वर्मा उम्र 25 वर्ष पता गणेश नगर कुंरा वार्ड क्रमांक 11 थाना धरसींवा जिला रायपुर का बताया जिसके कब्जे से एक नग लोहे का धारदार नुकीला तलवार जिसमें प्लास्टिक का मूठ लगा बरामद हुआ जिसे थाना लाकर तलवार जप्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र 176/2026 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया आरोपी को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

छुईखदान में शिक्षा व्यवस्था बेपटरी कार्यालय में जमे शिक्षक, स्कूल खाली

छुईखदान/ नवप्रदेश। विकास खंड शिक्षा अधिकारी छुईखदान कार्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। लंबे समय से स्थायी अधिकारी का पद रिक्त होने के कारण यहां की व्यवस्था पूरी तरह अस्थायी नियंत्रण में चल रही है, जो अब विवादों में घिरती नजर आ रही है।

पूर्व बीईओ श्री रमेन्द्र डड़सेना के स्थानांतरण के बाद सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा कार्यभार संभाला गया, लेकिन यह अस्थायी व्यवस्था अब स्थायी रूप ले चुकी है। आरोप है कि शिक्षा व्यवस्था सुधारने के बजाय चहेते कर्मचारियों को लाभ पहुंचाने का सिलसिला तेजी से जारी है।

सूत्रों के अनुसार, दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थ कई सीएसी एवं शिक्षक, जो अधिकारी के करीबी माने जाते हैं, उन्हें कार्यालय में ही कमरा, टेबल और कंप्यूटर उपलब्ध कराकर बैठा लिया गया है। नतीजतन, ये शिक्षक अपने मूल विद्यालयों से दूर हैं और छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

शिक्षकों के कार्यों पर सवाल

हाल ही में विभिन्न समाचार-पत्रों में सीएसी की कार्यप्रणाली और स्कूलों में उनकी अनुपस्थिति को लेकर सवाल उठे थे। जांच में सामने आया कि कई सीएसी और शिक्षक स्कूलों में पढ़ाने के बजाय कार्यालय में सक्रिय हैं और वहीं से अन्य शिक्षकों के कार्यों पर सवाल उठा रहे हैं।उदयपुर हायर सेकेंडरी स्कूल की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। यहां पदस्थ सहायक ग्रेड-2 और व्याख्याता वर्षों से स्कूल से गायब हैं और केवल डीईओ कार्यालय खैरागढ़ तक सीमित होकर रह गए हैं। स्थानीय लोगों

प्रशासन मौन, शिक्षा व्यवस्था प्रभावित-पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल प्रशासन की भूमिका पर खड़ा हो रहा है। जब शिक्षक कार्यालयों में जमे हैं और स्कूल खाली हैं, तो छात्रों की पढ़ाई कैसे चलेगी?

अब जरूरी कार्रवाई- स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों की मांग है कि-

छुईखदान में स्थायी बीईओ की तत्काल नियुक्ति की जाए

कार्यालय में जमे शिक्षकों और सीएसी को तत्काल स्कूलों में भेजा जाएपूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो

व्यक्तिगत उपयोग में शिक्षक नियमों की अनदेखी

गेरूखदान में पदस्थ एक सहायक शिक्षक का मामला विशेष रूप से चर्चा में है। बताया जा रहा है कि वह नियुक्ति के बाद से ही स्कूल नहीं पहुंचा, बल्कि उसे अधिकारी के निजी सहायक और ड्राइवर के रूप में उपयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं, उसे शिक्षक सम्मान से नवाजा गया और हाल ही में नियमों को दरकिनार करते हुए छुईखदान के पास के स्कूल में पदस्थ करने की बात भी सामने आई है, जबकि संलग्नीकरण की प्रक्रिया वर्तमान में बंद है।

पंचायत समाधान मंच से शासकीय भूमि हुई अतिक्रमण मुक्त

■ **संवाद और सहमति से निकला समाधान, प्रशासन की पहल लाई रंग**

रायगढ़ // नवप्रदेश। तहसील पुसौर के ग्राम बोंदाटिकरा में शासकीय भूमि एवं नाले पर किए गए अतिक्रमण को हटाने में जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। विगत कई दिनों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर एसडीएम रायगढ़ के निर्देशानुसार पंचायत समाधान मंच के माध्यम से संबंधित पक्षों के साथ संवाद एवं समझाइश की प्रक्रिया अपनाई गई। प्रशासन की इस पहल का सकारात्मक परिणाम सामने आया, जब सभी अतिक्रमणकर्ताओं ने आपसी सहमति से अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया। इसके पश्चात आज तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व अमले की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर विधिवत कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

कार्रवाई के दौरान देवप्रसाद पिता ठगवा द्वारा 24,757 वर्गफीट, पैत राम पिता घसिया द्वारा 1,680 वर्गफीट, तिहारू पिता जेठू द्वारा 161 वर्गफीट, डमरू पिता प्रिंजलाल द्वारा 269 वर्गफीट, जयलाल द्वारा 258 वर्गफीट, सुशील कुर्रे द्वारा 258 वर्गफीट तथा परसेदिन द्वारा 322 वर्गफीट भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इस प्रकार कुल 27,705 वर्गफीट शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर पुनः सार्वजनिक उपयोग के लिए उपलब्ध कराया गया है।

कड़रापारा क्षेत्र में तीन मंदिरों का भूमिपूजन जनभावनाओं के अनुरूप पुनर्निर्माण की पहल

छुईखदान/ नवप्रदेश। नगर के कड़रापारा क्षेत्र में धार्मिक आस्था और स्थानीय जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए तीन मंदिरों के निर्माण हेतु विधिवत भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में छुईखदान के राजा साहब एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान क्षेत्र के कुछ प्राचीन मंदिरों को हटाना पड़ा था, जिससे स्थानीय नागरिकों की धार्मिक भावनाएं प्रभावित हुई थीं। इसी के मद्देनजर मोहल्लेवासियों की मांग पर मंदिरों के पुनर्निर्माण एवं नए मंदिर निर्माण की पहल की गई है।

भूमिपूजन कार्यक्रम के अंतर्गत शक्ति मंदिर के समीप हनुमान मंदिर, निकटवर्ती क्षेत्र में भगवान शिव मंदिर तथा नए तालाब के पास एक अन्य शिव मंदिर के निर्माण हेतु भूमि पूजन सम्पन्न हुआ।

कुई-कुकदूर मण्डल में कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान सम्पन्न

■ **बूथ और पंचायत स्तर पर बीएलए गठन सम्बंधित बैठक सम्पन्न**

पण्डरिया / नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में पण्डरिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू के निर्देशन में कुई-कुकदूर मण्डल में संगठन सृजन अभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम मण्डल अध्यक्ष ललित ध्रुवे की अगुवाई में सम्पन्न हुआ, जिसमें संगठन सृजन प्रभारी सुजीत कुम्भकार एवं सह प्रभारी गणेश राज विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर बूथ स्तर और पंचायत स्तर पर ब्र्क्ष (बूथ लेवल एजेंट) का गठन किया गया तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा हुई।

कोपरा में घर-घर लहराया बीजेपी पार्टी का झंडा

गरियाबंद / नवप्रदेश। । 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस को लेकर जिले में राजनीतिक माहौल गरमाता नजर आ रहा है। जिला गरियाबंद के कोपरा मंडल में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। पार्टी के निर्देशानुसार नगर पंचायत कोपरा में कार्यकर्ताओं ने चौक-चौराहों, व्यवसायिक परिसरों और अपने-अपने घरों में भाजपा के झंडे लगाकर स्थापना दिवस को लेकर माहौल बना दिया। पूरे क्षेत्र में भगवा रंग की झलक साफ दिखाई दे रही है, जिससे संगठन की सक्रियता और जमीनी पकड़ का प्रदर्शन हो रहा है।

सट्टा संचालित करने वाले आरोपी गिरफ्तार

नगद राशि एवं सट्टा सामग्री जब्त

कवर्धा / नवप्रदेश। कबीरधाम पुलिस द्वारा अवैध जुआ एवं सट्टा गतिविधियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल व अमित पटेल तथा डीएसपी आशीष शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना पिपरिया की टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। दिनांक

03.04.2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मिरमिटी में योगी ऑटो पार्ट्स दुकान के सामने एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से सट्टा (जुआ) संचालित किया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना पिपरिया की टीम द्वारा मौके पर घेराबंदी कर दबिश दी गई।

कार्यवाही के दौरान आरोपी अरुण नाथ योगी पिता – उम्र 23 वर्ष निवासी – को रंगे हाथ सट्टा पर्ची लिखते हुए पकड़ा गया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से सट्टा पर्ची, नीली स्याही का डॉट पेन एवं नगद राशि 750 रुपये बरामद किया गया।

उक्त कृत्य के संबंध में आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 06 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्रवाई की गई।

आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया हेतु अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि ऐसे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

कम लागत, ज्यादा मुनाफा और बेहतर मिट्टी की सेहत

हरी खाद से बदल रही खेती की तस्वीर

■ **लैलूंगा के किसान जतिराम 22 वर्षों से अपना रहे जैविक तरीका**

रायगढ़ / नवप्रदेश। जिले में हरी खाद आधारित खेती अब किसानों की पहली पसंद बनती जा रही है। यह पद्धति न केवल मिट्टी की सेहत सुधार रही है, बल्कि कम लागत में बेहतर मुनाफा भी दे रही है। प्राकृतिक और टिकाऊ खेती की ओर किसानों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। लैलूंगा विकासखंड के प्रगतिशील किसान जतिराम भगत

पिछले 22 वर्षों से हरी खाद आधारित खेती कर रहे हैं। उनका अनुभव बताता है कि शुरुआत में उत्पादन थोड़ा कम लग सकता है, लेकिन समय के साथ मिट्टी की गुणवत्ता सुधरने पर उत्पादन बेहतर और स्थायी हो जाता है। वे मूंग, ढैंचा और सनई जैसी फसलों का उपयोग हरी खाद के रूप में करते हैं, जिससे मिट्टी में जैविक तत्व बढ़ते हैं और जमीन अधिक उपजाऊ बनती है। इस वर्ष उन्होंने 2 एकड़ में श्री विधि और लाइन कतार पद्धति अपनाकर खेती की, जिससे उन्हें प्रति एकड़ लगभग 15 क्विंटल धान उत्पादन प्राप्त हुआ और लगभग 9 क्विंटल चावल मिला। लागत 15,000 रुपए से 20,000 रूपये प्रति एकड़ रही, जबकि शुद्ध मुनाफा लगभग 80,000 रूपये तक पहुंचा। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यदि किसान पूरी तरह जैविक खेती करना चाहते हैं और रासायनिक उर्वरकों से बचना चाहते हैं, तो हरी खाद सबसे बेहतर विकल्प है। खरीफ सीजन में धान की रोपाई से पहले 15 मई के बाद खेतों में हरी खाद की बुआई करना उपयुक्त समय माना जाता है।

हनुमान जयंती शोभायात्रा में धारदार चाकू के साथ दो युवक गिरफ्तार

नवापारा राजिम/ नवप्रदेश। हनुमान जयंती के अवसर पर गोबरा नवापारा में गुरुवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में अपराधिक घटना को रोकने पुलिस सतर्कता से जुटी रही। इस दौरान पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने नवापारा थाने में आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल को शोभायात्रा में ड्यूटी के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि काली मंदिर नवापारा के पास

एक युवक चाकू लेकर संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम ने कुश निषाद उर्फ छोटकू (20 वर्ष) निवासी लटर्रा पारा को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से लोहे का धारदार चाकू बरामद हुआ।इसी तरह दूसरी कार्रवाई सदर रोड नवापारा पर की गई, जहां लोकेश निषाद (22 वर्ष) को भी संदिग्ध अवस्था में चाकू के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों के पास हथियार रखने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले।

न्यूज गैलरी

भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ का फैसला 6 और 14 अप्रैल को 'समरसता दिवस'

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के रायपुर जिला झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ ने 6 अप्रैल (पार्टी स्थापना दिवस) और 14 अप्रैल (डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती) को 'समरसता दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों के करीब 1000 लोगों के लिए भव्य समरसता भोज का आयोजन किया जाएगा। प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ब्रिजेश अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में प्रदेश के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ भोजन का आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सद्भाव और पार्टी की विचारधारा को मजबूत करने का प्रयास है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र को बस्तियों तक पहुंचाने और डॉ. अंबेडकर के समतामूलक समाज के सपने को साकार करने की दिशा में यह एक सार्थक पहल है। बैठक में जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री गुंजन प्रजापति, सह-संयोजक अजीत सेनापति, राजेश रिछारिया और रोहित राय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान प्रकोष्ठ ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को जोड़ने और समरसता को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य जारी रहेगा।

किशोरी को हाथियों ने कुचला, स्पॉट पर ही मौत

रामानुजगंज/नवप्रदेश। जंगल में मौजूद हाथियों के दल ने एक किशोरी को मौत के घाट उतार दिया। किशोरी जंगल में महुआ बीनने गई हुई थी, इसी दौरान उसका 22 हाथियों के दल से सामना हो गया। दल में मौजूद हाथियों ने बच्ची को उठाकर पटक दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम द्वारा बच्ची की लाश को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। लोगों को जंगल में नहीं जाने की समझाइश दी जा रही है। बता दें कि, बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर विकासखंड अंतर्गत चिनिया क्षेत्र में इन दिनों 22 हाथियों का दल मौजूद है, झारखंड की ओर से पहुंचा यह दल काफी आक्रामक है और पिछले 3-4 दिनों से महावीरगंज,चिनिया, सहित 5-6 अन्य गावों के आसपास विचरण कर रहा है। वन विभाग द्वारा हाथियों के मौजूदगी को देखते हुए लोगों को जंगल में नहीं जाने की समझाइश दी गई थी लेकिन सूचना के बाद भी शनिवार की सुबह एक बच्ची जंगल में महुआ बीनने चली गई थी, बताया जा रहा है कि जंगल में महुआ बीनते समय 14 वर्षीया बच्ची का सामना हाथियों के दल से हो गया। दल में शामिल हाथियों ने बच्ची को उठाकर पटक दिया जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं एक अन्य व्यक्ति ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। मृतका की पहचान ग्राम बरदरिया निवासी 14 वर्षीया पिंकी कुमारी आ. बंबईया के रूप में की गई है।

सेल्समैन फर्जी लूट मामले में गिरफ्तार, पुलिस ने उगलवाई सच्चाई

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। कृष्णा हुंडई में सेल्समैन का काम करने वाले युवक ने थाने पहुंचकर रुपए लूटने की शिकायत की थी। घटना सामने आते ही पुलिस हरकत में आई। पूछताछ में युवक बार-बार बयान बदलने लगा, जिससे पुलिस को संदेह हुआ। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने झूठी रिपोर्ट लिखाने की बात कबूल कर ली। कोतवाली टीआई मोतीलाल पटेल ने बताया कि बिलासपुर निवासी प्रयांश देवांगन कलेक्शन का काम करता है। वह 4 लाख 50 हजार रुपए लेकर जा रहा था और रास्ते में लूट की झूठी कहानी गढ़ी। बाद में उसने बताया कि पैसे खुद खर्च कर दिए थे। पुलिस ने उसके खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है।

सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

कोनी/नवप्रदेश। कोनी थाना क्षेत्र में सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने नगदी और जेवरात पार कर दिए। घटना अटल आवास निरतु की है, जहां निवासी मोहम्मद आजाद के घर चोरी हुई। पीड़ित के अनुसार, 26 मार्च को दोपहर करीब 3 बजे वह अपनी पत्नी हुमा फिरदोष के साथ पारिवारिक शादी में चिरमिरी गए थे। घर में अलमारी बंद कर ताला लगाया गया था। 3 अप्रैल को दोपहर करीब 3 बजे जब वे वापस लौटे, तो मुख्य दरवाजे में बाहर से ताला बंद था, लेकिन अंदर से कुंडी लगी हुई थी। छोटे बच्चे को गेट के ऊपर से अंदर भेजकर दरवाजा खुलवाया गया। अंदर पहुंचने पर देखा कि ताला टूटा हुआ पड़ा था और कमरे की अलमारी खुली हुई थी। अलमारी के लॉकर को तोड़कर चोरों ने 30 हजार रुपये नगद, सोने का नथ, अंगूठी, तीन बिछिया, चांदी की पायल और ब्रेसलेट समेत कुल करीब 65 हजार रुपये का सामान चोरी कर लिया।

अलग-अलग सड़क दुर्घटना में शिक्षक समेत दो लोगों की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक शिक्षक सहित दो लोगों की मौत हो गई। इन घटनाओं के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है, वहीं सड़क व्यवस्था और रोशनी की कमी पर सवाल उठने लगे हैं। पहली घटना सीताराम चैक के चकचकवा पहाड़ के पास की है। जानकारी के अनुसार, ऐतमा नगर निवासी 25 वर्षीय शिपाल पोर्ते बाइक से किसी काम से निकला था। इसी दौरान सड़क पर पड़े गिट्टी-मिट्टी के ढेर से उसकी बाइक टकरा गई, जिससे वह अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। हादसे में युवक के सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की मदद से उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी घटना बरपाली के पास हुई, जहां पोड़ी उपरोड़ा निवासी शिक्षक जय पांडेय अपनी वैगनआर कार से कहीं जा रहे थे। अंधेरे के कारण उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। गंभीर रूप से घायल शिक्षक को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा लाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उन्हें कोरबा रेफर किया गया। लेकिन इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। दोनों घटनाओं के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने सड़क पर पर्याप्त रोशनी और व्यवस्थित निर्माण कार्य की मांग की है ।

कबाड़ बंदी के दावों के बीच लगातार कार्रवाई, उरगा में 8 टन कबाड़ जब्त

कॉपर वायर चोरी गिरोह का खुलासा

कोरबा/नवप्रदेश। ऊर्जा नगरी कोरबा में कबाड़ बंदी के दावों के बीच अवैध गतिविधियों पर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। हाल के दिनों में सामने आए मामलों से संकेत मिल रहे हैं कि कबाड़ और उससे जुड़े अपराध पूरी तरह थमे नहीं हैं, हालांकि पुलिस निगरानी बढ़ाकर सख्ती बरत रही है।

इसी क्रम में शनिवार को उरगा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कबाड़ से लदी एक पिकअप वाहन को जब्त किया। मुखबिर की सूचना पर की गई इस कार्रवाई में करीब 8 टन कबाड़ बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 60 हजार रुपए आंकी गई है।

थाना प्रभारी राजेश तिवारी के अनुसार, जब्त वाहन बलगी निवासी राजेश सिंह का बताया जा रहा है। कबाड़ की वैधता और दस्तावेजों की जांच की जा रही है। फिलहाल वाहन उरगा थाने में खड़ा है और मामले की जांच जारी है।

वहीं दूसरी ओर, शहर में लगातार हो रही एसी के कॉपर वायर चोरी की घटनाओं पर कोतवाली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों दीपक साहू, वसीम मेमन और रमेश साहू को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी एमबी पटेल ने बताया कि आरोपी देर रात दुकानों और प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर एसी के कॉपर वायर निकालते थे और बाद में उसे ठिकाने लगा देते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया कॉपर वायर भी बरामद कर लिया है।

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गिरोह ने शहर के किन-किन इलाकों में वारदात को अंजाम दिया है और इसमें अन्य कौन लोग शामिल हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय से कॉपर वायर चोरी की लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिससे व्यापारी वर्ग में असंतोष था। इन दोनों मामलों को देखते हुए यह साफ है कि अवैध कबाड़ और उससे जुड़े अपराधों पर पूरी तरह नियंत्रण के लिए लगातार सतर्कता और समन्वित कार्रवाई की जरूरत बनी हुई।

निजी स्कूल संचालकों ने कहा- गरीब बच्चों के प्रवेश नहीं होने के लिए शासन जिम्मेदार

फीस नहीं बढ़ी, निजी स्कूल इस बार आरटीई में नहीं देंगे प्रवेश

प्रतिपूर्ति राशि में बढ़ोत्तरी होने तक असहयोग आंदोलन जारी रहेगा

रायपुर/नवप्रदेश। निःशुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत प्रवेशित बच्चों की प्रतिपूर्ति राशि में बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर चलाए जा रहे असहयोग आंदोलन के बीच निजी स्कूलों ने अब आगामी शिक्षा सत्र में बच्चों को प्रवेश नहीं देने का निर्णय लिया है। निजी स्कूल संचालकों ने कहा है कि गरीब बच्चों के प्रवेश नहीं होने के लिए शासन जिम्मेदार होगा।

प्रदेश में आरटीई लागू होने के बाद से प्रवेशित बच्चों की प्रतिपूर्ति राशि में किसी प्रकार की बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। 2011 से कक्षा पहली से पांचवीं तक के लिए प्रतिपूर्ति राशि 7000 रुपए प्रति छात्र प्रतिवर्ष, छठवीं से आठवीं तक 11400 रुपए प्रति छात्र प्रति वर्ष तय है। वर्ष 2018 में तत्कालीन राज्य सरकार ने कक्षा नौवीं से बारहवीं को आरटीई के दायरे में लाया और उसके लिए 15000 रुपए की फीस प्रति छात्र प्रति वर्ष तय की गई। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता, बिलासपुर जिलाध्यक्ष रेखा खरे, बलौदाबाजार-भाटापारा जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता, दुर्ग जिला इकाई सचिव सनत देवांगन तथा बस्तर के जिलाध्यक्ष निलोत्पल दत्ता ने शनिवार को पत्रकार वार्ता कर रहा है कि एसोसिएशन द्वारा 2016 से प्रतिपूर्ति राशि में बढ़ोत्तरी की मांग लगातार की जा रही है लेकिन शासन अनदेखी कर रहा है। एसोसिएशन ने हाईकोर्ट में भी याचिका लगाई थी। 19 सितंबर 2025 को कोर्ट ने 6 माह के भीतर निर्णय लेने शासन को आदेशित किया था परंतु अब तक शासन ने कोई निर्णय नहीं लिया है। इसके विरोध में निजी स्कूलों द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णय के क्रम में असहयोग आंदोलन किया जा रहा है। निजी स्कूल शिक्षा विभाग के किसी भी पत्र-नोटिस का जवाब नहीं दे रहे हैं। शासन की उदासीनता और उपेक्षापूर्ण रवैये को देखते हुए आरटीई के तहत चयनित बच्चों को अब निजी स्कूलों में प्रवेश नहीं देने का निर्णय लिया गया है। एसोसिएशन का कहना है कि गरीब विद्यार्थियों की शिक्षा में गुणवत्ता की अनदेखी अब निजी स्कूल बर्दाश्त नहीं करेंगे। कठोर निर्णय लेने के लिए शासन ने ही मजबूर किया है।

अन्य राज्यों में प्रतिपूर्ति राशि एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि अधिकांश राज्यों में आरटीई की प्रतिपूर्ति राशि छत्तीसगढ़ से ज्यादा है। केवल बिहार, उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश में ही छत्तीसगढ़ से कम फीस है। चंडीगढ़ पहली से आठवीं- 28,176, दिल्ली प्राइमरी 28008, अपर प्राइमरी 28108, हिमाचल प्रदेश प्राइमरी 34,744 व अपर प्राइमरी 33,800, कर्नाटक प्री प्राइमरी 8 हजार, प्राइमरी 16 हजार, तमिलनाडु कक्षा एक 11,719.58, कक्षा दो 11,748.71, कक्षा तीन 11,944.65, कक्षा चार 11,928, कक्षा पांच के लिए 11,960 रुपए निर्धारित है।

2वीं हिंदी की दोबारा परीक्षा 10 अप्रैल को

माशिमं ने सुरक्षा व्यवस्था की कड़ी, अब जीपीएस लॉक कंटेनर और वन टाइम लॉक सिस्टम लागू

रायपुर/नवप्रदेश। प्रश्न पत्र लीक विवाद के बाद 12वीं हिंदी की पुनः परीक्षा 10 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। इस बार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने गोपनीयता और सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए हैं। परीक्षा सामग्री अब जीपीएस लॉक युक्त कंटेनरों में भेजी जाएगी, वहीं प्रश्न पत्रों के पैकेट में वन टाइम लॉक सिस्टम लागू किया गया है। मंडल ने साफकिया है कि यह नई व्यवस्था सिर्फ इस परीक्षा तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि आगामी परीक्षाओं में भी इसे लागू किया जाएगा। पेपर लीक की घटना से सबक लेते हुए परीक्षा प्रणाली को और अधिक सुरक्षित बनाने पर जोर दिया गया है।

सुरक्षा में बड़े बदलाव: माशिमं की सचिव पुष्पा साहू के अनुसार, परीक्षा सामग्री की गोपनीयता बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। अब प्रश्न पत्र बसों के बजाय विशेष कंटेनरों में भेजे जाएंगे, जिनमें जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगा होगा। साथ ही, पैकेट खोलने के लिए वन टाइम लॉक सिस्टम का उपयोग किया जाएगा, जिसे निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही खोला जा सकेगा।

वीडियोग्राफी और निगरानी अनिवार्य: समन्वय केंद्र पहुंचने पर जीपीएस लॉक को वीडियो कॉल के माध्यम से पार्टी ऑफिसर, नोडल अधिकारी और केंद्र प्रभारी की मौजूदगी में खोला जाएगा। स्ट्रांग रूम को भी वन टाइम लॉक से सील किया जाएगा और इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। परीक्षा सामग्री केंद्र से बाहर ले जाते समय जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा लॉक की जांच की जाएगी और उपयोग किए गए सभी लॉक परीक्षा के बाद जमा करना अनिवार्य होगा।

पेपर लीक के बाद रद्द हुई थी परीक्षा: गौरतलब है कि 12वीं हिंदी की परीक्षा 14 मार्च को आयोजित हुई थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर पेपर लीक होने के दावे सामने आए थे। विद्यार्थियों और पालकों द्वारा साझा किए गए हस्तलिखित प्रश्न पत्र के आधार पर विवाद बढ़ा, जिस पर छात्र संगठन एनएसयूआई ने भी सवाल उठाए थे। मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद माशिमं ने परीक्षा रद्द कर दी थी।

कांग्रेस अपराधियों को संरक्षण देने वाली पार्टी बन गई: डॉ. नवीन मार्कण्डेय

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अब अपराध और अपराधियों को संरक्षण देने वाली पार्टी बन गई है। एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में डॉ. मार्कण्डेय ने आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोढ़ी में शासकीय जमीन की कथित अवैध खरीदी-बिक्री के मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा सरकारी भूमि को अवैध तरीके से अपने ही लोगों के नाम दर्ज कराकर खरीदी-बिक्री की गई, जो कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में तत्कालीन पंचायत सचिव, सरपंच और उपसरपंच की मिलीभगत रही है। मामले की शिकायत मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में दर्ज कराई गई है और प्रशासनिक स्तर पर जांच जारी है। डॉ. मार्कण्डेय के अनुसार, ग्राम गोढ़ी में पूर्व सरपंच गोपाल धीवर, जो वर्तमान में कांग्रेस के सेक्टर प्रभारी हैं, और उनकी पत्नी (जनपद सदस्य) द्वारा गैर-निवासियों के नाम पर शासकीय भूमि दर्ज कराने का मामला सामने आया है। उन्होंने दावा किया कि श्रीमती प्रगति मिश्रा के नाम लगभग 4 एकड़ जमीन अवैध रूप से पंचायत प्रस्ताव के माध्यम से आवंटित की गई। इसके अलावा मंदिर हसौद नगर पालिका के वार्ड 12 के कांग्रेस पार्षद अनुज मिश्रा और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग के महामंत्री प्रवीण सिंह पर भी अवैध कब्जे के आरोप लगाए गए।

भाजपा नेता ने कहा कि शासकीय भूमि का गलत तरीके से पट्टा बनाकर उसकी खरीदी-बिक्री की गई है और इस मामले से जुड़े कुछ लोग फिलहाल फरार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने पदाधिकारियों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

कांग्रेस झूठ और भ्रम की राजनीति करती रही : उज्ज्वल दीपक

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उज्ज्वल दीपक ने कांग्रेस द्वारा सोशल मीडिया पर किए जा रहे आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस हमेशा से झूठ और भ्रम फैलाने की राजनीति करती रही है। उज्ज्वल दीपक ने पुडुचेरी में एक चुनावी अभियान वाहन को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों को भ्रामक और राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया।

उन्होंने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रीय दल के रूप में अपने चुनावी अभियानों को सुव्यवस्थित संगठनात्मक ढांचे के तहत संचालित करती है, जहां विभिन्न राज्यों के बीच संसाधनों जैसे प्रचार वाहन, तकनीकी उपकरण और अभियान टीमें का समन्वय किया जाता है, ताकि अभियान अधिक प्रभावी और किफायती हो सके।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस वाहन को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं, वह नरेंद्र मोदी की जनसभाओं के लिए तैयार एक विशेष कस्टम अभियान वाहन है, जिसका उपयोग विभिन्न राज्यों में बड़े जनसंपर्क कार्यक्रमों के दौरान किया जाता रहा है। इस मुद्दे को अनावश्यक विवाद बनाना कांग्रेस की राजनीति का हिस्सा है। भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि पूर्व में भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को कांग्रेस का चुनावी एटीएम कहा जाता था, जहां से अन्य राज्यों के चुनावों के लिए संसाधन जुटाने के आरोप लगे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा पारदर्शिता, संगठनात्मक मजबूती और विकास के एजेंडे के साथ चुनाव लड़ती है। कांग्रेस को निराधार आरोप लगाने के बजाय अपने कार्यकाल और वित्तीय पारदर्शिता पर जवाब देना चाहिए। साथ ही उन्होंने दावा किया कि देश की जनता अब कांग्रेस की झूठी राजनीति को समझ चुकी है और ऐसे भ्रामक प्रचार से प्रभावित नहीं होगी।

गंभीर असर : स्वास्थ्य ढांचे पर गहराया संकट

सीजीएमएससी के 50 से ज्यादा टेंडर एक माह में रद्द

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास पर गंभीर असर देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन द्वारा जारी 50 से अधिक टेंडर एक ही माह में या तो अटक गए या अंततः रद्द कर दिए गए। इसका मुख्य कारण ठेकेदारों के पुराने भुगतान का लंबित होना बताया जा रहा है, जिससे वे नए कामों में रुचि नहीं ले रहे हैं।

जनवरी में जारी इन टेंडरों की अंतिम तिथि फरवरी तय की गई थी, लेकिन तय समय तक पर्याप्त भागीदारी नहीं होने के कारण इन्हें निरस्त करना पड़ा। इन टेंडरों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, फिजियोथेरेपी यूनिट और स्टाफ क्वार्टर निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल थे। प्रत्येक टेंडर की लागत 20 लाख से 95 लाख रुपए के बीच थी, जिससे करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट प्रभावित हुए हैं।

भुगतान अटका, ठेकेदार पीछे हटे: सूत्रों के मुताबिक सीजीएमएससी को सौंपे गए 148 कार्यों में से करीब 49.16 करोड़ रुपए का भुगतान कई महीनों से लंबित है। यही वजह है कि ठेकेदार नए टेंडर में हिस्सा लेने से बच रहे हैं। कई मामलों में टेंडर जारी होने के बाद एक भी वैध बोली नहीं आई, जिसके चलते उन्हें रद्द करना पड़ा।

ग्रामीण और नक्सल क्षेत्रों पर ज्यादा असर: इन टेंडरों में नाबार्ड फंडेड प्रोजेक्ट्स और प्रधानमंत्री आयुष्मान हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत क्रिटिकल केयर ब्लॉक, 10-बेड आईसीयू, आइसोलेशन वार्ड और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का निर्माण शामिल था। टेंडर रद्द होने से खासकर ग्रामीण, आदिवासी और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर असर पड़ा है। स्टाफ क्वार्टर और अस्पताल भवन नहीं बनने से इन क्षेत्रों में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती भी प्रभावित हो रही है।

एमडी ने किया इंकार: मामले में सीजीएमएससी के प्रबंध संचालक रितेश अग्रवाल ने टेंडर रद्द होने की बात से इंकार किया है। हालांकि, सूत्रों का दावा है कि बड़ी संख्या में टेंडर निरस्त हुए हैं और इसकी प्रमुख वजह भुगतान में देरी है।

स्वास्थ्य व्यवस्था पर असर: विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ और टेंडर प्रक्रिया सुचारु नहीं हुई, तो प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की योजनाएं प्रभावित होती रहेंगी, जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा।

चांद के सफर पर निकले यात्रियों ने अंतरिक्ष से खींची पृथ्वी की हैरान करने वाली तस्वीरें

वाशिंगटन। नासा के ऐतिहासिक चांद मिशन 'आर्टेमिस-2' पर निकले अंतरिक्ष यात्रियों ने अंतरिक्ष से हमारी धरती की बेहद खूबसूरत तस्वीरें भेजी हैं। करीब 50 साल बाद इंसानों को चांद की ओर ले जा रहे इस मिशन के दौरान जब यात्रियों ने पीछे मुड़कर देखा, तो वे अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके। नासा ने शुक्रवार को चालक दल की तरफ से भेजी गई पहली तस्वीरें जारी कीं। इन्हें सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए नासा ने लिखा कि साल 1977 से लेकर अब तक बहुत कुछ बदल चुका है, लेकिन एक बात जो आज भी बिल्कुल वैसी ही है, वह यह है कि हमारी धरती अंतरिक्ष से आज भी उतनी ही चमकती हुई नजर आती है। पृथ्वी की इन मनमोहक तस्वीरों ने दुनिया भर के लोगों को हैरान कर दिया है। नासा की अधिकारी लाकीशा हॉकिन्स ने इन तस्वीरों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह सोचकर ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं कि इस एक तस्वीर में हमारे चार अंतरिक्ष यात्रियों को छोड़कर पूरी की पूरी मानवता समाई हुई है। उन्होंने बताया कि यह ऐतिहासिक मिशन पूरी तरह से सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। फिलहाल यह टीम पृथ्वी से करीब 1.8 लाख किलोमीटर दूर पहुंच चुकी है और तेजी से चांद की ओर बढ़ रही है। अभी इन यात्रियों को करीब 2.4 लाख किलोमीटर का सफर और तय करना है और अनुमान है कि वे सोमवार तक चांद की कक्षा के करीब पहुंच जाएंगे।

दिखा अद्भुत नजारा

इस मिशन का नेतृत्व कर रहे कमांडर रीड वाइजमैन ने जो पहली तस्वीर खींची है, उसमें ओरियन कैप्सूल की खिड़की से पृथ्वी का एक मनमोहक घुमावदार हिस्सा नजर आ रहा है। वहीं, उनके द्वारा ली गई दूसरी तस्वीर में पूरी पृथ्वी दिखाई दे रही है, जिसमें नीले महासागर, सफेद बादलों की लहरें और यहां तक कि हरे रंग की ऑरोरा (उत्तरी रोशनी) भी अंतरिक्ष से चमकती हुई दिख रही है। कमांडर वाइजमैन ने अपने एक इंटरव्यू में बताया कि जब उन्होंने अपने कैप्सूल की खिड़की से पूरी पृथ्वी को एक साथ देखा, तो वह पल इतना अद्भुत था कि चारों अंतरिक्ष यात्री कुछ देर के लिए बिल्कुल चुप हो गए थे। उन्होंने इस अनुभव को अपनी जिंदगी के सबसे शानदार और भावुक कर देने वाले पलों में से एक बताया।

न्यूज गैलरी

पिच पर सिक्का रख गेंदबाजी करता था ये खिलाड़ी, बिना रन दिए लगातार 131 गेंद फेंकने का रिकॉर्ड

नई दिल्ली। क्रिकेट में उन खिलाड़ियों की अहमियत हमेशा से रही है जो अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी के दम पर टीम के पक्ष में मैच पलटने की पूरी ताकत रखते हैं। बापू नादकर्णी एक ऐसे ही खिलाड़ी रहे जिन्होंने टेस्ट फॉर्मेट में भारतीय टीम के लिए गेंद और बल्ले से उस दौर में टीम इंडिया के लिए शानदार प्रदर्शन किया जब भारतीय क्रिकेट टीम एक युवा टीम मानी जाती थी।बापू नाडकर्णी का जन्म 4 अप्रैल 1933 को नासिक में हुआ था। उनका पूरा नाम रमेशचंद्र गंगाराम 'बापू' नाडकर्णी था। नाडकर्णी को क्रिकेट बचपन से पसंद था। वह मूल रूप से एक गेंदबाज थे, लेकिन कड़ी मेहनत की बदौलत अपनी बल्लेबाजी से भी उन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में छाप छोड़ी। कहा जाता है कि जब वह नेट्स में अभ्यास करते थे तो पिच पर एक सिक्का रखते थे, और हर बॉल पर सिक्के को मारने की कोशिश करते थे।बापू नाडकर्णी ने दिसंबर (16 से 21 दिसंबर) 1955 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच दिल्ली में खेला था। न्यूजीलैंड के खिलाफ ही ऑकलैंड में (7 से 12 मार्च तक) 1968 में अपना आखिरी टेस्ट खेला था। 13 साल के करियर में बाएं हाथ से बल्लेबाजी और स्पिन गेंदबाजी करने वाले नाडकर्णी ने भारत के लिए 41 टेस्ट खेले। 67 पारियों में 1 शतक और 7 अर्धशतक की मदद से 1,414 रन और 88 विकेट उनके नाम दर्ज हैं। नाडकर्णी ने 12 जनवरी 1964 को मद्रास में इंग्लैंड के खिलाफ बिना कोई रन दिए लगातार 21.5 ओवर (131 गेंदें) फेंके थे, जो एक रिकॉर्ड है। मुंबई और महाराष्ट्र के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाले नाडकर्णी ने 191 प्रथम श्रेणी मैचों में 14 शतक और 46 अर्धशतक की मदद से 8,880 रन बनाने के अलावा 500 विकेट भी लिए थे। 17 जनवरी 2020 को नाडकर्णी का निधन पुणे, महाराष्ट्र में हो गया था। नाडकर्णी महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर के मेंटर रहे थे।गावस्कर ने उनके निधन के बाद कहा था कि उनका पसंदीदा शब्द 'छोड़ो मत' था। इसका अर्थ था कि आप भारत के लिए खेल रहे हैं। हिम्मत रखिए और आगे बढ़िए।

यूआईडीएआई में इंटर्नशिप का सुनहरा मौका, 28 पदों के लिए 15 अप्रैल तक करें आवेदन

नई दिल्ली। आधार कार्ड जारी करने वाली संस्था भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के साथ जुड़ने से अपने शानदार करियर की शुरुआत करने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए एक खास मौका सामने आया है। यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) ने इंटर्न के कुल 28 पदों पर वैकेंसी की आधिकारिक अधिसूचना जारी की है।यूआईडीएआई की ओर से जारी पदों के लिए ऑनलाइन मोड में आवेदन प्रक्रिया 1 अप्रैल से शुरू हो गई है और अप्लाई करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल निर्धारित की गई है। ऐसे में जो योग्य और इच्छुक उम्मीदवार एप्लीकेशन फॉर्म भरने की सोच रहे हैं, उन्हें तय समय सीमा के भीतर अपना रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा करने की सलाह दी जाती है।यूआईडीएआई ने इंटर्न के जिन 28 पदों पर वैकेंसी निकाली है, उनमें बी(टेक)/बीई और एमटेक के 10+4, बैचलर ऑफ डिजाइन (बी-डेस) के 2, मास्टर ऑफ डिजाइन (एम-डेस) के 4, बैचलर ऑफ मैथेमेटिक्स (बी-मैथ्स)/बैचलर ऑफ स्टैटिस्टिक्स (बी-स्टेट) के 4 और मास्टर ऑफ साइंस इन मैथमेटिक्स (एम-मैथ्स)/मास्टर ऑफ स्टैटिस्टिक्स (एम-स्टेट) के 4 पद शामिल हैं।एप्लीकेशन फॉर्म भरने वाले अभ्यर्थियों के पास मान्यता प्राप्त संस्थान या यूनिवर्सिटी से संबंधित पद अनुसार ग्रेजुएशन या पोस्ट-ग्रेजुएशन की डिग्री होनी चाहिए। इसी के साथ कैंडिडेट्स के पास अन्य निर्धारित स्किल का होना भी अनिवार्य है।योग्य अभ्यर्थियों का चयन मेरिट के आधार पर शॉर्टलिस्टिंग, इंटरव्यू/डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के आधार पर किया जाएगा, जिसके बाद चयनित कैंडिडेट्स को यूआईडीएआई इंटर्नशिप नीति के अनुसार प्रति माह स्टाइपेंड दिया जाएगा।आवेदन करने के लिए उम्मीदवार सबसे पहले यूआईडीएआई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। होमपेज पर जाने के बाद संबंधित वैकेंसी के लिए जारी ऑफिशियल नोटिफिकेशन लिंक पर क्लिक करें।

कच्चे तेल की कीमतें कई वर्षों के उच्चतम स्तर पर

ब्रेंट क्रूड में 8 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में शुक्रवार को तेज उछाल देखा गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान पर अगले 2-3 हफ्तों में संभावित सैन्य हमले की चेतावनी देने के बाद बाजार में सप्लाई को लेकर चिंता बढ़ गई है।

ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स 8 प्रतिशत बढ़कर 109.24 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जबकि यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) फ्यूचर्स 111.54 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा था।

सप्ताह के दौरान यूएस डब्ल्यूटीआई क्रूड में पिछले शुक्रवार के मुकाबले 11.94 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि ब्रेंट क्रूड में इसी अवधि

में 3.14 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष अब पांचवें हफ्ते में पहुंच गया है, जिससे वैश्विक बाजार से हर दिन लाखों बैरल तेल की सप्लाई प्रभावित हुई है।

इसके चलते ऊर्जा कीमतें कई साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं और होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) से गुजरने वाली सप्लाई पर निर्भर देशों में ईंधन की कमी भी देखने को मिल रही है। दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल की आपूर्ति इसी मार्ग से होती है।इस हफ्ते दिए गए अपने भाषण में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका आने वाले हफ्तों में ईरान पर 'बेहद कड़ा प्रहार' कर सकता है। हालांकि, उन्होंने इस अहम समुद्री मार्ग को दोबारा खोलने की कोई स्पष्ट योजना नहीं बताई और अन्य देशों से इसे सुचारू करने की जिम्मेदारी लेने को कहा।विश्लेषकों का कहना है कि अगर पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ता है, तो कच्चे तेल की कीमतों, भारतीय रुपए और उभरते बाजारों में विदेशी निवेश पर दबाव बना रह सकता है।विशेषज्ञों के मुताबिक, अगर स्थिति में सुधार होता है तो कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और करेंसी में स्थिरता आ सकती है, लेकिन तनाव बढ़ने पर बाजार में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और बढ़ेगी।कीमती धातुओं की बात करें तो कॉमेक्स गोल्ड फ्यूचर्स 0.48 प्रतिशत गिरकर 4,679.70 डॉलर पर ट्रेड कर रहा था, क्योंकि निवेशक अनिश्चितता के बीच सुरक्षित निवेश विकल्प तलाश रहे हैं।इस बीच, गुड फ्राइडे के कारण घरेलू कमोडिटी बाजार सुबह के सत्र में बंद रहे।

वहीं, पश्चिम एशिया के बढ़ते तनाव और करेंसी में उतार-चढ़ाव के चलते भारतीय शेयर बाजार लगातार छठे हफ्ते गिरावट के साथ बंद हुए, जहां दोनों प्रमुख बेंचमार्कों ङ्क सेंसेक्स और निफ्टी में कमजोरी रही।

मडिल ईस्ट संकट और घरेलू अव्यवस्थाओं से पाकिस्तान में गहराया बिजली संकट

नई दिल्ली। पाकिस्तान में ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अगले महीने से एलएनजी (एलएनजी) की आपूर्ति लगभग शून्य होने की आशंका है, जिससे कुल बिजली उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा प्रभावित होगा।

कराची स्थित बिजनेस रिकॉर्डर में प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक, एलएनजी की कमी से कुल बिजली उत्पादन का 20 प्रतिशत से अधिक हिस्सा प्रभावित होगा, जबकि कोयले की आपूर्ति पर दबाव के कारण करीब 30 प्रतिशत बिजली उत्पादन पर असर पड़ सकता है।

स्थिति से निपटने के लिए सरकार फर्नेस ऑयल का सहारा लेने पर मजबूर है, लेकिन इससे बिजली उत्पादन की लागत काफी बढ़ जाती है। गैस और कोयले के मुकाबले फर्नेस ऑयल से बिजली बनाना महंगा पड़ता है।

रिपोर्ट के अनुसार, सरकार रोजाना 2 से 3 घंटे की लोड शेडिंग, बिजली दरों में बढ़ोतरी और ऊर्जा बचत जैसे कदम उठाने की योजना बना रही है। हालांकि, इन उपायों की सफलता उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी।

विशेषज्ञों का कहना है कि बाजारों को जल्दी बंद करना और अधिक बिजली खपत वाली रोशनी पर प्रतिबंध जैसे सरल उपाय पहले भी असरदार साबित हुए हैं, लेकिन इन्हें मौजूदा रणनीति में प्राथमिकता नहीं दी गई है। इससे बोझ आम जनता और उद्योगों पर ज्यादा पड़ सकता है। रिपोर्ट में घरेलू कुप्रबंधन को भी संकट का बड़ा कारण बताया गया है। पाकिस्तान रेलवे और कोयला आधारित बिजली संयंत्रों के बीच विवाद के चलते 1500 से 1800 मेगावाट बिजली उत्पादन खतरे में है। कोयले के परिवहन में बाधाएं, वैगन लोडिंग में देरी और समन्वय की कमी ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। इससे न केवल अतिरिक्त लोड शेडिंग की आशंका बढ़ गई है, बल्कि महंगे ईंधन पर निर्भरता भी बढ़ रही है। वहीं, पाकिस्तान रेलवे को भी माल ढुलाई से होने वाली आय में नुकसान उठाना पड़ सकता है।

युद्ध के बीच डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा ऐलान

(तेहरान)बस कुछ समय और, हम आसानी से खोल सकते हैं होर्मुज स्ट्रेट

वॉशिंगटन/तेहरान। अमेरिकी राष्ट्रपति Donald Trump ने रणनीतिक रूप से बेहद अहम Strait of Hormuz को लेकर बड़ा बयान दिया है, जिससे पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि 'थोड़े और समय के बाद हम आसानी से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खोल सकते हैं, तेल ले सकते हैं और अच्छी कमाई कर सकते हैं।' यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका-इजरायल और ढ्ढह्म्ड्डठ्ठ के बीच जारी संघर्ष दूसरे महीने में प्रवेश कर चुका है। हालांकि ट्रंप प्रशासन लगातार यह दावा करता रहा है कि युद्ध जल्द खत्म हो जाएगा, लेकिन जमीनी हालात अभी भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। ऐसे में इस क्षेत्र में किसी भी तरह की सैन्य या राजनीतिक हलचल का सीधा असर अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार पर पड़ सकता है। ट्रंप के बयान को कई विश्लेषक ढ्ढह्म्ड्डठ्ठ पर दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देख रहे हैं। इस बीच ढ्ढह्म्ड्डठ्ठ ने भी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कड़ा रुख अपनाया है। खातम अल-अनबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता ने चेतावनी दी है कि यदि देश के पुलों, बिजली संयंत्रों या ऊर्जा ढांचे पर कोई हमला हुआ तो अमेरिका, इजरायल और उनके सहयोगी देशों के ठिकानों पर पहले से कहीं ज्यादा विनाशकारी जवाब दिया जाएगा।

आवाम के आगे झुकी शाहबाज सरकार

***रातों-रात 80 रुपये सस्ता हुआ पेट्रोल, 30 दिन तक बस का सफर भी हुआ फ्री**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आसमान छूती महंगाई और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी के खिलाफ सड़कों पर उतरी आवाम के आगे आखिरकार शाहबाज शरीफ सरकार को झुकना पड़ा है। भारी विरोध प्रदर्शनों और पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी कतारों के बाद पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल की कीमतों में 80 रुपये प्रति लीटर की भारी कटौती करने का ऐलान किया है। इस कटौती के बाद पाकिस्तान में पेट्रोल की नई कीमत 378 रुपये प्रति लीटर हो गई है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बताया कि यह राहत सरकार के पेट्रोलियम लेवी (टैक्स) में कटौती करके दी जा रही है।

दिलचस्प बात यह है कि सरकार ने यह फैसला पेट्रोल की कीमतों में 42.7 प्रतिशत का भारी इजाफा करते हुए इसे 485 रुपये प्रति लीटर करने के ठीक एक दिन बाद लिया है। पहले सरकार ने इस बढ़ोतरी का ठीकरा मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष और वैश्विक बाजार में तेल की बढ़ती कीमतों पर फोड़ा था। टेलीविजन पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि पेट्रोल की कीमतों में की गई यह कटौती कम से कम एक महीने तक लागू रहेगी। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा कि जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते, वह चैन से नहीं बैठेंगे। हालांकि, पेट्रोल पर राहत देने वाली सरकार ने डीजल की कीमतों में कोई कटौती नहीं की है। हाल ही में 54.9 प्रतिशत की भारी वृद्धि के बाद पाकिस्तान में डीजल अभी भी 520 रुपये प्रति लीटर के ऐतिहासिक उच्च स्तर पर बिक रहा है।

सिर्फ 3 गेंदबाज आईपीएल में ले सके हैं एक से ज्यादा हैट्रिक

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें सीजन की शुरुआत 28 मार्च से हो गई है। आईपीएल के इतिहास में अब तक गेंदबाजों ने कुल 23 हैट्रिक ली हैं। हालांकि, तीन गेंदबाज ऐसे भी रहे हैं, जिन्होंने इस लीग में एक से ज्यादा बार हैट्रिक लेने का कारनामा किया। युवराज सिंह- आईपीएल में अपनी तूफानी बल्लेबाजी के साथ-साथ युवराज सिंह गेंद से भी काफी प्रभावशाली रहे। साल 2009 में खेले गए सीजन में युवराज की घूमती गेंदों ने बल्लेबाजों को खासा परेशान किया था। पंजाब किंग्स की ओर से खेलते हुए युवराज ने आईपीएल 2009 में एक नहीं, बल्कि दो हैट्रिक ली थी। युवराज इंडियन प्रीमियर लीग के एक ही सीजन में दो हैट्रिक लेने वाले इकलौते गेंदबाज भी हैं। 1 मई, 2009 को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ खेले गए मुकाबले में युवराज ने लगातार तीन गेंदों पर रॉबिन उथप्पा, जैक कैलिस और मार्क बाउचर को आउट किया था।

जीत के बाद भी अभिषेक शर्मा पर गिरी गाज

कोलकाता। टी20 वर्ल्ड कप 2026 और आईपीएल के शुरुआती मैच में खामोश रहने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के स्टार ओपनर अभिषेक शर्मा आखिरकार अपने खूंखार अवतार में लौट आए हैं। गुरुवार को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उन्होंने एक विस्फोटक पारी खेलकर अपनी टीम को शानदार शुरुआत दिलाई और जीत की मजबूत नींव रखी। लेकिन, इस दमदार और मैच जिताऊ प्रदर्शन के बावजूद इस युवा खिलाड़ी को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। मैच खत्म होने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अनुशासनहीनता पर कड़ा प्रहार करते हुए इस स्टार खिलाड़ी की सैलरी में भारी कटौती का ऐलान कर दिया है। दरअसल, ईडन गार्डन्स के मैदान पर अभिषेक शर्मा जितने आक्रामक बल्ले से नजर आए, उनका बर्ताव भी उतना ही उग्र था और मैदान पर उनका यही गुस्सा उन पर भारी पड़ गया।

एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका पर भड़के ललित

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी एक बार फिर चर्चा में हैं। ललित मोदी ने आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मालिक संजीव गोयनका के खिलाफ विवादित टिप्पणी की है और बीसीसीआई से टीम को बैन करने की मांग की है।

ललित मोदी ने एक्स पर लिखा, मैंने आपसे कहा था कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मालिक संजीव गोयनका पूरी तरह से लूजर और सबसे बड़ा जोकर है। मैं उसके बर्ताव से सच में शर्मिंदा हूं। मैंने आईपीएल को फैंस और खिलाड़ियों दोनों के लिए बनाया था, न कि हर बार, हर साल ऐसा होने के लिए।

उन्होंने लिखा, अगर मैं अभी भी चेयरमैन और कमिश्नर होता, तो मैं उसे तुरंत बैन कर देता और टीम की ओनरशिप हमेशा के लिए छीन लेता।

देव डी की सिनेमाघरों में वापसी, अनुराग कश्यप बोले- ये मेरे गुस्से और विद्रोह की उपज

अनुराग कश्यप की बेहतरीन फिल्मों में शुमार देव डी एक बार फिर बड़े पर्दे पर लौट रही है। इस री-रिलीज के मौके पर निर्देशक अनुराग ने फिल्म से जुड़ी पुरानी यादें ताजा की हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने स्वीकार किया कि देव डी महज एक कहानी नहीं, बल्कि उस दौर में उनके भीतर चल रहे गुस्से और सिस्टम के खिलाफ विद्रोह का नतीजा थी। आइए जानें फिल्म दोबारा किस दिन सिनेमाघरों का रुख करेगी।

गैंग्स ऑफ वासेपुर (2012) से पहले देव डी (2009) ही वो फिल्म थी, जिसने अनुराग को बॉलीवुड में एक ताकतवर फिल्ममेकर के रूप में स्थापित किया था। एक कल्ट क्लासिक का दर्जा प्राप्त कर चुकी ये फिल्म अपनी रिलीज के 17 साल बाद अब 24 अप्रैल को दोबारा सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। अभय देओल, कल्कि कोचलिन और माही गिल अभिनीत ये फिल्म केवल कुछ चुनिंदा सिनेमाघरों में ही रिलीज होगी।

अनुराग ने बताया, जब मैंने देव डी बनाई तो ये मेरे भीतर के विद्रोह से उपजी थी। वो देवदास के पुराने रूमानी संस्करण को तोड़ना चाहते थे। उनका उद्देश्य देवदास की स्त्री-द्वेषी सोच को चुनौती देना था। उन्होंने पारो और चंदा के किरदारों को मौजूदा दौर के हिसाब से गढ़ा, जहां पारो के पास अपनी इच्छा और गुस्सा है, और चंदा त्याग की मूर्ति नहीं, बल्कि खुद को फिर से गढ़ने वाली एक मजबूत महिला है।अनुराग ने बताया कि वो एक ऐसी कहानी को, जो दुखद रोमांस में डूबी थी, आज के अराजक भारत की वास्तविकता में लाना चाहते थे। फिल्म के अंत को लेकर उन्होंने कहा कि वो इसे कोई सुखंद अंत नहीं देना चाहते थे, बल्कि दर्शकों को असहज करना चाहते थे, ताकि वे माफी और जवाबदेही के बारे में सोचें। अनुराग के अनुसार, अंत में देव कोई बहुत अच्छा इंसान नहीं बनता, बस उसे जीवन की नाजुकता का एहसास होता है। फिल्म की री-रिलीज पर अनुराग उत्सुक हैं कि नई पीढ़ी फिल्म और इसके संगीत पर कैसी प्रतिक्रिया देती है।

देव डी शरत चंद्र चट्टोपाध्याय के प्रसिद्ध बंगाली उपन्यास देवदास का आधुनिक रूपांतरण था। इस फिल्म में अभय देओल ने देव, माही गिल ने पारो और कल्कि ने चंदा का किरदार निभाया। कल्कि ने इसी फिल्म से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने फिल्म के गाने इमोशनल अत्याचार में बैंड गायक के रूप में मनोरंजक कैमियो किया था।

धुरंधर की सफलता के बाद अब बादशाह की सवारी करेंगी सौम्या टंडन, शुरू की घुड़सवारी

अभिनेत्री सौम्या टंडन इन दिनों स्पाई एक्शन फिल्म धुरंधर- द रिवेंज को लेकर सुर्खियों में छाई हैं। इस बीच, अभिनेत्री ने अपने नए शौक का खुलासा किया और बताया कि उन्होंने उसकी ट्रेनिंग भी शुरू कर दी हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया कि उन्हें घुड़सवारी का काफी शौक था, जिसकी उन्होंने ट्रेनिंग शुरू कर दी है। फिल्म की सफलता के बाद सौम्या अब अपनी नई रुचि पर फोकस कर रही हैं। घुड़सवारी उनके लिए न सिर्फ नया शौक है बल्कि एक सपने को पूरा करने की दिशा में पहला कदम भी है।

सौम्या ने कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। इसमें वे घोड़ों के साथ नजर आ रही हैं। वहीं, कुछ तस्वीरों में वे घुड़सवारी सीखते हुए भी दिख रही हैं।

सौम्या ने लिखा, पहला दिन और पहली घुड़सवारी की क्लास।

अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें बचपन से ही घोड़े बहुत पसंद रहे हैं। उन्होंने लिखा, घोड़े बहुत सुंदर और नाजुक जानवर होते हैं। मैं हमेशा उनसे आकर्षित रही हूं। मैं बचपन में एक बड़े फार्म का सपना देखती थी, जहां खूबसूरत घोड़े और कुत्ते हों। मैं खुद उन घोड़ों पर सवारी करते हुए खुद को देखती थी।सौम्या ने लिखा, पहला दिन थोड़ा मुश्किल रहा, लेकिन मैंने घुड़सवारी सीखना शुरू कर दिया है, तो पहला दिन काफी खतरनाक और थकाऊ था। मेरी पीठ में दर्द हो रहा है, लेकिन इस क्लास में मुझे एक नया दोस्त मिल गया। वह दोस्त है एक सुंदर सफेद घोड़ा, जिसका नाम बादशाह' है।

सौम्या ने मजाकिया अंदाज में बताते हुए लिखा, मैंने बादशाह से बहुत बातें कीं। सच कहूं तो वह बहुत अच्छा सुनने वाला था या शायद उसके पास और कोई चारा नहीं था, लेकिन उसने मेरी सारी बातें ध्यान से सुनीं। मुझे लगता है कि हमारे बीच एक खास कनेक्शन बन गया है। हम अच्छे दोस्त बन गए हैं।अंत में सौम्या ने लिखा, फिर मिलेंगे बादशाह, जल्दी ही। उम्मीद है एक दिन हम साथ में घोड़ी चलाएंगे और तेज दौड़ लगाएंगे।

छत्तीसगढ़ की सीमाएं असुरक्षित, लगातार बढ़ी तस्करी की घटनाएं, बार्डर इलाकों में कहीं सिंडिकेट तो नहीं चल रहा?

बॉर्डर' बना ब्लैक रूट, सिस्टम पूरी तरह म्यूट!

नवप्रदेश पड़ताल

छत्तीसगढ़ के जिम्मेदार अधिकारी राज्य की सीमाओं पर लगातार सख्त चौकसी का दावा करते थकते नहीं हैं। दावा शायद कागजों पर सच भी हो, लेकिन हकीकत यह है कि राज्य की सीमाएं अब तस्करों के लिए खुला बाजार और ब्लैक रूट बन चुकी हैं, जबकि पूरा सिस्टम इस पर चुप्पी साधे बैठा है। धान खरीदी के सीजन में तस्करी का खेल पूरी बेखौफी से चलता है। कुछ तस्कर पकड़े जाते हैं, लेकिन तस्करी के आंकड़े देखकर लगता है कि कई करोड़ रुपये का धान बिना किसी रोक-टोक के आसानी से खप गया होगा। आंकड़े से साफ दिखता है कि छत्तीसगढ़ की सीमाएं तस्करों के लिए लगभग खुली छूट का इलाका बन गई हैं। इस मामले में महासमुंद जिला सबसे बदनाम रहा, जहां राज्य में सबसे ज्यादा तस्करी के मामले पकड़े गए। बलौदाबाजार, बलरामपुर, राजनांदगांव, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी, धमतरी, कवर्धा और बस्तर के रास्ते भी धान तस्करों के पसंदीदा गलियारे बन चुके हैं। छत्तीसगढ़ में धान और किसान का मुद्दा हमेशा से अत्यंत संवेदनशील रहा है। इसी मुद्दे पर सरकारें बनती और गिरती रही हैं। जब कांग्रेस सत्ता में थी, भाजपा ने इसे मुद्दा बनाकर सरकार को घेरा। अब भाजपा सत्ता में है, तो कांग्रेस उसी किसान और धान तस्करी के मुद्दे पर उसे कठघरे में खड़ा कर रही है। फिर भी आंकड़े बेरहम सच्चाई बयान कर रहे हैं — छत्तीसगढ़ की सीमाओं पर अभी भी सुरक्षा की घोर दरकार है। सिस्टम की इस लापरवाही और चुप्पी को अब और सहन नहीं किया जा सकता।

400 प्रकरण दर्ज, 16 जांच चौकियों के बावजूद जारी अवैध कारोबार, जंगल और कच्चे रास्तों से हो रही तस्करी

ओडिशा सीमा से महासमुंद में धान तस्करी का जाल, 1.70 लाख क्विंटल जब्ती के साथ जिला बना प्रदेश में नंबर-1

जयदेव सिंह/महासमुंद

ओडिशा सीमा से लगे महासमुंद जिले में धान तस्करी का नेटवर्क लगातार मजबूत होता जा रहा है। बड़े पैमाने पर ओडिशा का धान सीमा पार कर स्थानीय किसानों के माध्यम से सोसायटियों में खपाया जाता है। शासन द्वारा तय मानकों के तहत खरीफ सीजन में धान खरीदी की व्यवस्था होने के बावजूद तस्कर सिस्टम की कमजोर कड़ी का फायदा उठाकर इस काले कारोबार को अंजाम दे रहे हैं।

हर साल तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए जिले में 16 जांच चौकियां स्थापित की जाती है, लेकिन इसके बावजूद अवैध धान का परिवहन और भंडारण बेधड़क जारी रहता है। आंकड़ों के अनुसार, महासमुंद जिले में इस खरीफ सीजन के दौरान अवैध धान से जुड़े 400 प्रकरण दर्ज किए गए और करीब 1 लाख 70 हजार क्विंटल धान जब्त किया गया। यह आंकड़ा प्रदेश के 33 जिलों की तुलना में सबसे अधिक है।

खरीदी में भी अव्वल, लेकिन तस्करी ने बढ़ाई चुनौती: खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 10,00,187.16 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। हालांकि यह पिछले वर्ष 2024-25 की तुलना में 9.43 प्रतिशत कम है। जिले में पंजीकृत 1,60,118 किसानों में से 92.69 प्रतिशत किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचा, जो राज्य औसत से अधिक है।

जंगल और कच्चे रास्ते बने तस्करी के मार्ग

धान तस्कर मुख्य सड़कों से बचते हुए जंगल और कच्चे रास्तों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कोमाखान थाना क्षेत्र के टेमरी,भालूकोना जंगल, द्वारतरा, केंदूबाहरा, खैरटकला, साल्हेभाठा जैसे इलाकों के जरिए धान जिले में लाकर सीमावर्ती गांवों में किसानों के पास डंप किया जाता है। सिंघोड़ा के रेहटीखोल चेक पोस्ट और सिरपुर मार्ग तस्करी के प्रमुख रास्ते बने हुए हैं। दिसंबर में सिरपुर में एक ही दिन 7 पिकअप वाहन पकड़े जाने से स्थिति की गंभीरता स्पष्ट होती है।

प्रशासन के पास तस्करों की पूरी जानकारी, फिर भी जारी खेल

जिला प्रशासन के पास तस्करों की पूरी कुंडली होने के बावजूद इस पर पूरी तरह रोक नहीं लग पा रही है। बीते खरीफ सीजन में सरायपाली क्षेत्र के 14 तस्करों को नोटिस जारी कर समझाइश दी गई, लेकिन इसके बाद भी तस्करी जारी रही। एक मामले में 345 क्विंटल धान जब्त कर एफआईआर दर्ज की गई।

किसानों की भूमिका अहम, कमीशन का खुला खेल

इस अवैध कारोबार में कुछ किसानों की भी अहम भूमिका है। तस्कर पहले से ही किसानों के रकबे की जानकारी जुटाकर उनसे सौदा तय करते हैं। इसके बाद ओडिशा से धान मंगाकर उन्हीं किसानों के जरिए सोसायटियों में खपाया जाता है। बदले में किसानों को कमीशन दिया जाता है।

पिछले साल से कई गुना ज्यादा कार्रवाई

पिछले वर्ष जहां 184 प्रकरणों में 12,828 क्विंटल धान जब्त हुआ था, वहीं इस साल 400 मामलों में 1.70 लाख क्विंटल धान जब्त किया गया। हालांकि सूत्रों का दावा है कि पकड़ा गया धान कुल तस्करी का मात्र 10 प्रतिशत ही है। महासमुंद जिले में धान खरीदी के साथ-साथ तस्करी का बढ़ता नेटवर्क प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। जांच चौकियों और सख्ती के बावजूद तस्कर नए-नए रास्ते अपनाकर सरकारी व्यवस्था में सेंध लगा रहे हैं। ऐसे में आने वाले खरीफ सीजन में अब और सख्त निगरानी और जमीनी कार्रवाई की जरूरत महसूस की जा रही है।

जिलेवार धान की जब्ती रिपोर्ट (खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति)

अवधि: 01/11/2025 से 02/02/2026

क्र.सं.	जिला नाम	धान प्रकरण	पीवी जब्ती प्रकरण	कुल मात्रा (क्विंटल)	मालिक को सुपुर्द (क्विंटल)	पुलिस/अन्य को सुपुर्द (क्विंटल)
1	महासमुंद	400	48	170044.57	146257.58	21549.79
2	बिलासपुर	77	6	136681.6	133335	2426.6
3	रायगढ़	163	31	136612.4	67872.4	68474.8
4	जांजगीर-चांपा	110	4	133418.8	133224.8	194
5	सक्ती	110	8	115260.2	65251	765.2
6	धमतरी	121	11	47073.7	47020.1	53.6
7	राजनांदगांव	176	22	35633.6	29561.35	6072.25
8	एमसीबी	127	0	27466.83	1567.44	25899.39
9	सूरजपुर	88	0	23640.1	8159.4	1773.7
10	सारंगढ़-बिलाईगढ़	92	0	23498.71	22037.31	1461.4
11	बलरामपुर	142	14	20851.29	8250.37	7165.72
12	कवर्धा	125	0	13750.6	9034.2	4716.4
13	बेमेतरा	137	2	13420.1	12463.3	956.8
14	जशपुर	134	0	9369.8	4299.35	5070.45
15	बलौदाबाजार	210	0	9057.72	2915.2	6100.02
16	गौरेला-पेंड्रा-मरवाही	86	0	6399.9	2795.7	3549.4
17	बस्तर	52	0	6074.55	4326	1646.15
18	बालोद	65	0	5585.48	0	5585.48
19	दुर्ग	64	2	4872	3123.6	1249
20	रायपुर	63	10	4059	4039	20
21	गरियाबंद	62	1	3650.6	417.6	3233
22	खैरागढ़-छुईखदान-गंडई	68	0	3481.1	2084.6	1396.5
23	मोहला-मानपुर-चौकी	52	0	3367.25	715.8	2341.85
24	सरगुजा	51	0	3189.2	3071.6	0
25	कोरिया	65	1	3158.4	1804.2	1192.2
26	कोरबा	105	0	2996.4	2891.6	104.8
27	मुंगेली	91	0	2542.8	1976	566.8
28	कांकेर	61	0	1888	1410	478
29	बीजापुर	7	0	1842	157	1685
30	कोंडागांव	24	0	1827.23	418.33	1408.9
31	सुकमा	20	0	1027.4	280	747.4
32	दंतेवाड़ा	10	0	445	445	0
33	नारायणपुर	6	0	323.34	323.34	0

बलरामपुर जिले में बिचौलियों का 11,300 क्विंटल धान और 48 वाहन जब्त किए थे

धान की अनुमानित कीमत 3.5 करोड़ रुपये आंकी गई थी

बलरामपुर/नवप्रदेश। उत्तर प्रदेश , झारखंड और मध्यप्रदेश की सीमा से लगे छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में इस वर्ष अभी तक बिचौलियों का 11,300 क्विंटल धान तथा 48 वाहन जब्त किया गया था। सरकारी समर्थन मूल्य के हिसाब से जब्त धान की अनुमानित कीमत लगभग तीन करोड़ 50 लाख रुपए आंकी गई थी।

जब्ती नहीं होने पर यह धान उपार्जन केंद्रों में बिक्री कर दिया जाता, इससे बिचौलिए अतिरिक्त लाभ कमाते और सरकार को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता। बता दें कि झारखंड में 2450 रुपये प्रति क्विंटल तथा उत्तर प्रदेश में 2369 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था है, जबकि छत्तीसगढ़ में 3100 रुपये प्रति क्विंटल के दर से सरकार धान की खरीदी करती है। छत्तीसगढ़ में प्रति क्विंटल लगभग 700 रुपये अधिक दर मिलने के कारण उत्तर प्रदेश और झारखंड का धान यहां खपाने का प्रयास किया गया, जिसे प्रशासन की सजगता से रोका गया। लेकिन सबसे बड़ा सवाल है कि इतनी सख्ती के बाद भी धान कैसे पहुंच रहा था। यह तो पकड़े गए मामले है, लेकिन कई अंदरूनी रास्ते भी हैं, जिससे धान को छत्तीसगढ़ में खपाया गया है।

जांच में 11,300 क्विंटल धान और 48 वाहन जब्त किए गए

धान की अनुमानित कीमत लगभग 3.5 करोड़ रुपये बताई गई

रिश्तेदारी से व्यवसायिक लाभ उठाने का प्रयास

उत्तर प्रदेश के सोनभद्र और झारखंड के गढ़वा जिले के व्यापारियों की रिश्तेदारी बलरामपुर जिले में है। यह रिश्तेदारी भी धान तस्करी में सहायक साबित होती है। उत्तर प्रदेश और झारखंड में कम दाम में धान की खरीदी कर वे लोग बलरामपुर जिले में रहने वाले रिश्तेदारों के नाम पर धान बिक्री करवा देते हैं।

छत्तीसगढ़ के प्रमुख बॉर्डर और जांच चौकियां

छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा पर परिवहन विभाग और पुलिस द्वारा वाहनों की जांच के लिए कई महत्वपूर्ण बॉर्डर जांच चौकियां संचालित की जाती हैं। मुख्य जांच चौकियों के नाम इस प्रकार हैं-

- **राजनांदगांव जिला (महाराष्ट्र बॉर्डर):** पटेकोहरा, छोटे मानपुर, मानपुर और चिचोला - चिचोला मुख्य महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित है।
- **कबीरधाम जिला (मध्य प्रदेश बॉर्डर):** चिल्फी - यह अमरकंटक/जबलपुर मार्ग पर स्थित है।
- **महासमुंद जिला (ओडिशा बॉर्डर):** खम्हारपाली और बागबाहरा
- **बिलासपुर जिला:** केवची
- **बलरामपुर जिला (झारखंड/उत्तर प्रदेश बॉर्डर):** धनवार और रामानुजगंज ।
- **कोरिया जिला:** घुरिटोला और चंटी
- **रायगढ़ जिला (ओडिशा बॉर्डर):** रेंगारपाली
- **जशपुर जिला:** शंख और लावाकेरा
- **सुकमा जिला (आंध्र प्रदेश/तेलंगाना बॉर्डर):** कोंटा
- **जगदलपुर/बस्तर जिला:** धनपुंजी
- कोंडागांव जिला से ओडिशा के नवरंगपुर के लिए सड़क

कोंडागांव जिले की ओडिशा सीमा बन गई है तस्करी का हॉटस्पॉट

महफूज अली/कोंडागांव

छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले की सीमा ओडिशा राज्य से लगती है। यह सीमा क्षेत्र पिछले कई दशकों से गांजा तस्करी का प्रमुख रूट बन चुका है। ओडिशा से कोंडागांव होते हुए बस्तर, रायपुर, कवर्धा और चिल्फी की ओर जाने वाले रास्ते तस्करों द्वारा बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किए जा रहे हैं। यहां से गांजा की खेप न सिर्फ छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में, बल्कि मुंबई, रायपुर और अन्य राज्यों तक पहुंचाई जा रही है।

पुलिस की सख्त निगरानी और कई बड़ी कार्रवाइयों के बावजूद तस्कर लगातार इस मार्ग का फायदा उठा रहे हैं। केशकाल थाना पुलिस को मुखबिरों से मिली सूचनाओं के आधार पर कई बार बड़ी सफलता मिली है, लेकिन तस्करों की हिम्मत नहीं टूट रही। हाल ही में केशकाल पुलिस ने एक फिल्मी अंदाज में तस्कर को पकड़ा। बेरियर तोड़कर भाग रहे तस्कर का पुलिस ने जंगल में पीछा किया और उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से डेढ़ क्विंटल गांजा बरामद किया गया।

इसके अलावा कोंडागांव जिले से गुजरकर कवर्धा पहुंचे कई तस्कर भी पकड़े जा चुके हैं। फरसगांव का एक स्थानीय व्यक्ति भी तस्करी के बड़े नेटवर्क में शामिल था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया, जिसके ओडिशा और आंध्र प्रदेश से गांजा लाकर मुंबई तक सप्लाई करने का खुलासा हुआ। इस मामले में उसके बॉलीवुड से भी कथित लिंक सामने आए थे। वह वर्तमान में जेल में बंद है।

वैकल्पि रूट अभी भी बड़ी चुनौती

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए सीमा क्षेत्र में निगरानी और बढ़ाई जाएगी। साथ ही स्थानीय लोगों को जागरूक करने और मुखबिरों के नेटवर्क को और मजबूत करने की योजना है। हालांकि, तस्करों के संगठित नेटवर्क और वैकल्पिक रूटों के कारण चुनौती बनी हुई है।

स्थानीय लोगों की मदद ले रहे तस्कर

पुलिस के अनुसार, ओडिशा से आने वाली गांजा की खेप कोंडागांव जिले के घने जंगलों और ग्रामीण इलाकों का रास्ता अपनाकर आगे बढ़ती है। सीमा पर चौकसी बढ़ाए जाने के बावजूद तस्कर वैकल्पिक रास्तों, रात के अंधेरे और स्थानीय सहयोगियों की मदद से पुलिस की नाकेबंदी को चकमा देने में कामयाब हो रहे हैं। कई मामलों में बड़े-बड़े वाहनों में छिपाकर गांजा ले जाया जाता है।

गांजे की खेती का हुआ था खुलासा

कोंडागांव जिले में हाल ही में एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस को एक खेत में गांजा की खेती का पता चला। छत्तीसगढ़ में अफीम की खेती के साथ-साथ गांजा की खेती भी शुरू होने के संकेत मिले हैं। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है और जिले भर में ऐसी अवैध खेती की तलाश में छानबीन तेज कर दी है। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और जब्त गांजा को नष्ट किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com